दैनिक

# विनय उजाला

इंदौर, भोपाल, उज्जैन, अलीराजपुर से एक साथ प्रकाशित

मूल्य ₹ 3.00

RNI. Reg. MPHIN/2013/52154

भोपाल

शुक्रवार, 04 अप्रैल 2025

चैत्र शुक्ल पक्ष – 07

वर्ष : 12 | अंक : 266

कुल पृष्ठ : 12




श्रेयस-अक्षर की टीमों का दबदबा... 11

न डरते हैं, न डराते हैं, सच सामने लाते हैं..!

### मुख्यमंत्री ने कुशल वित्तीय प्रबंधन के संबंध में विचार व्यक्त किए

# कुशल प्रबंधन से औद्योगिक गतिविधियों और जन हितैषी कार्यों का विस्तार

विनय उजाला

**भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश में डबल इंजन की सरकार जनहितैषी संकल्पों के साथ अग्रसर है। उद्योग-व्यापार से लेकर खेलों तक राज्य में विकास के नए कीर्तिमान स्थापित किए जा रहे हैं। केंद्र सरकार के मार्गदर्शन और नीति आयोग के निर्देशों के अनुरूप प्रत्येक विभाग में सुशासन के मूल भाव के साथ गतिविधियों की मॉनिटरिंग जारी है।**

राज्य सरकार के हर विभाग ने अपने-अपने क्षेत्र में श्रेष्ठतम कार्य करने का संकल्प लिया है। राज्य सरकार कुशल वित्तीय प्रबंधन के आधार पर अपनी पुरानी देनदारी चुका कर, नई दृष्टि से विकास के पैमानों पर आगे बढ़ रही है। विकास के साथ औद्योगिक गतिविधियों और जन हितैषी



कार्यों का विस्तार इन्हीं दृढ़संकल्पों की परिणीति है। राज्य सरकार, प्रदेशवासी और अधिकारी-कर्मचारी एकजुट होकर एक भावना के साथ प्रगति पर अग्रसर हों, इसी मंशा के साथ हम आगे बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार ने इस वर्ष बजट में कोई नया टैक्स नहीं लगाया, बावजूद इसके गत वर्ष की तुलना में बजट में 16 प्रतिशत की वृद्धि की गई। कुशल वित्तीय प्रबंधन और सभी के सहयोग से सरकार हर क्षेत्र में अपने तय लक्ष्यों को प्राप्त कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीडिया को जारी संदेश में यह विचार व्यक्त किए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि राज्य सरकार ने शासकीय कर्मचारियों के हित में लगभग 10-15 वर्ष तक पुराने भत्तों की राशि बढ़ाने का निर्णय लिया है। इसके लिए वर्ष 2025-26 के बजट में राशि आवंटित की गई है, जिससे सरकार पर करीब 1500 करोड़ रुपए का व्यय भार आएगा। उन्होंने कहा कि सरकार कुशल वित्तीय प्रबंधन के आधार पर ही अपने अधिकारी-कर्मचारियों की बेहतरी का ध्यान रख पा रही है। उन्होंने कहा कि विकास और जनकल्याण के क्षेत्र में प्रदेश को प्राप्त हो रही उपलब्धियों का श्रेय अधिकारी-कर्मचारियों को जाता है।

## पुरानी देनदारी चुकाने का कार्य किया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि पूरे देश में मध्यप्रदेश एकमात्र ऐसा राज्य है, जिसने अपनी 7-8 साल पुरानी सारी देनदारी चुकाने का कार्य किया। हमारी सरकार ने एमएसएमई और हैवी इंडस्ट्रीज सहित सभी प्रकार की इकाइयों को गत एक वर्ष में लगभग 5 हजार 225 करोड़ रुपए की राशि देने का काम किया है। हमारी सरकार नवीन पहलों के माध्यम से उद्योगों के लिए निरंतर सकारात्मक वातावरण बना रही है। राज्य सरकार विकास के लिए प्रदेश से जुड़ने वाले उद्योगों से किये गये अपने सभी संकल्पों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कुशल वित्तीय प्रबंधन के आधार पर सभी केंद्रीय कोयला कंपनियों की देनदारियों का शत-प्रतिशत भुगतान कर दिया है। जेनरेशन कंपनी के चारों ताप विद्युत गृहों के कुशल प्रबंधन के फलस्वरूप अब तक का सर्वाधिक 11.73 लाख मैट्रिक टन कोयले का भंडारण किया गया है। ताप विद्युत गृहों में उपयोग के लिए कोयला भंडारण का अग्रिम भुगतान भी सरकार की ओर से किया जा चुका है।

# सुप्रीम कोर्ट के जज संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक करेंगे

नई दिल्ली (हि.स.)

**ज्यूडिशियरी में ट्रांसपेरेंसी और जनता का भरोसा बनाए रखने के लिए सुप्रीम कोर्ट के सभी जजों ने पदभार ग्रहण करने के दौरान ही अपनी संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक करने का फैसला किया है। 1 अप्रैल को हुई फुल कोर्ट मीटिंग में सभी 34 जजों ने चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया संजीव खन्ना की मौजूदगी में अपनी संपत्ति का खुलासा करने का फैसला लिया है।**

जजों ने यह भी कहा कि संपत्तियों से जुड़ी डिटेल सुप्रीम कोर्ट की ऑफिशियल वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी। हालांकि वेबसाइट पर संपत्ति की घोषणा स्वैच्छिक होगी। सुप्रीम कोर्ट में जजों की निर्धारित संख्या 34 है। फिलहाल यहां 33 जज हैं, एक पद खाली है। इनमें से 30 जजों ने अपनी संपत्ति का घोषणा-पत्र कोर्ट में दे दिया है। हालांकि इन्हें सार्वजनिक नहीं किया गया है।

यह फैसला दिल्ली हाईकोर्ट के जज यशवंत वर्मा के घर से कैश मिलने के विवाद के बाद लिया गया है। जस्टिस वर्मा के सरकारी बंगले में 14 मार्च को आग लगी थी। फायर सर्विस टीम को वहां अधजले नोट मिले थे।

## संक्षिप्त समाचार

### राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि मामले में नहीं पहुंचे गवाह

**सुलतानपुर, (हि.स.)।** विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि मामले में सुनवाई टल गई है। परिवादी की ओर से गुरुवार को गवाह नहीं आने पर सुनवाई नहीं हो सकी। एमपीएमएलए कोर्ट ने इस मामले में सुनवाई के लिए 15 अप्रैल की तिथि निर्धारित की है। कोतवाली देहात के हनुमानगंज निवासी व भाजपा नेता विजय मिश्रा ने वर्ष 2018 में राहुल गांधी के विरुद्ध मानहानि का परिवाद कोर्ट में दर्ज कराया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि 2018 में कर्नाटक चुनाव के दौरान राहुल गांधी ने अभद्र टिप्पणी की थी, जिससे वे आहत हैं। कोर्ट में पांच साल लंबी प्रक्रिया चली, राहुल गांधी हाजिर नहीं हुए तो दिसंबर 2023 में तत्कालीन जज ने वारंट जारी कर उन्हें तलब किया था। फरवरी 2024 को राहुल गांधी ने कोर्ट में सरेंडर किया। विशेष मजिस्ट्रेट ने उन्हें जमानत दी।

### बंगाल में 25,753 शिक्षकों की बर्खास्तगी का आदेश बरकरार

नई दिल्ली (हि.स.)। सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल के स्कूल भर्ती घोटाले से जुड़े कोलकाता हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखा है। पश्चिम बंगाल में स्स्ष्ट ने 2016 में 25 हजार शिक्षकों और गैर-शिक्षकों को नियुक्ति की थी। हाईकोर्ट ने इन नियुक्तियों को अवैध करार देते हुए कर्मचारियों को बर्खास्त किया था। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट की जांच को सही माना और कहा कि पूरी प्रक्रिया में धोखाधड़ी की गई। इसमें सुधार की कोई गुंजाइश नहीं है। मामले पर सुप्रीम कोर्ट में चीफ जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की बेंच ने सुनवाई की। शीर्ष कोर्ट में हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ याचिकाएं दायर की गई थीं। इसके साथ ही सीबीआई जांच के कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर 4 अप्रैल को सुनवाई करेगी।

### सुप्रीम कोर्ट ने पटाखों पर बैन हटाने से किया इनकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में पटाखों के निर्माण, भंडारण और बिक्री पर लगे प्रतिबंध को हटाने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि लंबे समय से यहां वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर पर बना हुआ है। मामले की सुनवाई के दौरान जस्टिस अभय एस ओका और उज्जल भुइंया की बेंच ने कहा कि सड़कों पर काम करने वाले लोग सबसे ज्यादा प्रदूषण से प्रभावित होते हैं। हर किसी के पास अपने घर या कार्यस्थल पर वायु शुद्धिकरण यंत्र लगाने की सुविधा नहीं होती। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि, पिछले छह महीनों में इस अदालत ने कई आदेश दिए हैं, जो दिखाते हैं कि दिल्ली में वायु प्रदूषण की स्थिति बहुत खराब रही है। संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत स्वास्थ्य का अधिकार हर नागरिक का हक है, जिसमें स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त वातावरण में जीने का अधिकार भी शामिल है।

### लोकसभा के बाद राज्य सभा में पेश हुआ वक्फ संशोधन बिल

# बिल पर खूब चली तकरार

नई दिल्ली

**वक्फ संशोधन बिल बुधवार को लोकसभा में पास होने के बाद गुरुवार को राज्यसभा में पेश किया गया। दोपहर 1 बजे से देर रात तक चर्चा जारी रही। बीजू जनता दल ( बीजेडी ) ने वक्फ बिल पर कहा है कि पार्टी ने अपने सांसदों को कोई व्हिप जारी नहीं किया है। सांसद अपनी अंतरात्मा की सुने और वक्फ बिल पर फैसला लें।**

वहीं, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने वक्फ बिल पर विपक्ष के रुख को लेकर निशाना साधा। नड्डा ने कहा- हमने कांग्रेस नेतृत्व वाली यूपीए सरकार की तुलना में वक्फ बिल को लेकर कहीं ज्यादा गंभीरता दिखाई। यह बिल पार्टी इंट्रेस्ट का नहीं है, यह नेशनल इंट्रेस्ट का विषय है। इसलिए मुद्दे पर चर्चा करनी चाहिए। विषय को डिरेल नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बिल में कहीं राम मंदिर आ रहा है। कहीं कुंभ मेला दिख रहा है। बिहार का इलेक्शन दिख रहा। कहीं एअर इंडिया बिक गया। कहीं केरला का सिनेमा आ गया। ये सब चर्चा को डिरेल करने की कोशिश है।

अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि व्यापक चर्चा के बाद तैयार किए गए बिल को जेपीसी के पास भेज दिया गया था। वक्फ को लेकर जेपीसी ने जितना काम किया, उतना काम किसी कमेटी ने नहीं किया। इससे पहले बुधवार देर रात तक चर्चा के बाद इस बिल को लोकसभा से पारित कर दिया गया।



### बीजेडी का यू-टर्न

### पहले विरोध; अब सांसदों को अपने मन से वोटिंग की छूट

बीजू जनता दल (बीजेडी) ने वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 पर अपने रुख में बदलाव करते हुए गुरुवार को बड़ा ऐलान किया। पार्टी ने इस मुद्दे पर अपने सांसदों को स्वतंत्र रूप से फैसला लेने की छूट दी है। एक दिन पहले ही बीजेडी ने कहा था कि उसके सभी राज्यसभा सांसद इस बिल का विरोध करेंगे। राज्यसभा में चर्चा के दौरान बीजेडी सांसदों ने बिल के विरोध में अपनी दलील भी दी थी।

### जेपी नड्डा ने कांग्रेस पर साधा निशाना

सदन के नेता जेपी नड्डा ने राज्यसभा में कहा- प्रधानमंत्री मोदी जी सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के साथ चले हैं। हमें वोटबैंक की राजनीति से बाहर निकल करके देशहित की बात करने की जरूरत है। मैं जानना चाहता हूं, कि पिछले 70 साल किन लोगों ने उन्हें डरा कर रखा है। आपने 70 साल का परीक्षण करके देख लिया, बांट-बांट कर देख लिया। 2013 में संशोधन के बाद भी आप विपक्ष में बैठ गए हैं। हम पर आरोप लगाए जा रहे हैं कि, हमने वक्फ बोर्ड पर हाथ डाल दिया। ये एक तरीके से हमारे को कब्जे में लेने की बात है।

**कांग्रेस सांसद मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा...**

### माइनॉरिटीज को तंग करने के लिए ये बिल लाया गया



राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष कांग्रेस सांसद मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- मेरी किस्मत अच्छी है कि मुझे सुनने के लिए गृहमंत्री भी है, लेकिन गुफ्तगु कर रहे हैं। वक्फ बिल के बारे में सारे देश में ऐसा माहौल बना है कि माइनॉरिटीज को तंग करने के लिए ये बिल लाया गया है। ऐसा कोई बहुत से बदलाव अगर 1995 के एक्ट से होते तो हम मान लेते। जो वहां है वो इसमें डाल दिया। जो नहीं डालना चाहिए वो भी डाल दिया।

**लालू प्रसाद बोले...**

### अफसोस मैं सदन में नहीं हूं, अकेला ही काफी था



लालू प्रसाद यादव ने कहा कि, संघी-भाजपाई नादानों, तुम मुसलमानों की जमीनें हड़पना चाहते हो, लेकिन हमने सदा वक्फ की जमीनें बचाने के लिए कड़ा कानून बनाया है और बनवाने में मदद की है। मुझे अफसोस है कि अल्पसंख्यकों, गरीबों, मुसलमानों और संविधान पर चोट करने वाले इस कठिन दौर में संसद में नहीं हूं, अन्यथा अकेला ही काफी था।



### गुजरात फैक्ट्री ब्लास्ट

# नेमावर घाट पर एक साथ जलीं 18 चिताएं

नेमावर

गुजरात के बनासकांठा स्थित पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट से 20 लोगों की मौत हो गई। इनमें 5 से 8 साल तक के बच्चे भी हैं। ये सभी मध्यप्रदेश के हरदा और देवास जिले के रहने वाले थे। देवास के नेमावर घाट पर आज गुरुवार को 18 शवों का एक साथ अंतिम संस्कार किया गया। बाकी दो शवों की पहचान के लिए डीएनए टेस्ट किया गया। इनमें से एक की पहचान लक्ष्मीबेन अनिल भाई नायक, उम्र- 50 साल, हंडिया, जिला हरदा के रूप में हुई है। एक शव की पहचान बाकी है। ये शव अभी गुजरात में ही हैं।

### प्रशासन ने करवाया अंतिम संस्कार

ब्लास्ट में जान गंवाने वाले 18 लोगों का एक साथ अंतिम संस्कार किया गया। नर्मदा घाट (नेमावर) पर शवों को मुखाग्नि दी गई। देवास के 9 मजदूरों के शव पहले उनके पैतृक गांव संदलपुर पहुंचे। ठेकेदार का शव खातेगांव पहुंचा। अंतिम दर्शन के बाद सभी शवों को नेमावर घाट लाया गया। वहीं, हरदा के हंडिया के लोगों के शव गुजरात से सीधे नेमावर घाट लाए गए। स्थानीय प्रशासन और पुलिस के अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे। पूरे इलाके में मातम का माहौल है। स्थानीय लोगों की आंखें नम हैं।

बनासकांठा के नजदीक डीसा में मंगलवार सुबह 8 बजे पटाखा फैक्ट्री में बॉयलर फट गया था। धमाका इतना भीषण था कि कई मजदूरों के शरीर के अंग 50 मीटर दूर तक बिखर गए। फैक्ट्री के पीछे खेत में भी कुछ मानव अंग मिले हैं। हादसे में हरदा के हंडिया के 8 और देवास के संदलपुर के 9 मजदूरों की मौत हो गई। वहीं, खातेगांव के ठेकेदार की भी जान चली गई थी। 8 मजदूरों का इलाज चल रहा है। इनमें 3 की हालत गंभीर है।

## गणगौर विसर्जन के लिए सफाई करने कुएं में उतरे 8 लोग डूबे

विनय उजाला

**खंडवा।** खंडवा में 8 लोग एक कुएं में डूब गए। ये घटना गुरुवार शाम को जिले के छैगांवमाखन क्षेत्र के कोंडावत गांव की है। बताया जा रहा है कि गणगौर विसर्जन के लिए कुएं की सफाई करने गांव के 8 लोग कुएं में उतरे थे।

आशंका जताई जा रही है कि गंदगी के कारण कुएं में जहरीली गैस बनने से इनका दम घुट गया और इनकी जान चली गई। दोपहर के वक्त 8 लोग कुएं में उतरे थे, जो शाम तक बाहर नहीं निकले। जिसके बाद ग्रामीणों ने अपने स्तर पर बचाव कार्य शुरू किया। साथ ही पुलिस और प्रशासन को भी सूचित किया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम के साथ ही एसडीईआरएफ का 15 सदस्यीय दल भी मौके पर पहुंच गया। रेस्क्यू टीम रस्सी और जाली लेकर कुएं में उतरी और शवों को बाहर निकाला।

## संघ प्रमुख डॉ मोहन भागवत पहुंचे काशी पांच दिवसीय प्रवास में करेंगे बैठकें

वाराणसी, (हि.स.)

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत गुरुवार की शाम वाराणसी पहुंचे। बाबतपुर एयरपोर्ट पर संघ के काशी प्रांत के वरिष्ठ प्रचारकों ने उनकी अगवानी की। इसके बाद संघ प्रमुख डॉ भागवत एयरपोर्ट से कड़ी सुरक्षा के बीच तुलसीपुर महमूरगंज स्थित निवेदिता शिक्षा सदन आए। निवेदिता सदन में कुछ देर विश्राम के बाद उन्होंने काशी प्रांत के वरिष्ठ प्रचारकों से संघ के गतिविधियों पर चर्चा की।

संघ के पदाधिकारियों के अनुसार, पांच दिवसीय प्रवास में रात्रि विश्राम के बाद वो अगले दिन चार अप्रैल को प्रातः काल शाखा में भाग लेने के बाद काशी प्रांत के वरिष्ठ प्रचारकों और पदाधिकारियों के साथ दो बार में बैठक करेंगे। इसमें प्रांत और विभाग प्रचारक भी शामिल रहेंगे। इसी दिन शाम को सरसंघचालक बीएचयू आईआईटी के विद्यार्थियों से भी संवाद करेंगे। संवाद के बाद वो यहीं शाखा टोली से मिलेंगे। इसमें शिक्षक भी मौजूद रहेंगे।

पांच अप्रैल को वो श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर में पूर्वाह्न में दर्शन-पूजन करेंगे। इसके बाद वे काशी के प्रबुद्धजन संग भी अलग-अलग बैठक कर संवाद करेंगे। छह अप्रैल को संघ प्रमुख मलदहिया लाजपत नगर जाएंगे और शाखा में शामिल होंगे। इसके बाद शहर के प्रबुद्ध जनों से मिलेंगे। शाम को प्रांत टोली के साथ बैठक करेंगे। सात अप्रैल को लखनऊ के लिए प्रस्थान करने से पहले काशी प्रांत के अनुभवी कार्यकर्ताओं की टोली के साथ बैठक कर उनका मार्गदर्शन करेंगे। इसके बाद प्रांत टोली के साथ भी बैठक कर सकते हैं। संघ प्रमुख डॉ भागवत वाराणसी से सात अप्रैल की शाम लखनऊ पहुचेंगे।

### वैज्ञानिक स्पेस टेलीस्कोप की मदद से एस्टेरॉयड पर दोबारा अध्ययन करेंगे

# अंतरिक्ष के नए दानव से पृथ्वी तो बच गई, चांद पर खतरा बढ़ा

नई दिल्ली (हि.स.)

**पृथ्वी पर प्रलय का खतरा बनने जा रहे एक एस्टेरॉयड अब हमारे ग्रह के लिए कोई खतरा नहीं है, लेकिन यह अंतरिक्ष का खेल ही है कि अब चंद्रमा पर आफत के बादल मंडराने लगे हैं। विज्ञान की दुनिया में 2024 वायआर4 नाम का एस्टेरॉयड अब पृथ्वी की जगह चंद्रमा की तरफ बढ़ रहा है। इसे वैज्ञानिक सिटी किलर यानी शहर को तबाह करने वाला भी बता रहे हैं।**

पहले वैज्ञानिकों ने माना था कि इस एस्टेरॉयड के 2032 में पृथ्वी से टकराने की 3 प्रतिशत संभावना थी, लेकिन कुछ हफ्तों में यह आंकड़ा घटकर 0.28 प्रतिशत हो गया। राहत की बात तो है, लेकिन जब वैज्ञानिकों ने गहराई से इसका विश्लेषण



किया तो पाया कि अब यह चंद्रमा की ओर रुख कर सकता है। न्यू साइंटिस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, खगोलशास्त्री एंड्रयू रिवकिन ने चेतावनी दी है कि इस एस्टेरॉयड के 2032 में चंद्रमा से टकराने की संभावना 2 प्रतिशत तक बढ़ गई है। यह आंकड़ा नासा द्वारा पहले अनुमानित 1.7 प्रतिशत से थोड़ा ज्यादा है, इसलिए अब वैज्ञानिक इसे गंभीरता से ले रहे हैं।

### चंद्रमा पर टकराने से क्या होगा?

*अगर यह एस्टेरॉयड चंद्रमा से टकराता है, तो अंतरिक्ष में एक बड़ा धमाका हो सकता है। वैज्ञानिकों का कहना है कि इससे चंद्रमा की सतह पर एक विशाल गड्ढा (क्रेटर) बन सकता है, जैसा कि अरबों वर्षों से होता आ रहा है। अमेरिकन म्यूज़ियम ऑफ नैचुरल हिस्ट्री के मुताबिक, पहले के समय में पृथ्वी और चंद्रमा पर एस्टेरॉयड की टक्कर आम बात थी, लेकिन अब ऐसी घटनाएं बहुत ही दुर्लभ हो गई हैं।*

### नासा क्या कर रहा?

*वैज्ञानिक मई 2025 में जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप की मदद से इस एस्टेरॉयड पर दोबारा अध्ययन करेंगे। इसके बाद यह एस्टेरॉयड सौरमंडल के बाहरी हिस्से में चला जाएगा और कई वर्षों तक वापस नहीं आएगा।*

# जल गंगा संवर्धन अभियान... जनशक्ति से जलसंरक्षण की क्रांति

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जल संरक्षण में जनता की भागीदारी का विशेष रूप से उल्लेख किया है। उन्होंने 'खेत का पानी खेत में, गांव का पानी गांव में' के सिद्धांत को अपनाने पर जोर दिया है। इसी सोच को साकार करने के लिए**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य- 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के द्वारा जल संरक्षण में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत नवीन जल संग्रहण संरचनाओं के साथ-साथ पूर्व से मौजूद जल संग्रहण संरचनाओं का जीर्णोद्धार, जल स्त्रोतों और जल वितरण प्रणालियों की साफ सफाई, जल स्त्रोतों के आस-पास पौध रोपण के कार्य प्राथमिकता पर किये जा रहे हैं। इसके साथ ही समाज की सहभागिता के लिए जल संरक्षण जागरूकता के कार्यक्रम भी आयोजित किये जा रहे हैं। प्रदेश के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में अभियान जनप्रतिनिधि और जनमानस बढ़ चढ़कर भाग ले रहे हैं। जनपद शिवपुरी की सतेरिया पंचायत में प्राचीन तालाब की गाद निकालने, अनावश्यक झाड़ियों की सफाई के लिए विधायक शिवपुरी श्री देवेन्द्र जैन ने ग्रामवासियों के साथ



## ग्राम जीरापुर में तालाब की सफाई

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के अंतर्गत जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विकासखंड नालछा के ग्राम जीरापुर में एक विशेष श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान श्रमदानियों ने तालाब के किनारों से कचरा हटाने, जलभराव क्षेत्र की सफाई करने तथा जल स्रोतों को संरक्षित करने के लिये जागरूकता अभियान चलाया। इस सामूहिक प्रयास का मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण और स्वच्छता को बढ़ावा देना था, जिससे ग्रामवासियों को स्वच्छ जल उपलब्ध हो सके एवं पर्यावरण संतुलन बना रहे। ग्रामीणों ने भी इस पहल की सराहना की और भविष्य में इस प्रकार के अभियानों में सहयोग देने का संकल्प लिया।




श्रमदान किया। विधायक देवेन्द्र जैन ने कहा कि आप पानी बचाएंगे तभी पानी आपको बचाएगा। हम सभी को जल संरक्षण की दिशा में एकजुट प्रयास करने होंगे, तभी आगे की पीढ़ी को पानी मिल पायेगा। एक एक बूँद संरक्षित करने के लिए हर व्यक्ति को प्रयास करने होंगे, तभी इस अभियान की सार्थकता होगी।

इंदौर जिले के ग्राम जलोदकेऊ में जल संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस गांव में ग्रामीणों ने श्रमदान कर तालाब का गहरीकरण भी किया। समिति सदस्यों एवं ग्रामीणों के साथ जल संवाद किया गया। जिसमें

## सुबकरा में कुएं की सफाई एवं गहरीकरण




श्योपुर जिले के कराहल विकासखण्ड के ग्राम सुबकरा में सार्वजनिक कुएं पर सामूहिक श्रमदान से सफाई का कार्य किया गया। ग्रामवासियों ने गाँव में स्थित कुएं के आसपास स्वच्छता कार्य करते हुए श्रमदान किया और साथ ही जल संरक्षण की शपथ ली। विजयपुर ब्लाक चांदीपुरा ग्राम स्थित तालाब के किनारे स्वच्छता अभियान चलाते हुए जल संरक्षण की शपथ ग्रामीणों को दिलाई गई। नगर पालिका परिषद भिण्ड द्वारा नागरिकों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिये नगर पालिका कार्यालय से सुभाष तिराहा तक जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। उपस्थित लोगों को जल संरक्षण का संकल्प भी दिलाया गया। देवास जिले के टोंकखुर्द विकाखण्ड में 'जलगंगा संवर्धन अभियान' के अंतर्गत बारिश के पानी को सहेजने की दिशा में कार्य प्रारंभ किया गया है। गांवों में रिचार्ज पिट के माध्यम से वर्षा जल को सहेजने का कार्य किया जा रहा है। जनपद के कई गाँवों में रिचार्ज पिट बनाए जा रहे हैं। 'अमृत संचय अभियान' की टीम ने विकासखण्ड के जिरवाय, चौबाराधीरा तथा पांडी गाँवों का भ्रमण कर नवनिर्मित रिचार्ज पिट का अवलोकन किया।

## साईंखेड़ी में खेत तालाब का निर्माण



खरगोन जिले के भीकनगांव विकासखंड के ग्राम सांईखेड़ी में मनरेगा से किसानों के खेत में तालाब का निर्माण कार्य 03 अप्रैल को प्रारंभ किया गया है। चम्पालाल के खेत में तालाब बनने से वर्षा का पानी में उसमें संचित होगा और फसलों की सिंचाई के काम आयेगा। जनपद पंचायत भीकनगांव की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती पूजा मलाकार सैनी ने बताया कि चम्पालाल के खेत में खेत तालाब निर्माण के लिए मनरेगा से 02 लाख 89 हजार रुपये की मंजूरी प्रदान की गई है। इस तालाब के निर्माण कार्य से चम्पालाल एवं अन्य ग्रामीणों को रोजगार मिलेगा और तालाब बनने से गांव के भू-जल स्तर में सुधार होगा। चम्पालाल के खेत में तालाब निर्माण का कार्य प्रारंभ होने से वह बहुत खुश है। वह इस तालाब में मछली पालन का काम भी करना चाहता है।

## संक्षिप्त समाचार

### एम्स की प्रो. (डॉ.) भावना ढींगरा ने लक्ज़मबर्ग में प्रस्तुत किया अपना शोध


**भोपाल, निप्र।** एम्स भोपाल की शिशु रोग विभाग की प्रोफेसर, प्रो. (डॉ.) भावना ढींगरा ने लक्ज़मबर्ग में आयोजित इंटरनेशनल सोसाइटी ऑफ नियोनेटल स्क्रीनिंग के 13वें सम्मेलन में भाग लिया।



उन्होंने नवजात शिशुओं में सामान्य चयापचय संबंधी विकारों और हीमोग्लोबिनोपैथी की स्क्रीनिंग पर अपना शोध प्रस्तुत किया। इस सम्मेलन में दुनिया भर से 100 से अधिक विशेषज्ञों ने भाग लिया और उनके कार्य को वैश्विक वैज्ञानिक समुदाय द्वारा अत्यधिक सराहा गया। विकसित देशों में नवजात शिशुओं की स्क्रीनिंग एक सुव्यवस्थित प्रक्रिया है, जिससे जन्मजात और चयापचय संबंधी विकारों की शीघ्र पहचान और उपचार संभव हो पाता है। हालांकि, भारत में अब तक सार्वभौमिक नवजात स्क्रीनिंग कार्यक्रम लागू नहीं हुआ है। एम्स भोपाल ने इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए राज्य राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के सहयोग से सार्वजनिक स्वास्थ्य क्षेत्र में मध्य भारत की पहली नवजात स्क्रीनिंग सुविधा स्थापित की है। एम्स भोपाल के डायरेक्टर प्रो. (डॉ.) अजय सिंह ने इस उपलब्धि की महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा, नवजात स्क्रीनिंग एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्वास्थ्य पहल है, जो जन्मजात विकारों के शीघ्र निदान और उपचार द्वारा नवजात शिशुओं का जीवन बचा सकती है। एम्स भोपाल नवजात स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने और शिशु रोग चिकित्सा में नए मानदंड स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है। डॉ. भावना ढींगरा का वैश्विक मंच पर योगदान हमारे संस्थान की चिकित्सा अनुसंधान और नवाचार के प्रति समर्पण को दर्शाता है।

### ओरछा को मिलेगी वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर नई पहचान : प्रमुख सचिव शुक्ला

**भोपाल, निप्र।** मध्यप्रदेश का ओरछा, अब वैश्विक पर्यटन स्थल के रूप में नई पहचान बनाने की ओर अग्रसर है। अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर ओरछा को प्रतिष्ठित पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार ने ओरछा में पर्यटन अधोसंरचनाओं और सुविधाओं के विकास के लिए स्वदेश दर्शन योजना 2.0 में 25 करोड़ रूपये की राशि स्वीकृति की है।




स्वीकृत राशि से ओरछा में टूरिस्ट एक्सपीरियंस सेंटर, हुनरशाला, एंट्री प्लाजा के साथ यात्रा पथ का विकास किया जाएगा। इसके पहले दिसंबर माह में विरासतों के संरक्षण और संग्रहालयों के विकास आदि के लिए 99.92 करोड़ रूपये स्वीकृत किए गए थे। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2027-28 में ओरछा को यूनेस्को विश्व धरोहर के रूप में मान्यता दिए जाने के लिए केंद्र सरकार ने यूनेस्को को सिफारिश की है। साथ ही ओरछा को यूनेस्को की एच.यू.एल. (हिस्टोरिकल अर्बन लैंडस्केप) पहल के तहत चुना गया है।

### दरवेश बर्तन भंडार पर खाद्य विभाग की बड़ी कार्रवाई

**भोपाल, निप्र।** प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के निर्देश पर राजधानी भोपाल में उपभोक्ताओं के अधिकारों की अनदेखी करने और तौल यंत्र में



गड़बड़ी करने वाले व्यापारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी है। इसी तारतम्य में दरवेश बर्तन भंडार, रोशनपुरा नाका में भारी अनियमितताओं का खुलासा हुआ है, जहां ग्राहकों से ठगी की जा रही थी। खाद्य एवं नाप-तौल विभाग की टीम ने मौके पर निरीक्षण कर संस्थान के स्वामी अशोक कुमार तेजवानी के खिलाफ मामला दर्ज किया और इलेक्ट्रॉनिक तौल यंत्र को ज़ब्त कर लिया। शिकायतों के आधार पर जब खाद्य विभाग की टीम ने निरीक्षण किया, तो पाया गया कि ग्राहकों को सामान पन्नी और कागज की पैकिंग सहित तौला जा रहा था। यह सीधे तौर पर ग्राहकों को आर्थिक नुकसान पहुंचाने और उपभोक्ता अधिकारों के उल्लंघन का मामला था। इतना ही नहीं, इलेक्ट्रॉनिक तौल यंत्र का समय पर सत्यापन भी नहीं कराया गया था, जो कि विधिक माप विज्ञान अधिनियम, 2009 के तहत अनिवार्य है।

# प्रदेश में बौद्ध सर्किट करें विकसित : मुख्यमंत्री

## सांची बौद्ध भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय की साधारण सभा की हुई बैठक

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में धार्मिक, आध्यात्मिक पर्यटन के विकास को प्राथमिकता दी गई है। प्रदेश में भगवान बुद्ध का जिन स्थानों पर प्रभाव रहा है उन्हें बौद्ध सर्किट के रूप में विकसित करने के प्रयास किए जाएं। ऐसे स्थानों में उज्जैन सहित सांची के निकट सतधारा, सोनारी आदि का समावेश किया जाए।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नई शिक्षा नीति-2020 के विभिन्न प्रावधानों को विश्वविद्यालय में लागू करने को प्राथमिकता दी जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में सांची बौद्ध भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय सांची की कार्य परिषद की छठवीं बैठक गुरुवार को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में संपन्न हुई। बैठक में संस्कृति राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी और विश्वविद्यालय के कुलाधिपति आचार्य प्रो. यज्ञेश्वर एस. शास्त्री वर्चुअल रूप से सम्मिलित हुए। बैठक में विश्वविद्यालय के कुलगुरू प्रो. वैद्यनाथ लाभ के साथ ही, साधारण परिषद के सदस्य प्रो. सत्य प्रकाश शर्मा, पद्मश्री श्री कपिल तिवारी, श्री अभय कात्यायन और प्रो. ईश्वर शरण विश्वकर्मा उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि परिषद के सदस्यों के सुझावों पर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध के प्रमुख शिष्यों में शामिल रहे महाकात्यायन से संबंधित शोध कार्य भी प्रारंभ किया जाए। महाकात्यायन ने उज्जैन से लेकर मथुरा तक भ्रमण करते हुए बौद्ध धर्म का प्रचार किया था। वे तर्क और शास्त्रार्थ में अद्वितीय माने गए थे। बोधि वृक्ष के नीचे ज्ञान प्राप्ति की उनकी कथा प्रेरक मानी गई है जो धैर्य, ज्ञान और आत्म-अनुशासन के मूल्यों की शिक्षा देती है।



### नवम्बर में होगा बुद्धिस्ट सोसायटी का रजत जयंती सम्मेलन

बैठक में जानकारी दी गई कि आगामी नवम्बर माह में भोपाल में इंडियन सोसायटी फॉर बुद्धिस्ट स्टडीज के रजत जयंती सम्मेलन का आयोजन प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस सम्मेलन के लिए आवश्यक तैयारियां प्रारंभ करने के निर्देश दिए। विश्वविद्यालय के कुलगुरू ने विश्वविद्यालय द्वारा संपादित की जा रही अकादमिक गतिविधियों की जानकारी दी। वर्तमान में विश्वविद्यालय के बालक और बालिका छात्रावास का निर्माण पूरा हो चुका है। अकादमिक भवन, प्रशासनिक भवन और लायब्रेरी भवन का कार्य भी पूर्णता की ओर है।

# सुरक्षा के दृष्टिगत पंडित खुशीलाल चिकित्सालय परिसर में पूरी बाउंड्री वॉल का निर्माण करें : संभागायुक्त सिंह



**भोपाल, निप्र। संभागायुक्त संजीव सिंह ने पंडित खुशीलाल चिकित्सालय परिसर में सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए महाविद्यालय, चिकित्सालय एवं छात्रावास परिसर में पूरी बाउंड्रीवाल निर्मित करने के निर्देश दिए।**

साथ ही महाविद्यालय से संबद्ध चिकित्सालय एवं पीजी भवन के रिपेयरिंग कार्य को समय-सीमा में पूर्ण कराए जाने एवं महाविद्यालय में ई-ऑफिस कार्यप्रणाली की प्रक्रिया हेतु अधिकारियों को प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए। संभागायुक्त श्री सिंह ने गुरुवार को आयुक्त कार्यालय सभाकक्ष में हकीम सैय्यद जियाउल हसन शासकीय स्वशासी यूनानी

### यूनानी चिकित्सा महाविद्यालय की कार्यकारिणी समिति की बैठक संपन्न

चिकित्सा महाविद्यालय की कार्यकारिणी समिति की बैठक ली। बैठक में संयुक्त आयुक्त श्री विनोद यादव, प्रतिनिधि आयुक्त संचालनालय डॉ. पंकज गुप्ता, प्रधानाचार्य हकीम सैय्यद जियाउल हसन शासकीय स्वशासी यूनानी चिकित्सा महाविद्यालय डॉ. महमुदा बेगम, पंडित खुशीलाल चिकित्सा महाविद्यालय के प्राचार्य श्री उमेश शुक्ला एवं सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

# बिजली चोरी के सूचनाकर्ता को पारितोषिक की 5 फीसदी राशि तुरंत मिलेगी

**भोपाल, निप्र।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बिजली चोरी की रोकथाम के लिए चलाई जा रही पारितोषिक योजना के तहत बिजली के अवैध उपयोग की सूचना देने पर प्रकरण बनाने एवं राशि वसूली होने पर सूचनाकर्ता को 10 प्रतिशत प्रोत्साहन राशि दी जाती है। योजना के संशोधित प्रावधान के अनुसार 5 प्रतिशत राशि का भुगतान संबंधित सूचनाकर्ता को सूचना सही पाए जाने पर जारी किए गए अंतिम निर्धारण आदेश के तुरंत बाद किया जाएगा। शेष पांच प्रतिशत राशि पूर्ण वसूली उपरांत देय होगी। कंपनी में कार्यरत नियमित कर्मचारी/ संविदा/ आउटसोर्स कर्मचारी को भी सूचनाकर्ता के रूप में शामिल किया गया है। सूचना सही पाए जाने एवं जारी किए गए अंतिम निर्धारण आदेश की पूर्ण वसूली होने पर एक प्रतिशत प्रोत्साहन राशि के रूप में दी जाएगी। कंपनी ने कहा है कि विभिन्न परिसरों की जांच एवं जांच के बाद बनाये गये पंचनामा के आधार पर आरोपी के विरूद्ध निकाली गयी राशि की वसूली में सभी कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहता है।

# विद्यालय और कक्षा से दूरी नहीं बनायें विद्यार्थी : मंत्री श्री पटेल

**भोपाल, निप्र। पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल स्कूल चले हम" अभियान के अंतर्गत तीसरे दिन गुरुवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला केरपानी में शाला उत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए।**



उन्होंने बच्चों को प्रेरणादायी बातें बताई और उनका हौसला बढ़ाया। मंत्री श्री पटेल ने विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद कर उनके जीवन के लक्ष्य के बारे में जाना। उन्होंने कहा कि मन में कोई जिज्ञासा बचा कर नहीं रखें। सवाल पूछने की आदत अपने जीवन में शामिल करें। मंत्री श्री पटेल व अन्य अतिथियों ने विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य-पुस्तकों का वितरण किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोड़िया व उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता राजेन्द्र ठाकुर, पूर्व राज्यमंत्री श्री जालम सिंह पटेल अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले, पुलिस अधीक्षक श्रीमती मृगाखी डेका, सीईओ जिला पंचायत श्री दलीप कुमार सहित अन्य अधिकारी- कर्मचारी, विद्यार्थी, उनके माता- पिता, अभिभावक और ग्रामीणजन मौजूद थे। मंत्री श्री पटेल ने सभी नवप्रवेशी बच्चों को शुभकामनायें देते हुए कहा कि स्कूल चलें हम अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए ग्रामीण क्षेत्र के स्कूल को चुना। पहले यह छुट्टियों का समय हुआ करता था। मंत्री श्री पटेल ने बताया कि विद्यालय में दर्ज संख्या के अनुसार कई कई विद्यार्थियों के नहीं आने का कारण भी जानकर इस पर विचार करना होगा।

## वन विहार में सिल्कन सीक्रेट्स स्पाइडर वॉक 5 अप्रैल को

# प्रकृति प्रेमियों और वाईल्ड लाइफ फोटोग्राफरों के लिये रोमांचक अवसर

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। वन विहार राष्ट्रीय उद्यान भोपाल में प्रकृति प्रेमियों और फोटोग्राफरों के लिये छोटे जीवों की रहस्यमयी और विविधतापूर्ण दुनिया को देखने के लिये शनिवार 5 अप्रैलको सुबह 7 से 9 बजे तक सिल्कन सीक्रेट्स नामक एक विशेष वॉक का आयोजन किया जा रहा है।**





सिल्कन सीक्रेट्स स्पाइडर वॉक का नेतृत्व प्रसिद्ध मैक्रो फोटोग्राफर श्री आशिर कुमार करेंगे, जिन्हें 1 फ्रेममेन के नाम से जाना जाता है। वन्य-जीवों, पक्षियों, जानवरों, कीड़ों और विशेष रूप से मकड़ियों को बारीकी से कैद करने में 5 वर्षों से अधिक की विशेषज्ञता के साथ श्री आशिर के काम को कैनन इण्डिया, इण्डिया टाइम्स, हिन्दुस्तान टाइम्स जैसे प्लेटफार्म द्वारा प्रदर्शित किया गया है। उनकी पुरस्कृत तस्वीरों को सम्पूर्ण भारत की प्रतिष्ठित दीर्घाओं में प्रदर्शित किया गया है। सिल्कन सीक्रेट्स प्रतिभागियों को अक्सर कीटों और मकड़ियों कीअनदेखी दुनिया में ले जायेगा, जहाँ उनके छिपे हुए जीवन और पारिस्थितिकी तंत्र में उनकी आवश्यक भूमिकाओं को दिखाया जायेगा। प्रसिद्ध फोटोग्राफर श्री आशिर के मार्गदर्शन में वाईल्ड लाईफ फोटोग्राफरों को अपने मैक्रो फोटोग्राफी कौशल को निखारने और प्रकृति के छोटे-छोटे अजूबों को करीब से देखने का मौका मिलेगा। भोज वेटलैण्ड, जो 445.21 हेक्टेयर में फैला हुआ है, इसके पास स्थित वन विहार राष्ट्रीय उद्यान इस अन्वेषण के लिये एकदम सही अवसर प्रदान करता है। समृद्ध जैव विविधता, शांत परिवेश के साथ वन विहार एक की सैर के लिये एक आदर्श स्थान है। संचालक वन विहार राष्ट्रीय उद्यान ने बताया कि सिल्कन सीक्रेट्स स्पाइडर वॉक में भाग लेने वाले प्रतिभागी को आरामदायक जूते, पानी की बॉटल, सिर पर टोपी, मच्छर भगाने वाली क्रीम, फोटोग्राफी के लिये कैमरा या मोबाइल फोन अवश्य साथ लायें। उन्होंने कहा कि फोटोग्राफी के शौकीन प्रकृति प्रेमी और प्राकृतिक दुनिया की जटिल सुंदरता के बारे में जानने के लिये उत्सुक हों, तो इस प्रतियोगिता में जरूर भाग लें।

### मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के संदर्भ में नवाचारों के लिए दी बधाई

# रूक जाना नहीं योजना से अब तक 6.41 लाख से अधिक विद्यार्थी लाभांवितः मुख्यमंत्री

विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के पालन में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा किए जा रहे नवाचारों पर प्रसन्नता व्यक्त कर स्कूल शिक्षा विभाग को बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि प्रदेश का हर बच्चा पढ़े-लिखे, आगे बढ़े, इसके लिए पूरी सरकार समर्पित होकर कार्य कर रही है। उन्होंने विभाग को यह निष्ठा भाव बनाए रखने और हर बच्चे को शिक्षा मिले, उसे समय पर पुस्तकें, गणवेश, छात्रवृत्ति, साईकिल और अन्य आवश्यक सुविधाएं मिलें, इसके लिए सदैव प्रयत्नशील रहने के निर्देश दिए हैं।

स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को अवगत कराया कि स्कूल शिक्षा विभाग के अधीन म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड (ISO 9001 : 2015 Certified) द्वारा विद्यार्थियों के हित में कुल 11 प्रकार के नवाचार किए गए हैं। इन नवाचारों को बहुत अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। हमारा प्रयास है कि इस बोर्ड के माध्यम से हम प्रदेश के हर उस बच्चे तक पहुंचें, जो मुक्त स्कूल के जरिए शिक्षा पाना चाहता है। मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड भोपाल एक शैक्षणिक संस्था है और सबके लिए शिक्षा के उद्देश्य की पूर्ति के लिए संचालित है। संस्था का अहम दायित्व है कि युवा पीढ़ी को परीक्षाओं में असफलता के भय आत्मघाती घटनाओं से बचाने के लिए सार्थक पहल करे। युवा पीढ़ी देश का भविष्य है, इसे आत्मघाती कदम उठाने से बचाने, उनके भविष्य को उज्ज्वल बनाने और देश की उन्नति में सहयोग करने के उद्देश्य से मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड ने रूक जाना नहीं योजना 2016 में प्रारंभ की थी। यह योजना पायलट प्रोजेक्ट के रूप में माध्यमिक शिक्षा मंडल, भोपाल की अनुत्तीर्ण छात्रों के लिये थी। योजना को मिली सफलता के आधार पर इसे सी.बी.एस.ई. के लिए भी इसे ऑन डिमांड पर लागू किया गया है। रूक जाना नहीं योजना से अब तक 6 लाख 41 हजार 553 से अधिक विद्यार्थी लाभान्वित हो चुके हैं। मध्यप्रदेश में स्कूल मीडिया प्लेटफॉर्म E&traChildhood.org द्वारा संचालित किया जा रहा है। मध्यप्रदेश के 53 एजुकेशन फॉर ऑल स्कूलों में 50 हजार से अधिक शासकीय स्कूलों के विद्यार्थियों को मीडिया और तकनीक के माध्यम से अपनी रचनात्मकता प्रदर्शित करने एवं इसके सशक्तिकरण का अवसर प्रदान किया गया है। इन स्कूलों को उनके अपने टीवी स्टेशन, रेडियो स्टेशन, ई-समाचारपत्र और मैगज़ीन प्रदान करके इस प्लेटफॉर्म के जरिए छात्रों और शिक्षकों को देश और दुनिया से जुड़ने और आपसी संवाद करने के तरीके सिखाए जा रहे हैं। बोर्ड द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस पाठ्यक्रम स्थापित कर विद्यार्थियों को आधुनिक तरीक से कम्प्यूटर पर सभी विषयों का प्रशिक्षण देने की व्यवस्था की जा रही है। स्कूलों में डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर, ऑनलाइन शिक्षण मंच और उपकरणों की स्थापना को भी प्रोत्साहन दिया जा रहा है। इससे विद्यार्थी डिजिटल माध्यम से शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। संस्कृत और संस्कृति का उदय में प्रत्येक जिले के एक विद्यालय में कक्षा एके के पूर्व एलकेजी एवं यूकेजी के स्थान पर अरूण एवं उदय कक्षाएं आगामी शैक्षणिक सत्र से प्रारंभ की जा रही है। इन कक्षाओं का माध्यम संस्कृत होगा। संस्कृत भाषा में म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड के द्वारा 53 चयनित ई.एफ.ए. विद्यालयों में अरूण एवं उदय कक्षाओं का संचालन किया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में संस्कृत एवं संस्कृत ज्ञान व्यवस्था को और अधिक सक्षम बनाने के लिए गुरूकुल पद्धति से संचालित आवासीय संस्कृत विद्यालयों के लिए हर साल प्रति छात्र अधिकतम 10 हजार रूपए की वार्षिक आर्थिक सहायता योजना लागू की गई है। इससे प्रदेश के 10 हजार से अधिक संस्कृत विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई जारी रखने में अभूतपूर्व मदद मिलेगी। उन्होंने आईटीआई हायर सेकेण्डरी समकक्षता योजना के बारे में बताया कि इसमें आईटीआई परीक्षा पास करने वाला कोई भी विद्यार्थी केवल एक भाषा और रोजगार कौशल एवं उद्यमिता विषय की परीक्षा के साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त बारहवीं कक्षा की परीक्षा दे सकेगा। स्कूल शिक्षा मंत्री श्री सिंह ने आ लौट चलें योजना में ड्रापआउट विद्यार्थियों को बगैर किसी फीस के परीक्षा में बैठने का अवसर देने और कोचिंग की व्यवस्था करने के नवाचार के बारे में भी बताया। विद्यार्थियों को कहानी, कला, साक्षात्कार एवं साहित्य लेखन कला का भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि बोर्ड द्वारा 53 चयनित ई.एफ.ए. विद्यालयों के लिए पृथक-पृथक वेबसाइट का निर्माणकराया गया है। इससे विद्यालयों की गतिविधियों को प्रचारित करने के साथ यह विद्यालय के प्रचार-प्रसार में भी सहायक सिद्ध हो रहा है।



## आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश योजना

स्कूल शिक्षा मंत्री सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बिन्दु क्रमांक 16.4 में उल्लेख है कि व्यावसायिक शिक्षा को इस तरह से एकीकृत किया जाये, जिससे प्रत्येक बच्चा कम से कम एक व्यवसाय से जुड़े कौशलों को सीखे। इसी व्यवस्था के परिपालन में आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश योजना प्रारंभ की गयी है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित आत्मनिर्भर भारत योजना के अनुक्रम में कौशल वृद्धि के लिए मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड के माध्यम से एक महत्वाकांक्षी पायलट प्रोजेक्ट प्रारंभ किया गया है। इसमें हैंडलूम, हैंडीक्राफ्ट, माटी कला, सोलर एनर्जी, परिधान निर्माण, बांस कला इत्यादि क्षेत्रों में रोजगार मूलक प्रशिक्षण प्रारंभ किए जा रहे है। प्रशिक्षित होने वाले लोग एक ओर रोजगार से जुड़ेंगे, वहीं दूसरी ओर कक्षा 6 से प्रारंभ होने वाले व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए एक रिसोर्सपर्सन के रूप में भी उपलब्ध होंगे। इस योजना में प्रदेश के 100 आकांक्षी युवाओं को आवासीय प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद उन्हें रोजगार से भी जोड़ा जाएगा। इस योजना को ह्यूमन कैपिटल बैंक के रूप में प्रारंभ किया जा रहा है। इसका आशय है कि जनभागीदारी से धन दान के रूप में मांग कर बैंक स्थापित किया जा रहा है। प्रदेश के एक जिले में कौशल विकास के लिए राज्य स्तरीय उत्कृष्टता केन्द्र की स्थापना की जा रही है, जिससे निर्धारित कौशलों के विकास के लिये मास्टर ट्रेनर्स तैयार किये जा सकें।

## संक्षिप्त समाचार

### उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल आज इंदौर आएंगे

**इंदौर, नप्र।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल शुक्रवार 4 अप्रैल को इंदौर आएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल अपरान्ह पौने 5 बजे इंदौर आएंगे। वे यहां सिविल अस्पताल नंदा नगर में निर्माण कार्यों का निरीक्षण करेंगें। इसके पश्चात वे इंदौर से देवास के लिये रवाना होंगे।

### मंत्री सिलावट ने नगर निगम के बजट को सराहा

**इन्दौर, नप्र।** जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने नगर निगम के बजट की सराहना की है। उन्होंने कहा है कि इंदौर शहर मुख्यमंत्री जी के सपनों का शहर है। मुख्यमंत्री की मंशानुसार नये बजट में इंदौर शहर वासियों के लिए कई राहत भरी घोषणाएं की गईं हैं, जो सराहनीय हैं। श्री सिलावट ने कहा है कि बजट में नगर निगम का खुद का डिजिटल पोर्टल शुरू करने की घोषणा की गई है। इससे प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और तेजी आएगी। ई-पोर्टल से इंदौर वासियों के मोबाइल पर एक क्लिक से सभी प्रकार की नागरिक सुविधाएं प्राप्त होगी। बजट में स्वच्छ भारत मिशन अभियान के तहत इंदौर को स्वच्छ, स्वस्थ एवं सुरक्षित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रावधान रखे गये हैं। शहर को सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है। खास बात यह है कि इस बजट में कोई नया कर नहीं लगाया गया है और न ही किसी कर में बढ़ोतरी की गई है। मंत्री श्री सिलावट ने बजट का स्वागत किया है।

### बड़ावदा क्षेत्र में अपंजीकृत अस्पताल संचालक के विरुद्ध कार्रवाई की गई

**रतलाम।** जिले के जावरा विकासखण्ड में बडावदा क्षेत्र में चिकित्सकीय दल द्वारा नायब तहसीलदार की मौजूदगी में 2 अप्रैल को सायं 6.00 बजे हंस मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण किया गया। वहां पहुंचने पर मेडिकल स्टोर्स में एलोपैथिक पद्धति से उपचार किया जाना पाया गया तथा सत्यनारायण पाटीदार एवं मुकेश लक्षकार से पूछताछ करने पर चिकित्सकीय उपचार संबंधी वैधानिक पंजीयन प्रस्तुत नहीं कर सके। उनके पास म.प्र. प्रदूशण नियंत्रण बोर्ड अन्तर्गत अथोराइजेशन भी नहीं पाया गया। उन्होंने बताया कि सत्यनारायण पाटीदार जनस्वास्थ्य रक्षक हैं तथा मुकेश लक्षकार जीएनएम तृतीय वर्ष में अध्ययनरत है। अतः प्रकरण में उपचार सामग्री जब्त कर बडावदा थाने पर दोनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई गई है। जांच दल में डा. नरेन्द्र कुमार वर्मा, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी बर्डिया गोयल एवं अन्य उपस्थित रहे।

# ऑनलाइन पढ़ाई, गेम खेलने और सोशल मीडिया के उपयोग दौरान सावधानी रखें : एडीसीपी दंडोतिया

### इंदौर पुलिस ने साइबर पाठशाला लगाकर दिया स्टूडेंट्स को साइबर फ्रॉड से बचने का ये ज्ञान

विनय उजाला

**इंदौर, नप्र। वर्तमान में बढ़ते साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिये, इसके प्रति लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से, पुलिस कमिश्नर इंदौर के दिशा निर्देशन में, इंदौर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा लगातार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।**



एडीशनल डीसीपी क्राइम राजेश दंडोतिया ने, अभय प्रशाल लाभ मण्डप इंदौर में आयोजित ‚llen institute इंदौर के कार्यक्रम में पहुँचकर सायबर सिक्योरिटी व अवेयरनेस के तहत 550 वीं कार्यशाला लगाकर, वहां उपस्थित 11वीं व 12वीं बैच के करीब 1950 स्टूडेंट्स व 200 फैकल्टी मेम्बर्स को वर्तमान समय के विभिन्न प्रकार के साइबर फ्रॉड, फाइनेंशियल फ्रॉड और सोशल मीडिया से संबंधित साइबर अपराधों की जानकारी दी और साइबर अपराध होने पर साइबर हेल्पलाइन-1930, पोर्टल cybercrime.gov.in, इंदौर पुलिस की साइबर हेल्पलाइन 7049124445 आदि पर किस प्रकार शिकायत करें तथा पुलिस इन पर किस प्रकार कार्यवाही करती है और साइबर अपराधों से बचने के लिए किन बातों का ध्यान रखें आदि के संबंध में प्रैक्टिकली समझाया। उन्होंने सभी से कहा कि, आज के इस तकनीकी युग मे हर काम डिजिटल हो गया है, पढ़ाई भी ऑनलाइन हो गई है और बच्चे तो ऑनलाइन गेम भी बहुत खेल रहे हैं। ये ऑनलाइन गेमिंग ऐप्प व वेबसाइट हमारे बच्चों को इसकी लत लगवाकर, साइबर फ्रॉड को अंजाम दे रहे है और इनके कारण कई घातक कदम भी बच्चे उठा रहे हैं। सोशल मीडिया चलाने के दौरान भी छोटी छोटी गलतियों से साइबर क्रिमिनल्स के शिकार बन जाते है।

अतः अन्य डिजिटल कामों के साथ ही ऑनलाइन गेम खेलने व पढ़ाई व सोशल मीडिया के उपयोग के दौरान भी पूर्ण सतर्कता और सावधानी रखे और अपनी निजी जानकारी कभी किसी से भी शेयर न करें।

इस दौरान पुलिस टीम ने सभी को साइबर अवेयरनेस के पम्पलेट्स व स्टिकर्स भी दिए और सभी को साइबर जागरूकता लाने में सहयोग करने के लिए प्रेरित किया। इंदौर पुलिस द्वारा साइबर अपराधों के प्रति लोगों को जागरूक करने के इस अभियान के तहत, यदि कोई स्कूल/कॉलेज, संस्थान, इकाई, कॉलोनी आदि में भी साइबर अवेयरनेस की कार्यशाला आयोजित करना चाहता है या कोई जानकारी चाहता है तो वह इंदौर पुलिस के नंबर 75876 29846 पर संपर्क कर सकता है।

## ऊर्जस एप, वाट्सएप से भी पहुंच रही बिजली उपभोक्ताओं को राहत

**इंदौर, नप्र। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ऊर्जस एप, वाटसएप और अन्य सोशल मीडिया के माध्यम से भी बिजली आपूर्ति संबंधी शिकायतों का समय पर समाधान कर उपभोक्ताओं को राहत पहुंचा रही हैं।**

कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक श्री प्रकाश सिंह चौहान ने बताया कि प्रबंध निदेशक श्री अनूप कुमार सिंह के मार्गदर्शन में उपभोक्ता सेवाओं को लेकर तन्मयता से कार्य किए जा रहे हैं, इसमें आपूर्ति संबंधी शिकायत विभिन्न माध्यम से प्राप्त करना एवं समय पर समाधान भी हैं। मुख्य महाप्रबंधक श्री चौहान ने बताया कि 15 जिलों के उपभोक्ताओं द्वारा पिछले चौबीस घंटों के दौरान ऊर्जस एप के माध्यम से आपूर्ति संबंधी 364 शिकायतों की गई। इनका समय पर निदान किया गया।

इसी तरह वाट्सएप पर सात एवं अन्य सोशल मीडिया पर आपूर्ति संबंधी 5 शिकायते मिली, सभी का त्वरित समाधान हुआ। मुख्य महाप्रबंधक ने बताया कि कंपनी के ऊर्जस एप का इंदौर शहर, खंडवा जिले, उज्जैन जिले, रतलाम जिले, देवास जिले में तुलनात्मक रूप से ज्यादा उपयोग हो रहा हैं। श्री चौहान ने बताया कि शिकायत निवारण के प्रति हम जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रहे हैं, ताकि उपभोक्ता संतुष्टि का स्तर अधिकतम बना रहे।

### जल गंगा संवर्धन अभियान : जल संरक्षण के प्रति जागरूकता के लिए हुआ जल संवाद

## श्रमदान कर नागरिकों ने किया तालाब का गहरीकरण

विनय उजाला



**इंदौर, नप्र।** इंदौर जिले में राज्य शासन द्वारा दिये गए दिशा-निर्देशानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान का क्रियान्वयन प्रभावी रूप से किया जा रहा है। अभियान के तहत तालाबों, कुँओं, बावड़ी आदि के गहरीकरण, जीर्णोद्धार आदि के कार्य किये जा रहे हैं। ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति प्रेरित भी किया जा रहा है।

इसी के तहत गत रात्रि जिले के इंदौर विकासखंड के ग्राम जलोदकेऊ में जल संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस गांव में ग्रामीणों ने श्रमदान कर तालाब का गहरीकरण भी किया। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा तहसील स्तरीय चयनित आदर्श ग्राम सेक्टर बुराना खेड़ी के विकास प्रस्फुटन समिति ग्राम जलोदकेऊ द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत समिति सदस्यों एवं ग्रामीणों के साथ जल संवाद किया गया।

जिसमें जल स्त्रोतों का पूजन एवं रख-रखाव हेतु श्रमदान कर पुराने जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करने हेतु चर्चा की गई। जल संरक्षण हेतु दीवार पर लेखन के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया गया। जल के अपव्यय को रोकने हेतु समाज को प्रेरित किया गया। इसी कड़ी में आज प्रातः ग्राम जलोदकेऊ में स्थित छोटे तालाब में श्रमदान कर गहरीकरण किया गया तथा जल को सहेजने एवं उसके संरक्षण हेतु शपथ दिलवाई भी गई।

जल संवाद एवं श्रमदान में मुख्य रूप से जिला समन्वयक श्रीमती ऋतुजा पहाड़े, विकासखंड समन्वयक श्री प्रवेश शर्मा, समिति के अध्यक्ष श्री राजेश तंवर, सचिव श्री हरिराम गौड़, श्री घनश्याम चंदेल, श्री सुनेर सिंह तंवर, श्री मोती सिंह तंवर, श्री घनश्याम डाबी एवं अन्य समिति सदस्य एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहें।

# जल संरक्षण के प्रति जागरूकता के लिए हुआ जल संवाद

### श्रमदान कर नागरिकों ने किया तालाब का गहरीकरण



विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** इंदौर जिले में राज्य शासन द्वारा दिये गए दिशा-निर्देशानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान का क्रियान्वयन प्रभावी रूप से किया जा रहा है। अभियान के तहत तालाबों, कुँओं, बावड़ी आदि के गहरीकरण, जीर्णोद्धार आदि के कार्य किये जा रहे हैं। ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति प्रेरित भी किया जा रहा है।

इसी के तहत गत रात्रि जिले के इंदौर विकासखंड के ग्राम जलोदकेऊ में जल संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस गांव में ग्रामीणों ने श्रमदान कर तालाब का गहरीकरण भी किया। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा तहसील स्तरीय चयनित आदर्श ग्राम सेक्टर बुराना खेड़ी के विकास प्रस्फुटन समिति ग्राम जलोदकेऊ द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत समिति सदस्यों एवं ग्रामीणों के साथ जल संवाद किया गया। जिसमें जल स्त्रोतों का पूजन एवं रख-रखाव हेतु श्रमदान कर पुराने जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करने हेतु चर्चा की गई। जल संरक्षण हेतु दीवार पर लेखन के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया गया। जल के अपव्यय को रोकने हेतु समाज को प्रेरित किया गया। इसी कड़ी में आज प्रातः ग्राम जलोदकेऊ में स्थित छोटे तालाब में श्रमदान कर गहरीकरण किया गया तथा जल को सहेजने एवं उसके संरक्षण हेतु शपथ दिलवाई भी गई। जल संवाद एवं श्रमदान में मुख्य रूप से जिला समन्वयक श्रीमती ऋतुजा पहाड़े, विकासखंड समन्वयक श्री प्रवेश शर्मा, समिति के अध्यक्ष श्री राजेश तंवर, सचिव श्री हरिराम गौड़, श्री घनश्याम चंदेल, श्री सुनेर सिंह तंवर, श्री मोती सिंह तंवर, श्री घनश्याम डाबी एवं अन्य समिति सदस्य एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहें।

# जीवन के रंग नारियों के संग





विनय उजाला

**इंदौर, नप्र। श्रीराम जी एवं मातारानी के नवरात्रि उत्सव के अवसर पर साईनाथ कॉलोनी के प्रेरणा समूह की वरिष्ठ महिलाओं ने भक्ति, कला, संस्कृति एवं भारतीय परंपराओं पर केंद्रित कार्यक्रम, जीवन के रंग, नारियों के संग की शानदार प्रस्तुति दी गई।**

इसमें नानदी, भारूड, जोगवा, मातारानी की आराधना, राधा-कृष्ण गीत, गौळण, तथा गांव की सुरम्य प्रभात व कार्यकलापों का संगीतमय चित्रण किया गया। अंत में, रामजी के भजन एवं जय-जयकार के साथ पालकी यात्रा की प्रस्तुति दी गई।

कार्यक्रम की संकल्पना व रूपरेखा, अर्पणा श्रीखंडे एवं वैशाली नजाण की रही तथा संयोजन व संचालन सुजाता देशपांडे ने किया। सहभागी अन्य कलाकारों के रूप में शैला केकरे, अरूणा वैद्य, प्रतिभा सबनीस, जना लाभांते, ज्योति धरफळे, अल्का करंदीकर, मीनल खणकर एवं मानसी कापडनिस ने उपस्थिति दर्ज करवाई।

### कोच निर्माण में दुनिया का अग्रणी देश बनकर उभरा भारत

# भारतीय रेल का नया कीर्तिमान, बीते वित्त वर्ष में बनाए 7,134 नए कोच



विनय उजाला

**नई दिल्ली।** भारतीय रेल ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में 7,134 कोचों का निर्माण कर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यह संख्या पिछले वर्ष 6,541 कोचों के उत्पादन की तुलना में करीब 9 प्रतिशत अधिक है। आम आदमी का ध्यान रखते हुए गैर वातानुकूलित कोचों के उत्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा है।

इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए पिछले वित्त वर्ष में 4,601 नॉन एसी कोच का उत्पादन हुआ। यह ऐतिहासिक उपलब्धि भारतीय रेल की उत्पादन क्षमता में लगातार हो रही वृद्धि को दर्शाती है, जो बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण और यात्रियों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए किए जा रहे प्रयासों का परिणाम है। इससे रेल सेवाएं अधिक सुविधाजनक, सुरक्षित और कुशल बनेंगी। जिससे यात्रियों को बेहतर यात्रा का अनुभव मिलेगा।

भारतीय रेल की तीन कोच निर्माण इकाइयां हैं। जिसमें तमिलनाडु के चेन्नई में इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (ICF), पंजाब के कपूरथला में रेल कोच फैक्ट्री (RCF) और उत्तर प्रदेश के रायबरेली में मॉडर्न कोच फैक्ट्री (MCF) शामिल है। चेन्नई स्थित इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (ICF) ने वर्ष 2024-25 में पिछले उत्पादन रिकॉर्ड को तोड़ने हुए 3,007 कोच का उत्पादन किया है।

पिछले कुछ वर्षों के दौरान भारतीय रेल ने कोच निर्माण क्षेत्र में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की है। 2004 से 2014 के बीच प्रति वर्ष औसतन 3,300 कोच के करीब था। वहीं 2014 से 2024 के बीच कोच उत्पादन का आंकड़ा रिकॉर्ड बढ़ोतरी के साथ 54,809 पहुंच गया, जिसका औसत 5,481 कोच रहा है। कोच निर्माण क्षेत्र में यह वृद्धि भारतीय रेल द्वारा आत्मनिर्भरता हासिल करने की दिशा में निर्णायक है।

इसका उद्देश्य घरेलू निर्माण क्षमता को मजबूत करना, आयात पर निर्भरता को कम करना और रेलवे संरचना में अत्याधुनिक तकनीक को अपनाना है। रेल कोच निर्माण में भारतीय रेल की यह उपलब्धि 'मेक इन इंडिया' पहल को नया आयाम देती है। साथ ही विश्व पटल पर भारत को एक अग्रणी देश के रूप में स्थापित करती है।

कोच उत्पादन में भारतीय रेल की सफलता 'मेक इन इंडिया' पहल का हिस्सा है, जो रेल ट्रांसपोर्ट व्यवस्था को और अधिक कुशल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। एडवांस तकनीक से लैस आधुनिक कोच यात्रियों को ज्यादा आराम, अधिक स्थान और अत्याधुनिक सुविधाएं प्रदान कर रहे हैंगे। इससे यात्रा का अनुभव और ज्यादा आरामदायक बन रहा है। इसके साथ ही उच्च उत्पादन क्षमता से ट्रेनों की संख्या में वृद्धि हो रही है।

# सम्पादकीय

## भारत को घुसपैठ से राहत मिलेगी

आप्रवास और विदेशियों विषयक विधायक 2025 अंततः लोक सभा से पारित हो गया। इधर के दिनों में विशेषकर भारत में बांग्लादेश में रोहिंग्या की भारी घुसपैठ के कारण इस विधायक की जरूरत ज्यादा ही महसूस की जा रही थी। कुछ एजेंटों तथा सक्रिय निहित स्वार्थ के कारण इन दोनों समुदायों के लोग भारत में आकर न केवल भारतीय पहचान पत्र बनवाने में सफल हो जाते हैं बल्कि अपने लिए अस्थाई और अस्थाई अजीविका भी तलाश लेते हैं। अगर मामला यहीं तक सीमित होता तब भी गनीमत थी, लेकिन इन समुदायों के लोग सामान्य से लेकर गंभीर अपराधों तक और यहां तक की भारत-विरोधी गतिविधियों में भी लिप्त पाए गए हैं।भारत सरकार तथा भारतीय हितों के पोषक लोग लंबे समय से इनके खतरे के प्रति आगाह भी करते रहे हैं और इसे नियंत्रित करने के प्रयासों पर चर्चा करते रहे हैं। इन्हीं सब की परिणति है यह नया विधेयक। इस विधेयक पर चर्चा करते हुए गृह मंत्री अमित शाह की इस बात से असहमत नहीं हुआ जा सकता कि भारत कोई धर्मशाला नहीं है कि कोई भी यहां चला आए, बस जाए और बिना किसी रोक-टोक के जो मन आए करता रहे। वास्तविक समस्या बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों की नहीं बल्कि उनकी है जो उनके आगमन को संभव बनाते हैं। उनके रहने और रोजगार की व्यवस्था करते हैं और फिर उन्हें भारत विरोधी गतिविधियों का हिस्सा बनते हैं।अब देखना है कि इस नाम इस कानून के लागू होने के बाद किस तरह से घुसपैठियों पर रोक लगेगी और किस तरह से उनके विरु द्ध कार्रवाई होगी जो भारत में घुसपैठ को सुगम बनाते हैं। याद रखना चाहिए कि इन घुसपैठियों की मदद करने वाले तथा इन्हें भारत में बसने के दस्तावेज उपलब्ध कराने वालों का एक वृहद तंत्र है जो समूचे भारत में फैला हुआ है।यहां यह भी उल्लेखनीय है कि गृह मंत्री ने इस घुसपैठ को रोकने में सहयोग करने का आरोप पश्चिम बंगाल की सरकार पर भी लगाया है। उन्होंने कहा है कि बांग्लादेशी घुसपैठियों के पास जो आधार कार्ड मिलते हैं वह पश्चिम बंगाल में 24 परगना जिले के होते हैं। उम्मीद करनी चाहिए कि यह नया कानून और गृह मंत्री के प्रयास सही परिणति तक पहुंचेंगे, भारत को घुसपैठ से राहत मिलेगी और धर्मशाला खाली होगा।

## सुविचार

इतिहास कहता है कि कल सुख था विज्ञान कहता है कि कल सुख होगा लेकिन धर्म कहता है कि अगर मन सच्चा और दिल अच्छा है तो हर रोज सुख होगा।

**- राजेन्द्र मकवानी**

गलती मानने के लिए बहादुर होना पड़ता हैं. और बहस करने के लिये बदतमीज।

**- एच.एल. खुशाल**

जिन्दगी जीने के लिये अनेक तरीके हो सकते हैं मगर सर्वश्रेष्ठ तरीका वही है, जिससे स्वयं को संतुष्टि मिले और दूसरों को कष्ट न पहुंचे...

**- पुष्पेन्द्र कानूनगो**

संबंधों को निभाने के लिए समय निकालिए वरना, जब आपके पास समय होगा, तब शायद संबंध न बचे हों !

**- विनय दीवान, भोपाल**

बहुत दूर जाने पर ही ज्ञात होता है कि नजदीक कौन है।

**- संजय अग्रवाल, नागपुर**

सांस और विश्वास अलग-अलग नाम है लेकिन काम एक ही करता है।
सांस जाए तो जिस्म ख़त्म और विश्वास जाऐ तो रिश्ता ख़त्म।

**- ताहीर अली, भोपाल**

## विडंबना

'सिर्फ मैं और 'एक बच्चा पर्याप्त है' आने वाले 20 वर्षों में मारवाड़ी परिवारों से कई रिश्ते हमेशा के लिए खत्म हो जाएंगे—भाई, भाभी, देवर, देवरानी, जेठ, जेठानी भाई बहन जैसे रिश्ते धीरे-धीरे इतिहास बन जाएंगे। रिश्तों के आंगन में अब सन्नाटा है,खुशियों का दीप भी बुझ जाता है,जो घर कभी महकते थे अपनेपन से,आज वहां तन्हाई का डेरा है।अब घरों में केवल ढाई-तीन लोगों के परिवार ही बचेंगे। न कोई बड़ा भाई होगा जो सांत्वनादे, न छोटा भाई जो हंसी-ठिठोली करे।बहू भी अकेली होगी, न देवरानी होगी, न जेठानी। यह सब 'सिर्फ मैं और 'एक बच्चा पर्याप्त है' की सोच का नतीजा है। जहां हंसी की गूंज हुआ करती थी,अब वहां खामोशी बिखरी पड़ी है, जो रिश्ते कभी दिल से जुड़े थे,आज वो औपचारिकता में सिमट गए। मारवाड़ी परिवार धीरे-धीरे समाप्त हो रहे हैं।पहले बड़े परिवार छोटे-छोटे घरों में भी खुश रहते थे, लेकिन अब बड़े-बड़े बंगलों में सिर्फ गिनती के लोग ही बचते हैं।यह बेहद चिंता का विषय है। महलों में भी अब सूनापन है,दिलों के रिश्ते बेमानी से हो गए, जो घर कभी अपनापन से भरपूर थे,अब वहां अनजाने एहसासों की छांव है ।हमें अपनी सोच बदलनी होगी।बच्चों की शादी की उम्र 20-24 वर्ष के बीच तय करनी चाहिए।सफलता की दौड़ में विवाह को 30-35 तक टालने से एक पूरी पीढ़ी का अंतर आ जाता है। वक़्त के साथ जो बदल जाता है, वो वक़्त की धारा में बह जाता है, रिश्तों को जो अहमियत नहीं देता, वो एक दिन खुद अकेला रह जाता है।स्वार्थ और अकेलेपन की यह मानसिकता हमारी अगली पीढ़ी के लिए घातक सिद्ध हो रही है।हमें अपने बच्चों को परिवार और रिश्तों की अहमियत सिखानी होगी ताकि वे उनके महत्व को समझें। रिश्तों की डोर अगर टूट गई, तो अपनों का सहारा कौन देगा? जो अकेले चलने की जिद करेगा, वो गिरकर संभलने को तरसेगा।मारवाड़ी समाज से अनुरोध है कि बच्चों को जितनी भाषाएँ सिखाएं, लेकिन घर में मारवाड़ी भाषा का उपयोग अवश्य करें, ताकि हमारी संस्कृति सुरक्षित रह सके। परिवारों के छोटे होने का सबसे बड़ा कारण माता-पिता में संस्कारों की कमी और बढ़ता हुआ अहंकार है।याद रखें, जो बीज आज बो रहे हैं, वही कल वृक्ष बनकर आपके सामने आएंगे। संस्कारों की जड़ें जब सूख जाती हैं, तो परिवार भी बिखर जाते हैं, जो अपनों को नहीं संभाल पाते, उनके घर सन्नाटों से भर जाते हैं।



यह एक गंभीर सोचनीय विषय है!

**लेखक मनीषा जैन पत्रकार इंदौर**

---

भारत का जिन 10 देशों के साथ सबसे ज्यादा व्यापार है,उनमें से अकेले अमरीका ही वह देश है,जिसके साथ हमारा व्यापार फायदे में हैं बाकी सब देशों के साथ हम व्यापार घाटे हैं। लेकिन अमरीका ने जिस तरह से टैरिफ बढ़ाया है उसे देखते हुए कई देश मसलन चीन ही भारत से ज्यादा आयात की सोच रहा है क्योंकि इससे दोनों देशों को फायदा होगा।

# फूट गया अमेरिका का टैरिफ बम...!

डॉ. अनिता राठौर



दैनिक विनय उजाला




अमरीका के हिसाब से 2 अप्रैल 2025 को दिन में,जबकि भारतीय समयानुसार 3 अप्रैल के तड़के 2 बजे,अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आखिरकार दुनिया पर वह टैरिफ बम फोड़ दिया, महीनों से वह अपने जिस टैरिफ बम से दुनिया को डरा रहे थे। व्हाइट हाउस ने इस दिन को मुक्ति दिवस यानी लिबरेशन डे कहा है। इस मौके पर व्हाइट हाउस में आयोजित प्रेस कांफ्रेस में ट्रंप ने भारत का दो बार जिक्र करते हुए कहा कि भारत के मामले में निर्णय मुश्किल रहा। प्रधानमंत्री मोदी हाल ही में यहां आए थे। वो मेरे अच्छे दोस्त हैं। गौरतलब है कि अमेरिका ने भारत पर 26% टैरिफ लगाया है जबकि हम अमूमन अमरीकी सामान पर औसतन 52 फीसदी का टैरिफ लगाते हैं। इस तरह देखा जाय तो अमरीकी राष्ट्रपति भले चुने जाने के पहले से ही रेसीप्रोकल टैक्स यानी जैसे को तैसा अंदाज में टैक्स लगाए जाने की बात करते रहे हों,लेकिन भारत पर उन्होंने हमारे मुकाबले आधा टैक्स ही लगाया है और इसे सही ही 'डिसकाउंटेड टैक्स' कहा है। भारत के इतर अमेरिका ने यही टैक्स चीन पर 34% , यूरोपीय यूनियन पर 20% , साउथ कोरिया पर 25% , जापान पर 24% , वियतनाम पर 46% और ताइवान पर 32% लगाया है। फिलहाल अमेरिका ने करीब 60 देशों पर उनके द्वारा अमरीका पर लगाए जाने वाले टैरिफ की तुलना में आधा टैरिफ लगाने का फैसला किया है।

इसके साथ ही दूसरे देशों से अमेरिकी में आने वाले सभी सामान पर 10% बेसलाइन (न्यूनतम) टैरिफ लगेगा। बेसलाइन टैरिफ 5 अप्रैल को और रेसिप्रोकल टैरिफ 9 अप्रैल की रात 12 बजे के से लागू होंगे।बेसलाइन टैरिफ व्यापार के सामान्य नियमों के तहत आयात पर लगाया जाता है, जबकि रेसिप्रोकल टैरिफ किसी अन्य देश के टैरिफ के जवाब में लगाया जाता है। आठ अप्रैल के बाद से अमेरिका विदेशों में बनने वाले वाहनों पर 25% टैरिफ लगाएगा। अब तक अमेरिका अन्य देशों से मोटरसाइकिलों पर केवल 2.4% टैरिफ वसूलता था। जबकि भारत 60% , वियतनाम 70% और अन्य देश इससे भी अधिक कीमत वसूलते हैं। ट्रंप का मानना है कि दुनिया के ज्यादतर देशों ने अमेरिका को 50 वर्षों तक लूटा है, जिसे आज यानी 2 अप्रैल 2025 से वह खत्म करने की शुरुआत कर चुके हैं। हालांकि अमरीका आज भी दुनिया की सबसे बड़ी इकोनामी है,लेकिन ट्रंप के मुताबिक़ अतीत में अमरीकी हुक्मरानों की गलत नीतियों के कारण अमरीका दुनिया का सबसे बड़ा कर्जदार देश बन गया है,लेकिन अब अमेरिका अमीर बनेगा,दुनिया में सबसे अमीर देश।ट्रंप कहते हैं, 'आज हम अमेरिकी वर्कर के लिए खड़े हो रहे हैं। आखिरकार हम अमेरिका फर्स्ट को लागू कर रहे हैं। हम वास्तव में बहुत धनवान हो सकते हैं। हम इतने अधिक धनवान हो सकते हैं कि हो सकता है यह कई लोगों को अविश्वसनीय लगे, लेकिन अब हम समझदार हो रहे हैं।'

हालांकि विशेषज्ञों का ऐसा मानना नहीं है। अमरीका की प्रतिष्ठित येल यूनिवर्सिटी का मानना है कि इस टैरिफ बम के चलते अमरीका पर मंदी के 35 फीसदी आसार गहरा गए हैं क्योंकि इस टैरिफ बम के कारण हर अमरीकी परिवार पर करीब 35 हजार रूपये सालाना मंहगाई का बोझ बढ़ जाएगा। लेकिन इस टैरिफ बम के फोड़े जाने के बाद से अमरीका के सरकारी खजाने में 46 लाख करोड़ रूपये का इजाफा होगा। मतलब साफ़ है कि अमरीकी सरकार सम्पन्न होगी,लेकिन इस बम के नतीजे से अमरीकी नागरिकों की क्रयशक्ति में कमी आयेगी। जहां तक भारत को अमरीका के इस टैरिफ शिकंजे से होने वाले नुक़सान की बात है तो हम पर इससे करीबी 35 अरब रूपये का बोझ बढेगा। हालांकि इससे भारत को फायदा भी हो सकता है।

भारत का जिन 10 देशों के साथ सबसे ज्यादा व्यापार है,उनमें से अकेले अमरीका ही वह देश है,जिसके साथ हमारा व्यापार फायदे में हैं बाकी सब देशों के साथ हम व्यापार घाटे हैं। लेकिन अमरीका ने जिस तरह से टैरिफ बढ़ाया है उसे देखते हुए कई देश मसलन चीन ही भारत से ज्यादा आयात की सोच रहा है क्योंकि इससे दोनों देशों को फायदा होगा। मतलब यह कि यह टैरिफ बम हमारे लिए फायदे का सौदा साबित हो सकता है।

वैसे अमरीका सिर्फ अपने व्यापार घाटे को कम करने के लिए ही टैरिफ बम का सहारा नहीं ले रहा बल्कि इसे एक औद्योगिक रणनीति के तौरपर भी आजमाना चाहता है। यही वजह है कि अमरीका ने कहा है कि अगर कोई कंपनी टैरिफ से छूट चाहती है, तो उसे अमेरिका में अपना प्रोडेक्ट बनाना होगा। इससे न केवल अमरीकियों को रोजगार मिलेगा बल्कि इस टैरिफ बम से अमेरिका का नए सिरे से औद्योगिक विकास भी होगा। नौकरियां और कारखाने अमेरिका लौटेंगे। यह मन के भीतर का निष्कर्ष नहीं टैरिफ बम के फायदों का खुला नारा भी यही है। ट्रंप का मानना है कि कई देशों ने अमेरिकी बाजार का फायदा लेकर खुद को समृद्ध बनाया, लेकिन अमेरिकी सामान के लिए अपने बाजार में सख्ती लगा दी है। अब ऐसा नहीं चलेगा अब अमेरिका भी अपने फायदे के बारे में सोचेगा। अब नौकरियां और कारखाने अमेरिका में वापस आएंगे। ट्रंप ने इसी टार्गेट के मद्देनजर 2 अप्रैल 2025 को अमेरिका की आर्थिक आजादी का दिन बताया है,उनके मुताबिक़, 'आज का दिन अमेरिका के लिए आर्थिक आजादी का दिन है।

हमें अमेरिका को फिर से महान बनाना है। हम रेसिप्रोकल टैरिफ का ऐलान कर रहे हैं।' वैसे इसका सबसे बड़ा शिकार कंबोडिया हुआ है। अमरीका अब कंबोडिया से आयातित वस्तुओं पर 49 फीसदी और चीन से आयात होने वाले सामान पर 34 फीसदी शुल्क वसूलेगा। अन्य देशों में यूरोपीय संघ से 20 प्रतिशत, दक्षिण कोरिया से 25 प्रतिशत, वियतनाम से 46 प्रतिशत, ताइवान से 32 प्रतिशत, जापान से 24 प्रतिशत थाईलैंड से 36 प्रतिशत,स्विट्जरलैंड 31 प्रतिशत, इंडोनेशिया से भी 32 प्रतिशत, मलेशिया से 24 प्रतिशत, यूनाइटेड किंगडम से 10 प्रतिशत, से दक्षिण अफ्रीका से 30 प्रतिशत, ब्राजील से 10 प्रतिशत बांग्लादेश से 37 प्रतिशत, सिंगापुर से 10 प्रतिशत,इजरायल से 17 प्रतिशत और फिलीपींस से 17 प्रतिशत तथा चिली 10 प्रतिशत टैरिफ वसूलेगा।

अमरीकी राष्ट्रपति इसे अपना एक कठोर निर्णय मानते हैं लेकिन वह यह भी कहते हैं कि उनके पास इसका कोई विकल्प भी नहीं था। उनके मुताबिक़ व्यापार के मामले में मित्र देश, शत्रु से भी ज्यादा बदतर हैं। ट्रंप कहते हैं, 'हम बहुत से देशों को सब्सिडी देते हैं और उन्हें आगे बढ़ाते हैं तथा उन्हें व्यापार में बनाए रखते हैं [ट्रंप ने खास तौरपर यह बात अपने विशेष व्यापार भागीदार विशेष रूप से मेक्सिको और कनाडा के बारे में कही] लेकिन अब इन्हें अपने लिए काम करना होगा। हम अब अमेरिका को पहले स्थान पर रख रहे हैं। क्योंकि व्यापार घाटा अब केवल एक आर्थिक समस्या नहीं है, यह एक राष्ट्रीय आपातकाल है।' इस तरह अमरीका की नजर देखें तो उसकी यह कार्यवाही किसी तरह की मनमानी नहीं बल्कि मजबूरी है।

**[ लेखिका शिक्षा क्षेत्र से जुड़ी हैं ]**

# आखिर क्यों उड़ गई है टीनएजर्स की रातों की नींद ?

नीलम अरोड़ा

किशोरावस्था में शरीर में महत्वपूर्ण परिवर्तन होते हैं। वे वयस्क होने की ओर बढ़ते हैं, जिसकी वजह से उनकी नींद की आदतों में भी बदलाव आने लगते हैं, जिनमें जैविक परिवर्तनों के अलावा उनकी पारिवारिक, शैक्षिक और सामाजिक स्थिति का उनकी नींद के पैटर्न पर असर पड़ता है। उन्हें औसतन रात में 9 घंटे की नींद की जरूरत होती है। लेकिन 80 प्रतिशत किशोर जितनी नींद चाहिए, उतनी नहीं ले पाते। वे औसतन 7 घंटे की नींद लेते हैं। नींद में प्रतिदिन दो घंटे की कमी पूरे सप्ताह में बढ़कर ज्यादा हो जाती है। यही वजह है कि वीकेंड पर वे अपनी नींद पूरी लेने के लिए ज्यादा सोते हैं। रविवार के दिन उन्हें सोने में कठिनाई होती है, जिसकी वजह से उनका नींद का पैटर्न फिर बाधित हो जाता है। पर्याप्त नींद का अभाव किशोर बच्चों को चिड़चिड़ा बनाता है, जिसकी वजह से वह क्लास में हर वक्त ऊघते रहते हैं।

**माता-पिता की अज्ञानता :** जब टीनएजर बच्चे अपनी नींद न पूरी हो पाने के कारण चिड़चिड़े होते हैं तो माता-पिता इसे भी इस दौर की मूड स्विंग समझकर इसे गंभीरता से नहीं लेते। किशोरों को अकसर स्कूल जाने के लिए जाने से पहले एक दो घंटे पहले उठना पड़ता है। स्कूल से लौटकर आने के बाद यदि वे अपनी नींद पूरी नहीं करते तो वे थकान से चूर हो जाते हैं, जिनकी नींद पूरी नहीं होती, वे कक्षा में सर्तक नहीं रहते। उनको कुछ सीखने में भी परेशानियां आती हैं।

**कम नींद लेने की वजह :** किशोर बच्चों में कम नींद की वजह उनमें होने वाले हार्मोनल बदलाव को मान सकते हैं। मेलाटॉनिन हार्मोन का नींद से सीधा संबंध है। टीनएज के दौरान इस हार्मोन का स्त्राव ज्यादा होने से नींद पर इसका असर रहता है और वे लगातार रात में जागते रहते हैं। रात में 11-12 बजे तक अपनी स्टडी में उलझे होने के कारण वो सुबह उठने में भी ना-नुकुर करते हैं। अगर उनकी नींद पूरी न हो पाये तो उनकी दिन की गतिविधियां भी प्रभावित होती हैं। अगर नींद पूरी हो जाए तो कोई समस्या नहीं होती। उनकी नींद पर मौसम का भी बुरा असर होता है। छुट्टियों के दिनों में सर्दी के मौसम में वो अकसर 12 बजे तक सोये रहते हैं जिससे उन्हें अच्छा महसूस होता है।

**स्कूल का समय :** टीनएजर के पास स्कूल और स्कूल के बाद की गतिविधियां ज्यादा होती हैं। स्कूल जाने के लिए सुबह जल्दी उठना पड़ता है। इसलिए पैरेंट्स को चाहिए कि वह बच्चों को रात में जल्दी सोने के लिए कहें। अगर उसे सुबह 7 बजे की स्कूल बस लेनी है तो 10 बजे तक उसे बिस्तर में चले जाना चाहिए। क्योंकि नींद आने में भी 15-20 मिनट या आधा घंटा लग सकता है। भले ही उनके स्कूल के बाद की गतिविधियां, होमवर्क और रात की दूसरी एक्टिविटीज ज्यादा होने से उनकी नींद में खलल पड़ता है। अनियमित नींद का शिड्यूल अकसर उनकी नींद में बाधा होता है। स्कूल के दिनों में भी वो जब रातों को देर तक जागते हैं तो वीकेंड में ही जाकर उनकी नींद पूरी होती है।

**जल्दी कैसे सुलाएं :** मोबाइल फोन, टीवी, गेम स्टेशन, कंप्यूटर, जैसी चीजों के कारण भी उनकी नींद पूरी नहीं होती। उसके कमरे से इन सामानों को थोड़ा दूरी पर रखना चाहिए।

### टीनएजर की पॉजीटिव नींद

पैरेंट्स के चाहिए कि टीनएजर की नींद के प्रति पॉजीटिव रवैय्या अपनाये। अगर वह नींद में है तो उसे एकाएक झकझोरकर या चीख चिल्लाकर नहीं उठाना चाहिए। उसे ही अच्छी नींद की जरूरत और फायदे बताएं। नींद की सही आदतों के फायदे जब उन्हें मिलेंगे तो वे इसका महत्व भी समझते हैं। जिस तरह उन्हें खाने पीने के विषय में आपके दिशा-निर्देश की जरूरत होती है, उसी तरह स्लीप एजुकेशन के विषय में भी उसे समझाना जरूरी है। इसके लिए उसे धीरे धीरे सही समय पर सोने और सही समय पर जगने की आदतें बनाना जरूरी है। वीकेंड पर ज्यादा सोने से बेहतर है प्रतिघंटे 8-9 घंटे की रेगुलर नींद लेना।

---



# मुंह का अल्सर क्या है?

मुँह का अल्सर एक घाव है जो आपके मुँह के अंदर कहीं भी दिखाई देता है । ये घाव आमतौर पर लाल, पीले या सफेद होते हैं, और आपको एक या कई हो सकते हैं।

आपको मुंह में छाले हो सकते हैं:

मसूड़े. जीभ।

मुँह की छत (तालु)।

भीतरी गाल. भीतरी होंठ. ये घाव अक्सर दर्दनाक होते हैं और इनके कारण खाना-पीना और बोलना असुविधाजनक हो जाता है।

मुंह के छाले चिंताजनक हो सकते हैं। किसी भी दर्द और परेशानी के अलावा, मुंह के छाले आमतौर पर हानिरहित होते हैं और एक या दो सप्ताह में अपने आप ठीक हो जाते हैं। लेकिन कुछ प्रकार के मुंह के छाले वायरस, ऑटोइम्यून बीमारियों या जठरांत्र संबंधी समस्याओं जैसी अंतर्निहित स्वास्थ्य स्थितियों की ओर इशारा कर सकते हैं।

लक्षण और कारण मुँह के छाले के लक्षण क्या हैं?

मुंह के छालों को पहचानना आसान होता है। वे आपके मसूड़ों, जीभ, गालों के अंदरूनी हिस्से, होठों के अंदरूनी हिस्से या मुंह की छत पर घाव के रूप में दिखाई देते हैं।

मुँह के छाले आमतौर पर होते हैं :

किनारों पर लाल रंग।

बीच में सफेद, पीला या भूरा।

आपको सिर्फ़ एक अल्सर हो सकता है, या इससे ज़्यादा भी हो सकते हैं। अन्य लक्षणों में ये शामिल हो सकते हैं:

अल्सर के आसपास सूजन. दाँतों को ब्रश करते समय दर्द बढ़ना ।

मसालेदार, नमकीन या खट्टा भोजन खाने से दर्द बढ़ जाना।

मुंह के छाले किस कारण से होते हैं?

मुँह में छाले कई कारणों से हो सकते हैं, जिनमें शामिल हैं:

दंत चिकित्सा से संबंधित कार्य के कारण ऊतकों को होने वाली मामूली चोट, जैसे कि गुहा को भरवाना।

गलती से अपना गाल या जीभ काट लेना।

कुछ बैक्टीरिया के प्रति एलर्जी की प्रतिक्रिया।

ब्रेसेज़ या रिटेनर पहनना .

कठोर या खुरदरे टूथपेस्ट का उपयोग करना।

संतरे, अनानास और स्ट्रॉबेरी जैसे अम्लीय खाद्य पदार्थों का अधिक सेवन करना।

आपके मासिक धर्म के दौरान हार्मोनल परिवर्तन तनाव।

नींद की कमी।

मुँह के छालों से जुड़ी स्वास्थ्य स्थितियाँ

कुछ स्वास्थ्य स्थितियाँ, जिनमें कई ऑटोइम्यून बीमारियाँ भी शामिल हैं, मुँह के छालों का कारण बन सकती हैं। इन स्थितियों में शामिल हो सकते हैं:

विटामिन की कमी वायरल, बैक्टीरियल या फंगल संक्रमण।

क्रोहन रोग। सीलिएक रोग। प्रतिक्रियाशील गठिया. ल्यूपस. बेहचेट रोग.

क्या मुँह के छाले संक्रामक होते हैं?

नहीं। ठंडे घावों के विपरीत, मुंह के छाले संक्रामक नहीं होते हैं।

प्रबंधन और उपचार मुँह के छालों का इलाज कैसे किया जाता है?

जबकि अधिकांश मुंह के छाले अपने आप ठीक हो जाते हैं

मुंह के छालों को प्राकृतिक रूप से तेजी से कैसे ठीक करें मुंह के छालों के लक्षणों से राहत पाने के लिए आप घर पर भी कुछ चीजें कर सकते हैं:

खूब सारा पानी पीओ।

अपने मुंह को यथासंभव स्वच्छ रखने के लिए अच्छी मौखिक स्वच्छता का अभ्यास करें।

प्रतिदिन कुछ बार गर्म नमक वाले पानी से अपना मुँह धोएं।

हाइड्रोजन पेरोक्साइड और पानी को बराबर मात्रा में मिलाकर मिश्रण बना लें और दिन में दो बार इससे अपना मुंह धोएँ।

अल्सर ठीक होने तक गर्म और मसालेदार भोजन से बचें।

ओराजेल या एन्बेसोल् जैसे ओवर-द-काउंटर (ओटीसी) सामयिक एनेस्थेटिक का उपयोग करें।



दैनिक विनय उजाला

## अंधेरी स्टेशन पर मध्य एफओबी की दक्षिणी सीढ़ी अस्थायी रूप से बंद

**मुंबई (विनय उजाला)।** अंधेरी स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 4 एवं 5 पर स्थित मध्य फुट ओवर ब्रिज की दक्षिण दिशा की सीढ़ी रिप्लेसमेंट कार्य के चलते 07 अप्रैल से 06 जून, 2025 तक अस्थायी रूप से बंद रहेगी। यात्रियों से अनुरोध है कि सुविधा हेतु स्टेशन पर उपलब्ध वैकल्पिक सीढ़ियों और फुट ओवर ब्रिज का उपयोग करें।

ब्राइट आउटडोर मीडिया लिमिटेड का बीएसई पर दो शानदार वर्षों का सफर

## उत्कृष्टता, नवाचार और डिजिटल परिवर्तन की यात्रा

विनय उजाला

ब्राइट आउडडोर मीडिया लिमिटेड का बीएसई एसएमई प्लेटफार्म पर सफर जुनून, रचनात्मकता और अभूतपूर्व उपलब्धियों से भरा हुआ है। 24 मार्च 2023 को अपनी यादगार आईपीओ के साथ शुरुआत करने के बाद से, कंपनी ने पारंपरिक तरीकों को डिजिटल परिवर्तन के साथ सहजता से मिश्रित कर इस उद्योग को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया है। अभिनव विचारों और प्रेरक सहयोगों के साथ, ब्राइट आउडडोर ने शहरी परिदृश्यों को बदल दिया है, उन्नत डिजिटल एलईडी स्क्रीन को एकीकृत करके शहरों को जीवंत बना दिया है और एक ऐसे भविष्य के लिए मंच तैयार किया है, जो तकनीक और रचनात्मकता द्वारा परिभाषित होगा।

इन दो उज्जवल वर्षों में, ब्राइट आउडडोर ने शहरी आकाशों को रोशन किया और बाहरी विज्ञापन की दुनिया में एक अनोखी जगह बनाई है। इसकी समृद्ध पोर्टफोलियो अब प्रीमियम आउटडोर स्पेस, गतिशील ट्रांजिट मीडिया, डिजिटल बिलबोर्ड्स और रेलवे प्रोजेक्ट्स तक फैली हुई है, जो सभी एक मजबूत डिजिटल फोकस के साथ हैं। अत्याधुनिक डिजिटल एलईडी स्क्रीन को स्थापित करके और आगे डिजिटल नवाचारों की योजना बनाकर, कंपनी ने यादगार दृश्य अनुभव तैयार किए हैं, जो आधुनिक दर्शकों के साथ गूंजते हैं और डिजिटल युग में ब्रांडों के साथ उपभोक्ताओं के जुड़ने के तरीके को फिर से परिभाषित किया है। ब्राइट आउडडोर का सफर कई प्रमुख उपलब्धियों से सज्जित है, जो उन बिलबोर्ड्स की तरह चमकते हैं जो यह बनाती है:

विशिष्ट विज्ञापन सफलता: 2024 में, कंपनी ने पश्चिमी रेलवे के विज्ञापन टेंडर को हासिल किया, जिसमें 11 प्रमुख स्थानों पर जिम्मेदारी ली, जिनमें कंदिवली रोड ओवर ब्रिज, गोरेगाँव रोड ओवर ब्रिज और मृणाल ताई गोरे फ्लाईओवर शामिल हैं। चार एलईडी डिस्प्ले और सात स्थिर होर्डिंग्स के साथ इन स्थलों को रोशन करते हुए, यह कदम विज्ञापनदाताओं को अपार दृश्यता प्रदान करता है।

## एडब्लूएल एग्री बिजनेस लिमिटेड ने होरेका और बी2बी सेगमेंट में प्रोफेशनल बेकर्स के लिए फॉर्च्यून केक प्रीमिक्स लॉन्च करके पोर्टफोलियो का किया विस्तार

**उच्च गुणवत्ता वाले केक उत्पादन को सक्षम करने के लिए बेहतरीन सामग्री का उपयोग करके तैयार किया गया**

विनय उजाला

**नई दिल्ली।** भारत की सबसे बड़ी खाद्य एफएमसीजी कंपनियों में से एक, एडब्लूएल एग्री बिजनेस लिमिटेड (जिसे पहले अदाणी विल्मर लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) ने आज बीटूबी और होरेका सेगमेंट के लिए अपने बढ़ते उत्पाद बास्केट में फॉर्च्यून केक प्रीमिक्स को शामिल करने की घोषणा की।

भरोसेमंद फॉर्च्यून ब्रांड पर आधारित, फॉर्च्यून केक प्रीमिक्स तीन वैरिएंट में उपलब्ध होगा - क्लासिक वेनिला, प्रीमियम वेनिला और प्रीमियम चॉकलेट, जो असाधारण केक बनाने के लिए एक बहुमुखी आधार प्रदान करता है।

यह उत्पाद AWL एग्री बिजनेस लिमिटेड की पेशेवर-ग्रेड केक प्रीमिक्स की बढ़ती ज़रूरत को पूरा करने की प्रतिबद्धता को पुष्ट करता है जो एकरूपता, समृद्ध स्वाद और तैयारी में आसानी प्रदान करता है और साथ ही गतिशील रसोई के माहौल में मूल्यवान समय की बचत करता है। यह उत्पाद बेकरी शेफ़, पेस्ट्री शेफ़, प्रोक्योरमेंट मैनेजर, होम बेकर्स, क्लाउड किचन और कैटरिंग सेवाओं सहित उपयोगकर्ताओं के एक व्यापक स्पेक्ट्रम को लक्षित करता है, जो उन्हें एक भरोसेमंद और बेहतर बेकिंग समाधान प्रदान करता है। प्रोडक्ट का अंडा रहित निर्माण शाकाहारी, एग-इंटोलेरेंट और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक उपभोक्ताओं का ध्यान रखता है। उत्पाद की गुणवत्ता हर बार एक जैसा परिणाम और स्वादिष्ट, उच्च गुणवत्ता वाला स्वाद सुनिश्चित करती है। सुव्यवस्थित और त्वरित खाना पकाने की तैयारी व्यस्त रसोई के वातावरण में मूल्यवान समय बचाती है, और प्रीमिक्स अद्वितीय टॉपिंग, फिलिंग और स्वाद जोड़ने के लिए एक खाली कैनवास प्रदान करता है, जो बहुमुखी प्रतिभा और अनुकूलन प्रदान करता है।

उपभोक्ता के खरीद-व्यवहार को समझने के लिए व्यापक मार्केट रिसर्च द्वारा समर्थित, उत्पाद को बेहतरीन सामग्री का उपयोग करके तैयार किया गया है ताकि पेशेवर बेकर्स को उच्च गुणवत्ता वाले केक उत्पादन के लिए आवश्यक स्थिरता प्रदान की जा सके, जिससे पारंपरिक रूप से बेकिंग से जुड़ी चुनौतियां दूर हो जाएं। प्रीमियम और मानकीकृत बेकरी उत्पादों के लिए बढ़ती प्राथमिकता को पहचानते हुए, फॉर्च्यून केक प्रीमिक्स उन लोगों की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए तैयार किया गया है जो आसान बेकिंग समाधान चाहते हैं।

एडब्लूएल एग्री बिजनेस लिमिटेड के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट- सेल्स और मार्केटिंग, मुकेश मिश्रा ने कहा, कई सालों से, एडब्लूएल एग्री बिजनेस लिमिटेड बी2बी और होरेका सेगमेंट के लिए एक भरोसेमंद आपूर्तिकर्ता रहा है, जो गुणवत्तापूर्ण सामग्री प्रदान करता है जिस पर पेशेवर भरोसा करते हैं।

# बाग प्रिंट... एक विरासत, एक पहचान

## बाग प्रिंट केवल एक हस्तशिल्प नहीं, यह संस्कृति, परंपरा और आत्म-अभिव्यक्ति का संगम है...



ताहिर अली
दैनिक विनय उजाला

**मध्यप्रदेश के धार जिले का छोटा सा कस्बा बाग केवल भौगोलिक पहचान नहीं, बल्कि एक समृद्ध हस्तकला का केंद्र है। यहां विकसित हुई बाग प्रिंट की कला सदियों पुरानी विरासत को जीवित रखते हुए वैश्विक मंचों पर अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुकी है।**

भोपाल

यह हस्तशिल्प कला प्राकृतिक रंगों और हाथ से तराशे गए लकड़ी के ब्लॉकों के माध्यम से कपड़ों पर एक अनोखी छाप छोड़ती है। इस कला को पुनर्जीवित करने और इसे नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में मोहम्मद यूसुफ खत्री और उनका परिवार महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उनके अथक प्रयासों ने बाग प्रिंट को भारत और वैश्विक मंच में एक विशिष्ट पहचान दिलाई है।

### बाग प्रिंट... ऐतिहासिक धरोहर का पुनर्जागरण

बाग प्रिंट की परंपरा सदियों पुरानी है और यह मूल रूप से खत्री समुदाय द्वारा संरक्षित और संवर्धित की गई। पहले यह कला केवल स्थानीय जरूरतों तक सीमित थी, लेकिन समय के साथ आधुनिक तकनीकों और मिलावट भरे रंगों के चलते इसकी पारंपरिक पहचान खतरे में पड़ने लगी। बाग प्रिंट को विलुप्त होने से बचाने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका स्वर्गीय इस्माईल खत्री की रही। उन्होंने इस कला को पुनर्जीवित करने के लिए परंपरागत तकनीकों में नवाचार किए और प्राकृतिक रंगों के उपयोग को बढ़ावा दिया। बाग प्रिंट के जनक स्वर्गीय इस्माईल खत्री द्वारा स्थापित इस कला की विरासत को आज भी उनके परिवार के सदस्य पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ आगे बढ़ा रहे हैं।

बाग प्रिंट की इस समृद्ध परंपरा को जीवित रखने में मो. यूसुफ़ खत्री, स्व. मो. अब्दुल क़ादर खत्री, रशीदा बी खत्री, बिलाल खत्री, मो. रफ़ीक खत्री, उमर मो. फारूख खत्री, मो. काज़ीम खत्री, मो. आरिफ खत्री, अब्दुल करीम खत्री, गुलाम मो. खत्री, कासिम खत्री, अहमद खत्री और मोहम्मद अली खत्री जैसे शिल्पकारों का उल्लेखनीय योगदान है। यह परिवार कला, नवाचार और परंपरा के संतुलन को बनाए रखते हुए, बाग प्रिंट को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

पीएम मोदी ने बाग प्रिंट कला को सराहा

## खुद बाग प्रिंट का ठप्पा लगाकर पारंपरिक कला को किया प्रोत्साहित



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ग्लोबल इन्वेस्टर समिट भोपाल में एमपी पवेलियन का अवलोकन किया। जहां मध्यप्रदेश के हस्तशिल्प, टेक्सटाइल और स्थानीय उद्योगों का प्रदर्शन किया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने बाग प्रिंट के युवा शिल्पकार मोहम्मद आरिफ खत्री के स्टॉल का अवलोकन किया और खुद बाग प्रिंट का ठप्पा लगाकर इस पारंपरिक कला की महत्ता को रेखांकित किया। इस अवसर पर राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित थे। भोपाल में आयोजित दो दिवसीय ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 60 देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए, जिनमें 13 राजदूत, 6 उच्चायुक्त और कई महावाणिज्य दूत मौजूद रहे।

उल्लेखनीय है कि आरिफ खत्री, जो 15 वर्षों से इस कला में सक्रिय हैं, ने बाग प्रिंटिंग को आधुनिक डिजाइनों और तकनीकों से जोड़ते हुए इसे वैश्विक पहचान दिलाई है। उन्हें 2021 में यूनेस्को एवं विश्व शिल्प परिषद द्वारा अवार्ड ऑफ एक्सीलेंस से सम्मानित किया गया था। उनके परिवार ने अमेरिका, इंग्लैंड, जर्मनी, जापान, रूस, स्पेन सहित कई देशों में बाग प्रिंट का प्रदर्शन कर भारत और मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाया है।

### बाग प्रिंट को जीवंत रखने और वैश्विक पहचान दिलाने में खत्री परिवार दशकों से दे रहा योगदान

बाग प्रिंट को आज के दौर में जीवित रखने और आगे बढ़ाने में खत्री परिवार की कई पीढ़ियों का योगदान रहा है। उनके परिश्रम और समर्पण ने इस कला को एक नए मुकाम तक पहुंचाया है। एक समय था जब बाग प्रिंट की चमक धीरे-धीरे फीकी पड़ने लगी थी। आधुनिकता के प्रभाव में हस्तशिल्प उद्योग सिकुड़ने लगा था, लेकिन स्वर्गीय इस्माईल खत्री ने इसे पुनर्जीवित करने का संकल्प लिया। उन्होंने पारंपरिक तकनीकों को संरक्षित रखते हुए, नए प्रयोग किए, जिससे बाग प्रिंट को नया जीवन मिला। स्वर्गीय अब्दुल कादर खत्री और मोहम्मद यूसुफ खत्री ने इस यात्रा को आगे बढ़ाया और इस कला को वैश्विक मंचों तक पहुंचाया। उनके प्रयासों से यह प्रिंटिंग तकनीक सिर्फ धार जिले तक सीमित नहीं रही, बल्कि भारत और विदेशों में भी प्रसिद्ध हो गई।

### कलाकारों का दृष्टिकोण

बाग प्रिंट को संजोने और वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने में खत्री परिवार की कई पीढ़ियों का योगदान रहा है। जब इस कला के संरक्षण और भविष्य को लेकर खत्री परिवार के सदस्यों और अन्य कलाकारों से चर्चा की गई, तो उनके विचारों से पता चला कि यह केवल व्यवसाय नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक आंदोलन है। मो. यूसुफ़ खत्री का कहना है कि - हमारे पिता ने हमें सिखाया कि कला केवल जीविका का साधन नहीं, बल्कि आत्मा की अभिव्यक्ति है। स्वर्गीय अब्दुल कादर भाई ने इस सीख को आत्मसात किया और बाग प्रिंट को नई ऊंचाइयों तक ले गए। हमें गर्व है कि हमारी कला आज एक पहचान बन चुकी है। हमारी आने वाली पीढ़ियां भी इस कला को जीवित रखने में लगी हुई हैं। बिलाल खत्री (मो. यूसुफ़ खत्री के बेटे) कहते हैं कि पिताजी का सपना था कि बाग प्रिंट को एक ब्रांड के रूप में पहचाना जाए। आज, जब हम इसे वैश्विक स्तर पर देख रहे हैं, तो हमें गर्व महसूस होता है, लेकिन हमारी जिम्मेदारी यहीं खत्म नहीं होती, हमें इसे और आगे ले जाना है। रशीदा बी खत्री (स्वर्गीय अब्दुल कादर खत्री की पत्नी) कहती हैं कि, हम सब इस कला के लिए एकजुट हैं। यह सिर्फ हमारा व्यवसाय नहीं, बल्कि हमारी परंपरा और पहचान है। जब हम किसी कपड़े पर हाथ से छपाई करते हैं, तो उसमें हमारी आत्मा झलकती है।









### बाग प्रिंट में खत्री परिवार के प्रमुख शिल्पकारों का योगदान

**बाग प्रिंट भारत की एक प्राचीन हस्तकला है, जिसमें प्राकृतिक रंगों और हाथ से बने लकड़ी के ब्लॉकों का उपयोग कर कपड़ों पर सुंदर और जटिल डिज़ाइन उकेरे जाते हैं। मध्य प्रदेश के धार जिले के बाग कस्बे में इस कला को जीवित और विकसित करने में कई प्रमुख शिल्पकारों का योगदान रहा है। इनमें से कुछ प्रमुख नाम इस प्रकार हैं-**

**इसमाईल सुलेमानजी खत्री -** इसमाईल सुलेमान खत्री बाग प्रिंट ठप्पा छपाई कला के जनक और संरक्षक थे, जिन्होंने इस परंपरागत कला को वैश्विक पहचान दिलाई। मध्यप्रदेश के मनावर में जन्मे, उन्होंने अपने पिता से इस विरासत को अपनाया और इसके संरक्षण व विकास में जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने आदिवासी और पारंपरिक लोक कलाओं को बाग प्रिंट में समाहित कर इसे नया आयाम दिया। 1977-78 में उन्हें राज्य स्तरीय पुरस्कार और 1984 में राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। समाजसेवा की भावना से प्रेरित होकर, उन्होंने गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन करने वाले 2500 से अधिक युवाओं को निःशुल्क प्रशिक्षण दिया, जिससे कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित हुए। उनके शिष्य, विशेष रूप से मोहम्मद यूसुफ खत्री, इस कला को आगे बढ़ा रहे हैं और बाग प्रिंट को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इसमाईल सुलेमान खत्री का योगदान न केवल इस कला के संरक्षण में है बल्कि इसके भविष्य को भी सुनिश्चित करने में अहम रहा है।

**जैतून बी (पत्नी स्व. इस्माईल खत्री) -** जैतून बी बाग प्रिंट की वयोवृद्ध शिल्पकार थीं, जिन्होंने इस परंपरा को आगे बढ़ाया। उनके पिता इलियास खत्री ने गुजरात के दाहोद में इस कला को जीवित रखा था, जिससे उन्होंने इसे सीखा। विवाह के बाद वे मध्य प्रदेश आईं और अपने पति, स्व. इस्माईल खत्री, जो बाग प्रिंट के जनक माने जाते हैं, के साथ मिलकर इस कला को विकसित किया। उनके प्रयासों से कई महिलाओं और युवाओं को प्रशिक्षण मिला, जिससे यह कला रोजगार का माध्यम बनी।

**स्व. अब्दुल कादिर खत्री -** स्वर्गीय अब्दुल कादिर खत्री, इस्माईल खत्री के पुत्र, बाग प्रिंट के एक अनुभवी शिल्पकार थे, जिन्होंने इस हस्तकला को अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाया। उन्होंने पारंपरिक डिज़ाइनों में आधुनिकता जोड़ते हुए इसे नया रूप दिया और इसे व्यावसायिक रूप से स्थापित करने में मदद की। वे देश के प्रमुख फैशन संस्थानों में छात्रों को प्रशिक्षण देते थे। उन्हें भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय पुरस्कार, यूनेस्को और वर्ल्ड क्राफ्ट्स काउंसिल द्वारा अंतरराष्ट्रीय अवार्ड ऑफ एक्सीलेंस मिला।

**रशीदा बी खत्री (पत्नी स्व. अब्दुल कादिर खत्री) -** रशीदा बी खत्री ने अपने ससुर इस्माईल खत्री और पति अब्दुल कादिर से बाग प्रिंट की कला सीखी और उनके निधन के बाद भी इसे आगे बढ़ाया। उन्हें राष्ट्रीय मेरिट पुरस्कार और मध्य प्रदेश सरकार द्वारा विशिष्ट राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

**शिल्प गुरु मोहम्मद युसूफ खत्री -** मोहम्मद युसूफ खत्री बाग प्रिंट के शिल्प गुरु माने जाते हैं और उनके पास 47 वर्षों का अनुभव है। उन्होंने नए वेजिटेबल डाई (प्राकृतिक रंग) विकसित किए, जिससे बाग प्रिंट की अंतरराष्ट्रीय मांग बढ़ी। वे दो राष्ट्रीय पुरस्कार, सात अंतरराष्ट्रीय यूनेस्को पुरस्कार और शिल्प गुरु पुरस्कार से सम्मानित हैं। उन्होंने विदेशों में भी भारतीय शिल्प को बढ़ावा दिया।

**हसीना खत्री (पत्नी मोहम्मद युसूफ खत्री) -** हसीना खत्री ने अपने पति और ससुराल में रहते हुए बाग प्रिंट सीखा और इस कला में योगदान दिया। उन्हें मध्य प्रदेश सरकार द्वारा विश्वकर्मा पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

**मोहम्मद रफीक खत्री -** मोहम्मद रफीक खत्री, इस्माईल सुलेमान खत्री के पुत्र, बाग प्रिंट के कुशल शिल्पकारों में से एक हैं। वे स्पेन, पुर्तगाल, इजराइल जैसी जगहों पर अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनियों में भाग लेकर पुरस्कार प्राप्त कर चुके हैं।



**मोहम्मद दाऊद खत्री -** मोहम्मद दाऊद खत्री पारंपरिक बाग प्रिंट शिल्पी हैं, जिन्होंने बचपन में ही इस कला को सीख लिया था। वे मध्य प्रदेश सरकार के सिल्क फैडरेशन और खादी ग्रामोद्योग के लिए बाग प्रिंट की साड़ियों, सूट, दुपट्टे, स्टोल और अन्य कपड़ों की आपूर्ति कर चुके हैं। उन्होंने कई राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय पुरस्कार प्राप्त किए हैं और बाग प्रिंट को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाई है।

**उमर फारूक खत्री -** उमर फारूक खत्री, इस्माईल सुलेमानजी खत्री के पुत्र, बाग प्रिंट में नये प्रयोग करने वाले कलाकारों में से एक हैं। उन्होंने इंडिगो डाई (नील) के प्रयोग को पुनर्जीवित किया और राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई पुरस्कार प्राप्त किए।

**मोहम्मद बिलाल खत्री -** मोहम्मद बिलाल खत्री बाग प्रिंट की नई पीढ़ी के उभरते हुए कलाकारों में से एक हैं। उन्होंने पारंपरिक डिजाइनों में आधुनिक तकनीकों का समावेश किया और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनियों में भाग लेकर बाग प्रिंट को नई पहचान दिलाई।

**अरिफ खत्री -** अरिफ खत्री बाग प्रिंट के समर्पित शिल्पकारों में से एक हैं, जो इस कला को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में जुटे हैं। उन्होंने अपने परिवार की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए बाग प्रिंट में नवीन प्रयोग किए और प्राकृतिक रंगों के साथ आधुनिक डिजाइन विकसित किए। उनकी कलाकृतियों ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार में खास पहचान बनाई है। वे युवा शिल्पकारों को प्रशिक्षित कर इस पारंपरिक कला को संजोने का कार्य कर रहे हैं। बाग प्रिंट कला को जीवित रखने और विकसित करने में इन शिल्पकारों का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। उनकी मेहनत और नवाचारों के कारण यह कला भारत ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सम्मान प्राप्त कर चुकी है।

1. **स्व. श्री ईस्माइल खत्री** बाग प्रिंट के जनक
2. **स्व. जैतून बी खत्री** बाग प्रिंट शिल्पी
3. **स्व. अब्बदुल कादर खत्री** बाग प्रिंट शिल्पकार
4. **राशीदा बी खत्री** बाग प्रिंट शिल्पी
5. **युसूफ खत्री** बाग प्रिंट शिल्पकार
6. **हसीना खत्री** बाग प्रिंट शिल्पी
7. **मोहम्मद रफीक खत्री** बाग प्रिंट शिल्पकार
8. **मोहम्मद दाऊद खत्री** बाग प्रिंट शिल्पकार
9. **उमर फारूख खत्री** बाग प्रिंट शिल्पकार
10. **मोहम्मद बिलाल खत्री** बाग प्रिंट शिल्पकार
11. **आरिफ खत्री** बाग प्रिंट शिल्पकार

### बाग प्रिंट को लेकर खत्री परिवार का क्या अनुभव रहा?





उमर फ़ारूख़ खत्री इस सवाल के जवाब में कहते हैं, शुरुआत में लोगों को समझाना बहुत मुश्किल था कि यह केवल एक परंपरागत कला नहीं, बल्कि एक जीवंत धरोहर है। धीरे-धीरे जब हमारे डिज़ाइनों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहना मिली, तो हमें लगा कि हम सही दिशा में जा रहे हैं। आज, जब विदेशों में लोग हमारे प्रिंट पहने हुए दिखते हैं, तो खुशी का अहसास होता है।

### भविष्य की संभावनाएं

बाग प्रिंट आज दुनिया के कई देशों में अपनी पहचान बना चुका है। स्पेन, जर्मनी, फ्रांस, इटली, अमेरिका, कोलंबिया, थाईलैंड, रूस, चीन, अर्जेंटीना और बहरीन में इस कला का प्रदर्शन किया जा चुका है। श्री आरिफ़ खत्री कहते हैं कि हमारी अगली पीढ़ी को बाग प्रिंट को केवल संरक्षित नहीं, बल्कि इसे और अधिक वैश्विक बनाना होगा। नई तकनीकों और डिजाइनों से इसे आधुनिक फैशन उद्योग से जोड़ना हमारा लक्ष्य है। इससे न केवल इस कला को नया जीवन मिलेगा, बल्कि हमारे शिल्पकारों को भी अधिक अवसर प्राप्त होंगे। यूसुफ खत्री भी इस बात पर सहमति जताते हैं। उनका मानना है कि बाग प्रिंट को सिर्फ पारंपरिक कपड़ों तक सीमित न रखते हुए, इसे होम डेकोर, एक्सेसरीज़ और आधुनिक फैशन ब्रांड्स के साथ जोड़ना होगा। बिलाल खत्री इस दिशा में कई नवाचार कर रहे हैं। वे कहते हैं, आज, जब दुनिया सस्टेनेबल फैशन और इको-फ्रेंडली प्रोडक्ट्स की ओर बढ़ रही है, बाग प्रिंट की प्राकृतिक रंगाई और हस्तनिर्मित छपाई इसे एक अनोखी और टिकाऊ कला बनाती है। हमें इसे बड़े डिज़ाइन हाउस और फैशन ब्रांड्स तक पहुंचाने का प्रयास करना होगा।

### युवा पीढ़ी की भूमिका

बाग प्रिंट को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में युवा कलाकारों की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। बिलाल खत्री जैसे युवा कलाकार अब इस कला को डिजिटल युग और अंतरराष्ट्रीय बाजारों के साथ जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। हमारी अगली पीढ़ी को बाग प्रिंट को केवल संरक्षित नहीं, बल्कि इसे और अधिक वैश्विक बनाना होगा। नई तकनीकों और डिजाइनों से इसे आधुनिक फैशन उद्योग से जोड़ना हमारा लक्ष्य है।

**आरिफ खत्री** (स्वर्गीय अब्दुल कादर खत्री के बेटे)

### हमारा लक्ष्य सिर्फ व्यापार नहीं, बल्कि परंपरा को जीवित रखना है

यूसुफ खत्री और उनका परिवार इस दिशा में सराहनीय कार्य कर रहे हैं। अगर इसी गति से नवाचार और विस्तार जारी रहा, तो वह दिन दूर नहीं जब बाग प्रिंट वैश्विक फैशन और आर्ट इंडस्ट्री का अभिन्न हिस्सा बन जाएगा। स्वर्गीय अब्दुल कादर खत्री कहते थे कि हमारा लक्ष्य सिर्फ व्यापार नहीं, बल्कि हमारी परंपरा को जीवित रखना है। जब कोई युवा इसे सीखता है और अपनी आजीविका बनाता है, तो हमें सबसे ज्यादा खुशी होती है। बाग प्रिंट सिर्फ एक कला नहीं, बल्कि यह भारत की आत्मा का प्रतिबिंब है। यह एक ऐसी विधा है, जिसने समय के साथ खुद को ढालते हुए भी अपनी मौलिकता नहीं खोई है। लेखक के रूप में इस यात्रा को समझने के बाद, यह स्पष्ट होता है कि बाग प्रिंट का भविष्य तभी उज्ज्वल रहेगा जब यह केवल एक पारंपरिक कला नहीं, बल्कि एक विकसित और व्यावसायिक रूप से सफल ब्रांड बने। इसके लिए सरकार, समाज, और शिल्पकारों को मिलकर काम करना होगा।

*(लेखक सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक जनसम्पर्क हैं)*

## संक्षिप्त समाचार

### जल गंगा संवर्धन अभियान नोडल अधिकारी नियुक्त

उज्जैन, निप्र। सीईओ जिला पंचायत श्रीमति जयति सिंह ने जानकारी दी कि राज्य शासन द्वारा जल संरक्षण व संवर्धन के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत जन भागीदारी से जल स्त्रोत की साफ-सफाई, संरक्षण, संवर्धन, जीर्णोद्धार आदि कार्य किए जाना है। सीईओ जिला पंचायत ने ग्रामीण क्षेत्र में अभियान अंतर्गत प्रचार-प्रसार, प्रोसीडिंग कार्य, व जल सप्लाई प्रबंधन के संबंध में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से समन्वय हेतु जिला समन्वयक एसबीएम जिला पंचायत श्रीमति कविता उपाध्याय को व जलदूतों का चिन्हांकन एवं पंजीयन हेतु जिला प्रबंधक एनआरएलएम अमित ब्रिजवानी, शासन के निर्देशों को ਫ਼4 ड्ढड्डड्डह्व पोर्टल पर अपलोड होने वाले डेटा की मानीटरिंग, प्रशिक्षण व समस्त विभागों से समन्वय का दायित्व वरिष्ठ डाटा मैनेजर (मनरेगा) मुकेश मसानी को, जानकारी संकलन हेतु वरिष्ठ प्रशिक्षक ई-गवर्नेंस अंकित बिसेन को, रेन वाटर हार्वेस्टिंग व सोलर रूफ टॉप की मानीटरिंग हेतु अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी बृजेश पटेल को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

### उप मुख्यमंत्री आज भूमिपूजन करेंगे

उज्जैन, निप्र। उप मुख्यमंत्री और लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेन्द्र शुक्ल आज दोपहर 1 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घ?ट्टिया का भूमिपूजन, कार्यालय जनपद पंचायत घ?ट्टिया के प्रांगण में करेंगे। इसके पश्चात उज्जैन आकर श्री महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन कर इन्दौर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### निगम के माध्यम से होगा दीनदयाल जन आजीविका योजना का संचालन- महापौर

उज्जैन, निप्र। आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा जारी दीनदयाल जन आजीविका योजना (शहरी) अंतर्गत गरीब परिवारों के साथ 6 कमजोर वर्ग जैसे कि निर्माण श्रमिक (Construction Worker), घरेलू श्रमिक (Domestic Worker), अपशिष्ट श्रमिक (Waste Worker), परिवहन श्रमिक (Trasportation Worker), गिग श्रमिक (Gig Worker) एवं संरक्षण श्रमिक (Care Worker) के हितग्राहियों को भी लाभ दिए जाने के लिये योजना का संचालन किया जा रहा है। जिसका संचालन अब नगर निगम द्वारा किया जाएगा। महापौर मुकेश टटवाल द्वारा बताया गया है कि उक्त योजना अंतर्गत सर्वप्रथम सबंधित हितग्राहियों के परिवार का सर्वे किया जाएगा। तत्पश्चात केंद्र शासन की योजना से जोड़ा जाएगा। उक्त योजना में शहर के समस्त पार्षदगण से सहयोग की अपेक्षा है।

### आज अभिनन्दित होंगे मालवा के दो रत्न

उज्जैन, निप्र। 27वां राष्ट्रीय क्रांतिवीर अवार्ड 2025 का आयोजन आज 4 अप्रैल 2025, शुक्रवार को सायंकाल 6.30 बजे से उज्जयिनी के क्षिप्रा तट (दत्त अखाड़ा घाट) पर आयोजित किया जायेगा। आज के इस कार्यक्रम के प्रमुख आकर्षण छत्तीसगढ़ बस्तर के समाजसेवी होंगे। राष्ट्रीय चेतना के भाव को जगाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए आपने बस्तर के आदिवासी कन्याओं को शिक्षित करने एवं सुकमा - बीजापुर हमले के बाद नक्सलवादियों से कोबरा कमांडो राकेश्वर सिंह मन्हास की रिहाई सुनिश्चित करने जैसे अनेक सामाजिक कार्यों में अपने जीवन को समर्पित किया है। इनको 27 वें राष्ट्रीय क्रांतिवीर अवार्ड से अलंकृत किया जायेगा। आज के इस कार्यक्रम के प्रमुख आकर्षण छत्तीसगढ़ बस्तर के शिक्षाविद, समाजसेवी पद्मश्री धर्मपाल सैनी को 27 वें राष्ट्रीय क्रांतिवीर अवार्ड से अलंकृत किया जायेगा। कार्यक्रम के आयोजक डॉ. प्रकाश रघुवंशी एवं ओमप्रकाश खत्री ने इस भव्य आयोजन के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि मालवा के सुप्रसिद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, समाज सेवी, लेखक एवं पत्रकार रामचन्द्र रघुवंशी काकाजी के पुण्य स्मरण दिवस 4 अप्रैल को इस आयोजन की शुरुआत 1999 में की गई। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए आयोजन समिति के प्रमुख डॉ. शैलेन्द्र पाराशर, प्रमुख समाजसेवी सुधीर भाई गोयल ने बताया कि आज के इस आत्मीय आयोजन की अध्यक्षता श्रीमती कलावती यादव (सभापति उज्जैन नगर निगम) करेंगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलपति विक्रम विश्वविद्यालय डॉ. अर्पण भारद्वाज, विशेष अतिथि अनिल कालुहेड़ा (विधायक उज्जैन उत्तर), समाजसेवी नारायण यादव, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट अशोक यादव, भारत के एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष संजीव सरण, मुंबई, एडवोकेट नरेन्द्र कुमार छाजेड़ एवं डॉ. विजय कुमार महाड़िक होंगे।

## सेलेब्रिटी और ब्यूटी एक्सपो का आयोजन 10 अप्रैल को

# ओ माय गॉड फिल्म अभिनेत्री पूनम झावर होगी मुख्य आकर्षण का केंद्र

विनय उजाला




उज्जैन, निप्र। इंडियन तुलसी ब्यूटी एसोसिएशन प्राइवेट लिमिटेड एवं श्री श्याम इवेंट द्वारा सेलिब्रिटी और ब्यूटी एक्सपो का आयोजन 10 अप्रैल गुरुवार को इंदौर रोड स्थित एक निजी होटल पर होने जा रहा है। इवेंट आयोजक बॉलीवुड मेकअप आर्टिस्ट प्रिंस पंवार, आईटीबीए वाइस प्रेसिडेंट श्रीमती वंदना शर्मा, सेलिब्रिटी इवेंट आयोजक श्रीमती कल्पना कोल्टे, बॉलीवुड मेकअप आर्टिस्ट श्रीमती शैली शर्मा, इवेंट आयोजक इंदौर श्रीमती प्रियंका गुप्ता ने आज संवाददाता सम्मेलन के दौरान बताया कि सेलिब्रिटी और ब्यूटी एक्सपो का आयोजन जो यहां होने जा रहा है। इस आयोजन के मुख्य अतिथि केंद्रीय जेल अधीक्षक मनोज कुमार साहू होंगे। आयोजन की मुख्य आकर्षण बॉलीवुड सेलिब्रिटी पूनम झावर फिल्म (ओ माय गॉड फेम) होगी। यह आयोजन महिलाओं को आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर करने के लिए यह आयोजन किया जा रहा है। अभी तक इस तरह के आयोजन महानगरों में हुआ करते थे।

उज्जैन में पहली बार किस तरह का आयोजन होने जा रहा है। आयोजकों ने बताया कि ब्यूटी पार्लर व्यवसाय एक कला है। उज्जैन शहर की छुपी हुई होनहार प्रतिभाओं को इस आयोजन में संबंधित किया जाएगा साथ ही बिजनेस आइकन अवार्ड के माध्यम से प्रतिभाओं की उपलब्धियों को सहारा भी जाएगा।

**यह होंगा इवेंट में खास :** इस आयोजन में बॉलीवुड सेलिब्रिटी गेस्ट पूनम झावर फिल्म (ओ माय गॉड) मुख्य आकर्षण होगी। इवेंट में वन डे सेमिनार एवं लाइव शो का आयोजन देखने योग्य होगा। हेयर, स्कीन मेकअप की तीन फ्री क्लास प्रतिवर्ष होगी।

**लाइव शो के यह होंगे :** मुख्य आकर्षण श्री रोहित देवड़ा (हेयर कट इंटरनेशनल आर्टिस्ट) एंड अवार्ड विनर श्रीमती उषा टंडन (स्क्रीन आर्टिस्ट) श्री कुणाल व्यास (मेकअप आर्टिस्ट)।

## निषादराजजी की जयंती पर पक्षियों के लिए जलपात्र बांटे




विनय उजाला

उज्जैन, निप्र। बुधवार को निषादराज जी की जयंती के उपलक्ष में माझी समाज की धर्मशाला दूध तलाई पर 101 दीपकों से निषाद राज जी का पूजन एवं आरती की गई। इस अवसर पर पक्षियों के लिए जलपात्र वितरण किए गए। माझी समाज के प्रदेश अध्यक्ष राकेश वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि निषादराज जयंती धूम धाम से मनाई गई व गर्मी को देखते हुए पक्षियों के लिए जलपत्र वितरण किये गए। साथ ही समाजजनों से घर की छत पर पक्षियों के लिए जलपात्र रखने का आग्रह किया गया। इस अवसर पर खेमचंद रायकवार, गोपाल रायकवार, रामचरण रायकवार, चिंतामन रायकवार, सोमेश रायकवार, जितेन्द्र माझी, बालमुकुंद बाथम, मोहन बाथम, आशीष रायकवार उपस्थित रहे। आभार विजय रायकवार ने माना।

## अनमोल एप्लीकेशन के संचालन के लिए प्रशिक्षण




विनय उजाला

उज्जैन, निप्र। जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल द्वारा जानकारी देते हुवे बताया कि, राज्य सरकार के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) द्वारा गर्भवती महिलाओं और शिशुओं के नामवार पंजीकरण, ट्रैकिंग और मॉनिटरिंग के लिए विकसित किए गए नवीन अनमोल एप्लीकेशन और आरसीएच पोर्टल के संचालन के लिए सीएमएचओ डॉ. अशोक कुमार पटेल के निर्देशन मे जिला स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला उज्जैन मे किया जा रहा है। प्रशिक्षण में जिले के समस्त कर्मचारियों को पृथक-पृथक बैच अनुसार शामिल कर जिला कार्यक्रम प्रबंधक मनीष भद्रावले ,जिला अनुश्रवण एवं मूल्यांकन अधिकारी सुश्री परविन्दर बग्गा द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

इस प्रशिक्षण का उद्देश्य जननी सुरक्षा योजना और मुख्यमंत्री श्रमिक सेवा प्रसूति सहायता योजना के इंटिग्रेटेड पोर्टल द्वारा आधार आधारित भुगतान प्रणाली के माध्यम से बेहतर सेवाओं की सुविधा प्रदान करना है। पोर्टल गर्भवती महिलाओं और शिशुओं के स्वास्थ्य की निगरानी और उन्हें समय पर सहायता देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम राज्य के सभी जिलों में प्रभावी तरीके से संचालित किया जाएगा, जिससे स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था में सुधार होगा।

## वार्ड भ्रमण कार्यक्रम : महापौर बोलें नागरिकों की मूलभूत समस्याओं का हुआ समाधान

विनय उजाला



उज्जैन, निप्र। बीते दिनो महापौर मुकेश टटवाल द्वारा शहर के नागरिकों की समस्याओं के समाधान हेतु झोन अनुसार वार्ड भ्रमण कार्यक्रम चलाया गया था। जिसमें महापौर द्वारा जोन क्रमांक 1, 2 एवं 3 का भ्रमण क्षेत्रीय पार्षद एवं निगम के संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ किया गया था। भ्रमण के दौरान नागरिकों द्वारा नगर निगम से संबंधित जो समस्याएं बताई गई। उनमे मुख्य रूप से सफाई व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, आवारा मवेशी की समस्या, चैंबर्स रिपेयरिंग कार्य, अस्थाई अतिक्रमण इत्यादि समस्याओं से अवगत करवाया गया था। जिसे महापौर द्वारा निगम अधिकारियों को अवगत करवाते हुए प्राथमिकता से समस्याओं के समाधान हेतु निर्देशित किया गया था।

वार्ड भ्रमण कार्यक्रम की गुरुवार को महापौर मुकेश टटवाल द्वारा समीक्षा की गई। इस दौरान एमआईसी सदस्य शिवेंद्र तिवारी, रजत मेहता, सत्यनारायण चौहान, प्रकाश शर्मा, कैलाश प्रजापत, जितेंद्र कुवाल, श्रीमती दुर्गा शक्ति सिंह चौधरी, डॉक्टर योगेश्वरी राठौर, श्रीमती सुगन बाबूलाल बाघेला, उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल, मनोज मौर्य, जोनल अधिकारी राजकुमार राठौर, डीएस परिहार के साथ वार्ड भ्रमण के दौरान नागरिकों द्वारा बताई गई समस्याओं के संबंध में क्या निराकरण किया गया जिसको लेकर चर्चा की गई। समीक्षा बैठक में संबंधित जोन के जोनल अधिकारियों द्वारा वार्ड अनुसार चार्ट बनाया जाकर जो समस्याएं निराकृत की गई उनकी जानकारी से अवगत करवाया गया।

**झोन क्र. 1 :** वार्ड क्रमांक 1 अंतर्गत पेंच वर्क कार्य, नालियों की सफाई, सिद्धवट की स्ट्रीट लाइट संधारण, तोड़ी मोहल्ले में क्रॉस पुलिया की समस्या के लिए टेंडर प्रक्रिया जारी करना, सिद्धवट पर श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए गढ़ों को भरने के कार्य पूर्ण करवाए गए। वार्ड क्रमांक 2 अंतर्गत वीर सावरकर प्याऊ से अतिक्रमण हटाया गया, खाक चौक पर खतरनाक स्थिति में चेंबर की रिपेयरिंग का कार्य, गढ़कालिका क्षेत्र से अतिक्रमण एवं सफाई व्यवस्था का कार्य पूर्ण। वार्ड क्रमांक 5 अंतर्गत जाली वाला कुआं के पास बाउंड्री वॉल रिपेयरिंग का कार्य हेतु टेंडर जारी किया गया, इंदिरा नगर टेंपो स्टैंड से अस्थाई अतिक्रमण हटाया गया, इंदिरा नगर क्षेत्र में पैच वर्क एवं चौंबर्स को ठीक किया गया। वार्ड क्रमांक 8 अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर पैच वर्क कार्य किया, आवारा मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही की गई, ग्यास के बाड़े में सीमेंट कंक्रीट एवं चौंबर लगाने का कार्य किया गया। वार्ड क्रमांक 11 अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर पैच वर्क कार्य, नालियों की सफाई। वार्ड क्रमांक 12 अंतर्गत मुरलीपुरा चौराहे पर नालियों पर फर्शी ढकने का कार्य किया गया, चौंबर्स रिपेयरिंग का कार्य। वार्ड क्रमांक 13 अंतर्गत पत्ती बाजार क्षेत्र से अतिक्रमण हटाने का कार्य पैच वर्क का कार्य पूर्ण किया गया।

**झोन क्र. 2 :** वार्ड क्रमांक 4 अंतर्गत हरिओम तौलकांटा के पास चौंबर की सफाई का कार्य करवाया गया, बाफना पार्क से अस्थाई अतिक्रमण हटाया गया, संजय नगर उद्यान की साफ सफाई की गई, अतिरिक्त विश्व बैंक कॉलोनी से अस्थाई अतिक्रमण हटाया गया। वार्ड क्रमांक 6 अंतर्गत मोहन नगर में दुकानों के बाहर अस्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई, आगर रोड पर बिल्डिंग मटेरियल की दुकानों का मटेरियल हटाया गया। वार्ड क्रमांक 7 अंतर्गत गणेश टेकरी एवं गोवर्धन सागर की भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाते हुए तार फेंसिंग का कार्य किया गया, नालियों की सफाई कार्य किया गया। वार्ड क्रमांक 14 अंतर्गत अंडा गली में नालियों की सफाई, कमरी मार्ग पर से अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया। वार्ड क्रमांक 16 अंतर्गत नगरकोट माता मंदिर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने हेतु डीपीआर बनवाई जा रही है, क्षेत्र में गंदे पानी की समस्या का निराकरण लीकेज की समस्या का निराकरण करवाया गया। वार्ड क्रमांक 19 अंतर्गत सड़कों पर गड्ढे एवं पैच वर्क का संधारण, लीकेज की समस्या का निराकरण करवाया गया। वार्ड क्रमांक 20 अंतर्गत मिर्ची नाला कम्युनिटी हॉल में संधारण कार्य अंतर्गत निविदा जारी की गई है जिसके वर्क आर्डर होने पर कार्य प्रारंभ करवाया जाएगा, भार्गव मार्ग स्थित पुरानी सब्जी मंडी को तोड़कर नवीन सब्जी मंडी बनाए जाने हेतु डीपीआर तैयार करवाई जा रही है। वार्ड क्रमांक 21 अंतर्गत आवासीय क्षेत्र में होटल निर्माण कर व्यावसायिक रूप से उपयोग करने वालों द्वारा कमर्शियल की दर से संपत्ति कर वसूलने की कार्यवाही की जा रही है। वार्ड क्रमांक 22 अंतर्गत बताई गई समस्याओं का निराकरण भी किया जा रहा है। इसी प्रकार झोन क्र. 3 अन्तर्गत प्राप्त समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण करवाया गया।

## एसपी की बाइक पर बैठे कलेक्टर, किया पंचक्रोशी यात्रा मार्ग का भ्रमण

विनय उजाला



उज्जैन, निप्र। पंचक्रोशी यात्रा आगामी 23 अप्रैल से 27 अप्रैल तक आयोजित की जाएगी। इसी के मद्देनजर गुरुवार को कलेक्टर नीरज कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने प्रशासनिक अमले के साथ संपूर्ण पंचक्रोशी मार्ग का निरीक्षण किया। अधिकारीद्वय द्वारा टू- व्हीलर पर सवार होकर पंचक्रोशी मार्ग का निरीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने बाइक चलाई और कलेक्टर उनके पीछे बैठे।

अधिकारीगण सर्वप्रथम नागचंद्रेश्वर मंदिर पहुंचे। यहां मंदिर के बाहर डॉक्टर की टीम लगाए जाने के निर्देश दिए गए, साथ ही बड़ी एलईडी स्क्रीन, छाया के लिए टेंट और पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था करने के लिए कहा गया। कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने निर्देश दिए कि आगामी 21 अप्रैल तक संपूर्ण तैयारियां पूर्ण कर ली जाएं। हर पड़ाव स्थल पर दो-दो फायर ब्रिगेड तैनात की जाए। निरीक्षण के दौरान एडीएम प्रथम कौशिक, नगर निगम आयुक्त आशीष पाठक एवं संबंधित विभागों के अधिकारी गण मौजूद थे। पिंगलेश्वर पड़ाव स्थल पर पहुंचकर कलेक्टर श्री सिंह ने यहां पर्याप्त पेयजल की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। साथ ही अस्थाई शौचालय बनाए जाने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा मधुमक्खी के छत्ते हटाए जाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने पिंगलेश्वर मंदिर परिसर में स्थित परमार कालीन शिवलिंग के दर्शन किए तथा पिंगलेश्वर महादेव के दर्शन किए। इसके पश्चात अधिकारियों द्वारा शनि मंदिर पड़ाव स्थल का अवलोकन किया गया। बताया गया कि यहां पर लोग रात्रि में विश्राम करते हैं। रात्रि विश्राम को ध्यान में रखते हुए यहां टेंट, पेयजल और छांव की पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए। साथ ही अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं जैसे चलित शौचालय की भी व्यवस्था करने की निर्देश दिए। करोहन पड़ाव स्थल पर पहुंचकर यहां पानी की व्यवस्था करने के लिए टैंकर लगाए जाने के निर्देश दिए। साथ ही कुछ स्थानों पर बिजली की केबल को दुरुस्त करने के लिए एमपीईबी को निर्देश दिए। अधिकारियों द्वारा नलवा उपपड़ाव स्थल का अवलोकन किया गया और मंदिर परिसर में स्थित कुएँ की साफ-सफाई करने के निर्देश दिए गए।

## एमआईसी को दिए शहर विकास एवं निर्माण से संबंधित प्रमुख टास्क

विनय उजाला



उज्जैन, निप्र। महापौर मुकेश टटवाल द्वारा गुरुवार को एमआईसी सदस्य शिवेंद्र तिवारी, रजत मेहता, प्रकाश शर्मा, सत्यनारायण चौहान, कैलाश प्रजापत, जितेंद्र कुवाल, श्रीमती दुर्गा शक्ति सिंह चौधरी, डॉक्टर योगेश्वरी राठौर, श्रीमती सुगन बाबूलाल वाघेला के साथ बैठक आयोजित की जाकर एमआईसी सदस्यों से उनके विभागों पर चर्चा की गई।

महापौर श्री टटवाल द्वारा एमआईसी सदस्यों को शहर विकास एवं निर्माण कार्य के संबंध में टास्क दिए गए। आपने कहा कि माधव नगर खिड़क, वर्कशॉप विभाग बुधवारिया, फ्रीगंज एवं छत्री चौक के पास छोटे व्यापारियों, फुटकर व्यापारियों के लिए हॉकर्स जोन की सुविधा दिए जाने के उद्देश्य से क्या किया जा सकता है, इस हेतु योजना बनाई जाए। फाजलपुरा मछली मार्केट व्यापारियों से चर्चा की जाकर उनकी समस्याओं का समाधान करते हुए मार्केट को शीघ्र संचालन प्रारंभ करवाया जाए। जिन वार्डो में जन सहायता केन्द्र नहीं खुले है, वहां जन सहायता केन्द्रों हेतु स्थल के चयन हेतु योजना बनाई जाए। शहर में संचालित पेयजल टंकी परिसर में बगीचों की स्थापना हेतु योजनाएं बनाई जाए। छत्री चौक स्थित पुरानी सब्जी मंडी की ड्राइंग डिजाइन आर्किटेक्ट से बनवाई जाकर इसकी डीपीआर तैयार करवाई जाए। आपके द्वारा सदस्यों को बताए गए प्रमुख कार्यों को समय सीमा में क्रियान्वयन करने हेतु कहा गया जिससे की निगम की सुविधाओं का लाभ नागरिकों को समय पर मिल सके।

## जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जन अभियान परिषद ने सामूहिक श्रमदान कर बनाया 60 बोरियों का बांध

विनय उजाला

मनावर, निप्र। जल गंगा संवर्धन एवं संरक्षण अभियान अंतर्गत धार जिले के विकास खण्ड मनावर के ग्राम देवरा में आज दिनांक 03 अप्रैल 2025 को म प्र जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक भुवान सिंह गेहलोत के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था देवरा के अध्यक्ष पदम जामोद, सक्रिय सदस्य राजाराम झमेले, गोलू मंडलोई, सौरभ मंडलोई, जगदीश, दिनेश, राहुल, बलराम सोलंकी, पैसा मोबाइलाइजर लक्ष्मण चौहान, मां नर्मदा सेवा एवं जनकल्याण समिति एकलवारा के अध्यक्ष प्रवीण दास बैरागी, मेंटर बलराम सोलंकी सहित ग्रामीण जनों द्वारा ग्राम देवरा के स्कूल फलिये के नीचे बहते पानी पर सामूहिक रूप से 25 लोगो ने श्रमदान कर 60 बोरियों का बोरी बंधान निर्माण कार्य किया गया। इसके पूर्व विकास खण्ड समन्वयक भुवान सिंह गेहलोत द्वारा ग्राम देवरा के पटेल फलिये में ग्रामीणों को अपने ग्राम में जल संरक्षण हेतु बनाए गए जल स्त्रोतों जैसे कुएं, बावड़ी, स्टॉप डेम,तालाबो, आदि की साफ़ सफाई व गहरीकरण कार्य , एवं ग्राम में बहने वाले छोटे छोटे नालों पर सामूहिक रूप से श्रमदान कर जल संरक्षण करने हेतु प्रेरित किया। जिससे कुएं,बावड़ी हेडपंप आदि जल स्त्रोतों में जल स्तर बढ़ जायेगा। ताकि हमें गर्मी के दिनों में पेयजल एवं सिंचाई करने हेतु पानी की समस्या का सामना न करना पड़े।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कपिलेश्वर महादेव मंदिर परिसर में श्रमदान, नदी किनारे से काई भी निकाली

# बरसात का पानी अधिक से अधिक संवर्धन के लिए जतन करें

विनय उजाला




उज्जैन, निप्र। प्रत्येक व्यक्ति को सोचना चाहिए जल से ही सृष्टि संभव है। बगैर जल के कोई भी जीवित नहीं रह सकता है। इसलिए बरसात का पानी अधिक से अधिक अपने-अपने गांव में संवर्धन हो इसका प्रयास करना सभी की जिम्मेदारी है।

उक्त विचार मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के संभाग समन्वयक शिव प्रसाद मालवीय ने बड़नगर में ब्लॉक स्तरीय बैठक में कपिलेश्वर महादेव मंदिर परिसर में व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान में परिषद के नेटवर्क से जुड़े सेवाभावी लोग उत्कृष्ट कार्य कर समाज को सकारात्मक संदेश जल संवर्धन पर दे रहे हैं। आप भी इस दिशा में अपने-अपने गांव में अनुकरणीय कार्य करें। जिला समन्वयक जय दीक्षित ने कहा कि गांव के प्राचीन कुएं बावड़ी की साफ सफाई एवं तालाबों का गहरीकरण कर अधिक से अधिक बरसात का पानी अपना गांव में रख सकते हैं। ब्लॉक समन्वय श्रीमती रेणुका श्रोत्रिय ने कहा कि पौधारोपण स्थल का चयन अभी से कर ले ताकि बरसात के प्रारंभ में ही अधिक से अधिक पौधारोपण हो सके। जल संवर्द्धन में पौधे भी बहुत सहायक है।

आपने कहा कि परिषद के माध्यम से ब्लॉक में जल गंगा संवर्धन अभियान पर नारा लेखन,कुवें बावडी की सफाई एवं तालाब गहरीकरण का कार्य समाज के सहयोग से निश्चित रूप से होगा। आने वाले समय में जल पर आधारित निबंध लेखन, चित्रकला, रंगोली प्रतियोगिता एवं रेलियो का भी आयोजन किया जाएगा। बैठक के पश्चात उपस्थित सभी समाज सेवियों ने चंबल नदी किनारे पर करीब 60 मिनिट का श्रमदान कर काई निकाली व मन्दिर परिसर में साफ सफाई की।

कार्यक्रम में जनपद पंचायत सदस्य नगेश्वर मार, निम्बोदा सरपंच प्रतिनिधि दिलीप राजपुरोहित, दंगवाड़ा सरपंच उमराव सिंह गुर्जर, इंगोरिया मंडल आईटी सेल संदीप उपाध्याय, गोविंद सिंह पंवार रुपाहेड़ा सहित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र छात्राए, प्रस्फुटन समिति सदस्य, नवांकुर संस्था,मेंटर्स सहित अन्य उपस्थित रहे। नवांकुर संस्था के अर्जुन सिंह डोडिया ने कार्यक्रम का संचालन किया एवं अंत में आभार शुभम जायसवाल ने व्यक्त किया।

## संक्षिप्त समाचार

### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नगर परिषद कर रही रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली स्थापित



**हरसूद, निप्र।** मप्र शासन द्वारा 30 मार्च से 30 जून तक 90 दिवसीय जल गंगा संवर्घन अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत जलाशयों की सफाई, पौधा रोपण, जल संरचनाओं के संरक्षण के कार्य किए जाएंगे। जल गंगा संवधर्न अभियान के अंतर्गत नगर परिषद छनेरा-नया हरसूद द्वारा निकाय स्थित शासकीय भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली स्थापित की जा रही है। जिसके तहत नया हरसूद के वार्ड क्रमांक 5 में स्थित मांगलिक भवन रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाया जा रहा है। गुरूवार शाम पौने 5 बजे के लगभग सीएमओ मोनिका पारधी ने बताया कि मप्र शासन द्वारा जल गंगा अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। ताकि बरसात के पानी का संरक्षण किया जा सके। सीएमओ मोनिका पारधी ने नागरिकों से अपने घरों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाने की अपील की है साथ ही नलों से पानी व्यर्थ न बहे इसलिए उनमें टोटियां लगाने की अपील की है।

### शासकीय पालीटेक्निक महाविद्यालय हरसूद में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम



**हरसूद, निप्र।** शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय हरसूद में चल रहे वार्षिकोत्सव उत्कर्ष 2025 के अंतर्गत गुरूवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। गुरूवार दोपहर 12 बजे के लगभग विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय हरसूद व्हीके वर्मा, खाद्य अधिकारी प्रदीप मिश्रा, उद्यानिकी विभाग से अंकुर सिरोटिया, पूर्व नगर परिषद विधायक प्रतिनिधि रामनिवास पटेल, संस्था प्राचार्य आरएस सिसोदिया सहित समस्त स्टाफ एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे। इस मौके पर प्रदीप मिश्रा के द्वारा छात्र जीवन में सांस्कृतिक कार्यक्रम के महत्त्व पर प्रकाश डाला गया। अंकुर सिरोटिया द्वारा विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना की गई।

### जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं पंजीयन की तिथि बढ़कर अब 9 अप्रैल हो गई

**खण्डवा, निप्र।** रबी विपणन वर्ष 2025 -26 समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन हेतु कृषक पंजीयन की अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धारित की गई थी, परन्तु किसान पंजीयन की अवधि बढ़ाकर 9 अप्रैल कर दी गई है। जिला आपूर्ति अधिकारी श्री अरुण तिवारी ने बताया कि जिले में 61 समिति पंजीयन केन्द्र निर्धारित किये गए हैं। इन पंजीयन केन्द्रों पर उपस्थित होकर कृषक बंधु पंजीयन करा सकते हैं। इसके अलावा पंजीयन केन्द्र पर भीड़ से बचने के लिए कृषक स्वयं के मोबाइल/कम्प्यूटर, ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत व तहसील सुविधा केन्द्र, में से किसी भी विकल्प से नि:शुल्क अथवा अधिकृत एम.पी. ऑनलाइन, सीएससी, लोकसेवा केन्द्र व निजी साइबर कैफे के माध्यम से 50 रूपये प्रति पंजीयन की दर से सशुल्क ई-उपार्जन पोर्टल http://mpeuparjan.nic.in पर पंजीयन करा सकते हैं।

# आकांक्षी जिला कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर खंडवा को नीति आयोग से मिला 3 करोड़ रुपए का पुरस्कार

## स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ कर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में किया उल्लेखनीय सुधार

विनय उजाला

**खंडवा, निप्र।** आकांक्षी ज़िला कार्यक्रम के तहत खंडवा ज़िले ने स्वास्थ्य और पोषण के क्षेत्र में असाधारण प्रगति की है। नीति आयोग ने जिले के उत्कृष्ट प्रयासों की सराहना की है। नीति आयोग ने प्रयासों को प्रोत्साहित करने के लिये खंडवा ज़िले को 3 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की है।

इस उपलब्धि के लिये ज़िले में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने और कुपोषण के खिलाफ व्यापक रणनीति अपनाने के प्रयास प्रमुख रहे हैं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओ.पी. जुगतावत ने बताया कि ज़िले में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिये योजनाबद्ध प्रयास किए गए। ज़िले में प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया। आउटरीच स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार कर दूरस्थ इलाकों में चिकित्सा सुविधा पहुंचाई गई। इसके साथ ही फ्रंटलाइन हेल्थ वर्कर्स को निरंतर प्रशिक्षित कर उनकी कार्यक्षमता में वृद्धि की गई। ज़िले में मातृ स्वास्थ्य में सुधार के लिये गर्भवती महिलाओं के पंजीयन, जांच और संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए नवीन प्रसव केंद्र स्थापित किए गए। चिन्हित उप-स्वास्थ्य केंद्रों को प्रसव सुविधा से सुसज्जित किया गया, जिससे घर पर प्रसव के मामलों में उल्लेखनीय कमी आई। उच्च जोखिम वाली



गर्भवती महिलाओं की समय पर पहचान कर उनका समुचित उपचार सुनिश्चित किया गया। 'लक्ष्य' एवं नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड्स (एनक्यूएएस) के तहत ज़िले की 25 स्वास्थ्य संस्थाओं को उन्नत किया गया, जिससे मरीजों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं मिल रही हैं।

ज़िले में शिशु स्वास्थ्य में सुधार के लिए समेकित प्रयास किए गये। सम्पूर्ण टीकाकरण सुनिश्चित करने के साथ कुपोषण निदान की सघन कार्यवाही से सकारात्मक परिणाम मिलना प्रारम्भ हुए। 'मिशन इंद्रधनुष' के तहत छूटे हुए बच्चों को चिन्हित कर उन्हें पूर्ण टीकाकरण के दायरे में लाया गया। कुपोषित बच्चों की पहचान कर उन्हें पूरक पोषण योजनाओं से जोड़ा गया। आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से शिशु पोषण और देखभाल पर विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया।

जिले में 177 उप-स्वास्थ्य केंद्रों को 'आयुष्मान आरोग्य मंदिर' के रूप में क्रियाशील किया गया, जिससे ग्रामीणों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ हुई। टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत लक्ष्य से अधिक मरीजों की पहचान कर उन्हें उपचारित किया गया। नॉन-कम्युनिकेबल डिसीज़ (एनसीडी) कार्यक्रम के अंतर्गत ब्लड प्रेशर और शुगर की जांच के लिए व्यापक अभियान चलाया गया, जिससे मरीजों का समय पर उपचार संभव हुआ।

### खंडवा की यह उपलब्धि पूरे मध्य प्रदेश के लिए गर्व का विषय : उप मुख्यमंत्री शुक्ल

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि खंडवा की यह उपलब्धि पूरे मध्य प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं में लगातार सुधार हो रहा है। आकांक्षी ज़िला कार्यक्रम के तहत इस तरह की सफलता प्रदेश के अन्य जिलों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि यह उपलब्धि खंडवा प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा और एएनएम के सतत प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों, मैदानी कार्यकर्ताओं की सराहना की है।

## कलेक्टर ने बड़वाह क्षेत्र में हो रहे निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

### जुलाई माह में फोर लाइन पर यातायात शुरू होने के कलेक्टर ने दिए संकेत





विनय उजाला

**बड़वाह, निप्र। कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल ने गुरुवार दोपहर बड़वाह क्षेत्र का भ्रमण कर विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। जहा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान एसडीएम सत्यनारायण दर्रे, तहसीलदार शिवराम कनासे एसडीओपी अर्चना रावत, टी आई बलराम सिंह राठौर एवं निर्माण विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।**

कलेक्टर सुश्री मित्तल ने नमर्दा नदी पर एनएचआई द्वारा बनाये जा रहे पुल एवं फोर-लेन सड़क का निरीक्षण किया। यहा संबंधित ठेकेदार को निर्माण कार्य समय सीमा में पूर्ण करने की बात कही।ताकि इंदौर इच्छापुर हाईवे से गुजरने वाले भारी वाहनों को आवागमन की बेहतर सुविधा मिल सके।

इस दौरान कलेक्टर सुश्री मित्तल ने बताया कि जुलाई माह तक एक साइड का फॉर लाईन मार्ग शुरू होने की संभावना है । जबकि दिसंबर माह तक दोनों साइड का सड़क मार्ग शुरू हो सकता है । उल्लेखनीय है कि नगर पालिका द्वारा नगर के मध्य स्थित मिडिल स्कूल की रिक्त जमीन की मांग की थी। जिसको लेकर कलेक्टर ने मिडिल स्कूल का निरीक्षण कर उक्त स्थान के बारे में नपा सीएमओ कुलदीप किन्शुक से भी चर्चा की।

**सीएम राईज स्कूल एवं महाविद्यालय का किया निरीक्षण :** कलेक्टर ने बड़वाह स्थित सीएम राईज स्कूल एवं महाविद्यालय में होने वाले नवीन भवन निर्माण कार्य का निरीक्षण भी किया। इस दौरान निर्माण एजेंसी के अधिकारी को निर्देशित किया कि भवनों का कार्य गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण किया जाये। जिससे आने वाले सत्र में छात्र-छात्राओं को नये भवन में शिक्षा अध्ययन करने की सुविधा मिल सके। कलेक्टर सुश्री मित्तल ने बड़वाह के शासकीय अस्पताल का भी निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं को देखा। इस दौरान उन्होंने जिम्मेदारों को अस्पताल में मरीजों को उपचार की बेहतर सेवायें उपलब्ध कराने, डाक्टर्स की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने एवं अस्पताल में साफ-सफाई व स्वच्छता बनाये रखने के निर्देश दिये।

### मूक-बघिर बच्चों से भी रूबरू हुई कलेक्टर

बड़वाह क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान कलेक्टर दशहरा मैदान स्थित संचालित स्कूल में मूक-बघिर बच्चों से रूबरू होकर उन्हें मिलने वाली सुविधा की जानकारी ली ।वही संचालित स्कूल का भी निरीक्षण किया। बड़वाह के एसडीएम कार्यालय के निरीक्षण के दौरान उन्होंने राजस्व प्रकरणों के निराकरण की जानकारी ली और आरसीएमएस पोर्टल पर प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये।

## श्री रामनवमी के उपलक्ष्य में शहर में धूमधाम से निकली जाएगी भव्य शोभायात्रा

### भजन मंडली, ढोल ताशे के साथ रंगारंग झाकियां रहेगी शोभायात्रा में शामिल

विनय उजाला

**बडवाह, निप्र।** शहर में 6 अप्रैल रविवार को श्रीराम नवमी के आयोजन की तैयारियों को लेकर समिति सदस्यों द्वारा जोर शोर से तैयारियां की जा रही है। श्रीराम नवमी पर में समिति सदस्यों ने शहरवासियों से अपने अपने घरों पर भगवा झंडे लगाने की अपील की है। उक्त आयोजन श्रीराम जन्मोत्सव समिति बड़वाह के तत्वावधान में 16 वर्ष से निरंतर किया जा रहा है। नगर में निकलने वाली इस शोभायात्रा को लेकर हिंदू समाज में उत्साह का माहौल बना हुआ है। समिति सदस्यो द्वारा शोभायात्रा में शामिल होने के लिए शहरवासियों से अपील की जा रही है। रविवार शाम 5 बजे प्राचीन नागेश्वर मंदिर परिसर से भगवान श्रीराम जी की भव्य शोभायात्रा निकलेगी। इसके पहले मंदिर परिसर में उनका पूजन किया जाएगा ।जिसके बाद भगवान् श्री रामजी की प्रतिमा को सुसज्जित डोले में विराजमान कर नगर भ्रमण करवाया जाएगा। जबकि इस यात्रा में गोपाल मंदिर के महंत हनुमान दासजी महाराज भी बग्गी में विराजित रहेगे। वही शोभायात्रा के दौरान सुप्रसिद्ध भजन गायक प्रदीप परमार श्री हरि म्यूजिकल ग्रुप इंदौर द्वारा भजनो की शानदार प्रस्तुति दी जाएगी। साथ ही बैंड बाजे, डीजे, डोल ताशे, घोड़े,बग्गी के साथ विश्व शांति के लिए चलित हवन कुंड यात्रा में शामिल रहेंगा।

श्रीराम जन्मोत्सव समिति से जुड़े सदस्य नपाध्यक्ष राकेश गुप्ता,यात्रा प्रभारी नरेंद्र सोलंकी, प्रवीण छोटू बैरागी, पंडित अखिलेश गौतम, सुनील नामदेव,रितेश कौशल, बँटी कौशल, निशांत सोनी, कपिल सोनी, आशीष गुप्ता, हर्षित चंद्रवंशी,अर्पित किवे, अंतिम केवट,विशाल कुमरावत ने क्षेत्र के सामाजिक,धार्मिक, राजनैतिक संस्थाओं से आग्रह किया है,कि वह अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाये।

### मंदिर में महाआरती के पश्चात आयोजन का होगा समापन

समिति सदस्य सुनील नामदेव ने बताया कि शोभायात्रा नगर के अति प्राचीन मंदिर गोपाल मंदिर के महंत श्री हनुमान दास जी महाराज के सानिध्य में 6 अप्रैल रविवार



को निकाली जाएगी। इस शोभायात्रा की शुरुआत शहर के अतिप्राचीन नागेश्वर मंदिर से होगी। जो कालका माता, झंडा चौक, एम जी रोड़, मेन चौराहा, जय स्तंभ चौराहा होकर नंदा मार्ग कुम्हार मोहल्ला, विनोबा मार्ग, तिलमाण्डेश्वर मार्ग,गुरवा मोहल्ला, जवाहर मार्ग पहुंचेगी। जहा से यात्रा सराफा बाजार, शीतला माता बाजार होकर पुन: नागेश्वर मंदिर परिसर पहुँचेगी। जहा महाआरती के पश्चात आयोजन का समापन होगा । श्री नामदेव ने बताया कि इस यात्रा में रंगारंग चलित झाकियां भी शामिल रहेगी ।

### कार्य में लापरवाही बरतने पर ग्राम बलखड़घाटी पटवारी सोलंकी निलंबित

**खण्डवा, निप्र।** कार्य में लापरवाही बरतने के कारण तहसील पंधाना के ग्राम बलखड़घाटी पटवारी श्री दुर्गाप्रसाद सोलंकी को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री दिनेश सावले ने निलंबित किया है। निलंबन काल के दौरान इनका मुख्यालय तहसीलदार कार्यालय पंधाना नियत किया गया है। निलबंन अवधि में इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता रहेगी।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत निरंतर सफाई एवं जल संरक्षण के कार्य जारी

**खण्डवा, निप्र।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत शहर में प्रतिदिन विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज नगर निगम के द्वारा नाले एवं घाटों की सफाई का कार्य किया गया। नगर निगम आयुक्त श्रीमती प्रियंका राजावत ने बताया कि खण्डवा शहर के गौशाला चौराहे पर नाले की सफाई एवं मलबा निकालने का कार्य किया गया। इसके अलावा ऊंट कुआं नाले की सफाई करवाई गई ताकि जल निकासी सुचारू रूप से हो सके। उन्होंने बताया कि गणगौर घाट पर भी



सफाई की गई, जिससे घाट क्षेत्र स्वच्छ एवं सुंदर बना रहे। उन्होंने बताया कि जल संरक्षण और स्वच्छता सुनिश्चित करने हेतु यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। नगर निगम आयुक्त श्रीमती राजावत ने शहरवासियों से अपील की है कि वे स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें और जल संरक्षण की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाएं।

## सी.ई.ओ. डॉ. गौड़ा ने बी.एम.ओ. को शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने के दिए निर्देश

**खण्डवा, निप्र।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा ने गुरुवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में स्वास्थ्य कार्यक्रमों के नोडल अधिकारियों व बी.एम.ओ. की बैठक ली। सी.ई.ओ. श्री गौड़ा ने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की श्रेणी के अंतर्गत शेष पात्र हितग्राहियों को ''आपके द्वारा निरामयम अभियान'' में 70 वर्ष या उससे अधिक उम्र आयु के वरिष्ठ नागरिकों के शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश समस्त बी.एम.ओ. को दिये। उन्होंने कहा कि सूची के अनुसार सी.एच.ओ. व ए.एन.एम. के माध्यम से शेष बचे कार्डो को पूर्ण करें। बनाये जा रहे कार्डों का बीएमओ द्वारा सत्यापन भी करें और जिनका आधार कार्ड अपडेट नही है उनका आधार कार्ड अपडेट करवायें।

उन्होंने कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्री विक्रान्त दामले को खंडवा व पंधाना की एनआरसी में शत प्रतिशत बच्चे भर्ती करवाने के निर्देश दिये। उन्होंने सिविल सर्जन डॉ. अनिरूद्ध कौशल को निर्देश दिये कि जिला अस्पताल में चिकित्सक समय पर आकर मरीजों का उपचार करें और पूर्व में दिये गये निर्देशों का पालन करना सुनिश्चित करें। साथ ही अस्पताल में मरीजों को सुलभता से उपचार मिले यह सुनिश्चित करें।

## सीमांकन के कार्य को शीघ्रता के साथ पूर्ण किया जाए : कलेक्टर गुप्ता

### कार्य में लापरवाही बरतने पर ग्राम भैंसावा पटवारी बरखने को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के दिए निर्देश

**खण्डवा, निप्र।** कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने प्रधानमंत्री किसान के तहत किसानों की फार्मर आई.डी. तैयार करने के कार्य की समीक्षा की। उन्होंने सभी एस.डी.एम. को शीघ्रता से कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही स्वामित्व योजना के तहत लंबित ग्रामों की समीक्षा की। उन्होंने ग्राउंड टूथिंग में लंबित ग्रामों की समीक्षा करते हुए प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशन समय सीमा में करने के निर्देश तहसीलदारों को दिये। बैठक में कलेक्टर श्री गुप्ता ने कार्य में लापरवाही बरतने पर ग्राम भैंसावा के पटवारी श्री अरुण बरखने को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिये।

बैठक में कलेक्टर श्री गुप्ता ने आधार खसरा लिंकिंग की प्रग्रति की तहसीलवार समीक्षा की। छैगांवमाखन एवं पंधाना में प्रग्रति



कम होने पर शीघ्रता से कार्य करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में उन्होंने पीएम किसान स्व पंजीकरण रिपोर्ट, भौतिक सत्यापन रिपोर्ट की समीक्षा की। उन्होंने किसानों के ई-केवाईसी की समीक्षा करते हुए शीघ्रता से कार्य करने के निर्देश सभी तहसीलदारों को दिये। कलेक्टर श्री गुप्ता ने तहसीलदारों से कहा कि पटवारियों द्वारा कार्य में लापरवाही बरतने पर सख्त कार्यवाही की जाए। उन्होंने फसल कटाई प्रयोग रबी वर्ष 2024-25 की समीक्षा कार्य हुए लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने मजरा-टोला कार्य की प्रग्रति देखीं। उन्होंने कहा कि ऐसे मजरे-टोले, फलियाँ जिन्हें राजस्व ग्राम बनाया जा सकता है, उन्हें शीघ्रता से राजस्व ग्राम बनाया जाये। उन्होंने जिले में सेवा भूमि की जानकारी ली। तहसीलदारों को निर्देश दिये कि सेवा भूमि किसी प्राइवेट व्यक्ति के नाम पर दर्ज ना हो। साथ ही उन्होंने कहा कि नगरीय निकायों में जो सेवा भूमि है वो शत प्रतिशत नजूल भूमि में आ जाएं, यह सुनिश्चित किया जाए। बैठक में उन्होंने भूमि रिकॉर्ड के डिजिटलीकरण की जानकारी ली। उन्होंने राजस्व से संबंधित वसूली की प्रग्रति देखी। बैठक में कलेक्टर श्री गुप्ता ने आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा के प्रकरणों की तहसील न्यायालयवार समीक्षा की। उन्होंने तहसीलदारों से कहा कि नामांतरण को खारिज करने से पूर्व सूक्ष्मता से जाँच करें एवं सीमांकन के कार्य को शीघ्रता से किया जाए।

इस दौरान निर्देशित किया गया कि सभी प्रकरणों का निराकरण नियत समय सीमा में अनिवार्य रूप से किया जाए। उन्होंने माननीय उच्च न्यायालय में लंबित राजस्व के प्रकरण की स्थिति देखी। समस्त राजस्व अधिकारियों से कहा की उच्च न्यायालय के आदेश का पालन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने राजस्व विभाग की लंबित शिकायतों की अनुविभागवार समीक्षा की। साथ ही उन्होंने ग्रेडिंग सुधारने के निर्देश दिए।

## बाजार भाव

### इंदौर मंडी

# मूंगफली तेल में मांग

**इंदौर (व्यापार प्रतिनिधि)।** चना कांटा 5800 - 5850 विशाल चना 5700 - 5750 डंकी चना 5600 - 5650 मसूर 6100 - 6150 नई 6000 मूंग एवरेज 7200 - 7700 मूंग ( गर्मी का) 8000 - 8200 उड़द ( गर्मी) बेस्ट - 8300 - 8800 एवरेज मीडियम उड़द 6500 - 7800 हल्की उड़द 3000 - 5000 रुपए।

**तिलहन - ( प्रति क्विंटल )-** सोयाबीन 4100 - 4125 सरसों निमाड़ी बारीक 5800 - 5850 एवरेज बारीक 5000 - 5005 रुपए।



**दाल भाव ( प्रति क्विंटल )** - तुअर दाल फूल 11000 - 11200 तुअर दाल सवा नंबर 10800 - 11000 चना दाल 8100 - 8200 एक्स्ट्रा बोल्ड 9100 मसूर दाल 7500 - 7550 मूंग दाल 9200 - 9400 मूंग मोगर 9600 - 9700 उड़द दाल 12500 - 13000 उड़द मोगर 12500 - 13000 रुपए।

तेल बाजार (प्रति 10 किलो) - मूंगफली तेल इंदौर 1470 - 1480 मुबंई 1520 - 1525 गुजरात 1485 - 1490 सोया रिफाइंड तेल इंदौर 1315 - 1320 सोया सॉल्वेंट 1255 - 1270 इंदौर पाम ऑइल 1425 - 1430 रुपए।

**मावा** - 320 रुपए किलो।

**इंदौर सराफा बाजार -**
सोना 10 ग्राम 89800 रुपए।
चाँदी 100000 रुपए किलो।
चाँदी सिक्का 1100 रुपये प्रति नग।
सोना 3025 डॉलर प्रति औंस
चाँदी 3343 सेंट प्रति औंस

## संक्षिप्त समाचार

### उत्कृष्ट विद्यालय बाग में सम्मान समारोह आयोजित



**बाग, निप्र।** मध्य प्रदेश शिक्षा विभाग द्वारा संचालित मॉडल हायर सेकंडरी बाग में जिला शिक्षा अधिकारी महोदय धार द्वारा श्री उमेश लच्छेटा संस्था के प्रभारी प्राचार्य के रूप मे आदेशित किए जाने के पश्चात उत्कृष्ट विद्यालय बाग में आयोजित सम्मान समारोह मे नवीन प्रभारी प्राचार्य श्री लच्छेटा स्वागत किया गया ।जिसमे सी एम राइज विद्यालय बाग की प्राचार्य श्री डी एस बघेल ने अपने समस्त स्टॉफ के साथ पुष्प हार से स्वागत करते हुए बधाई दी एवम् संस्था के सफल संचालन हेतु समस्त स्टॉफ को साथ में लेकर चलने हेतु मार्गदर्शन दिया एवं श्री बघेल ने लच्छेटा को बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सी एम राइज स्कूल के समस्त स्टॉफ ने भी श्रीलच्छेटा को बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी ।

### ग्राम डोंचा में नवनिर्मित चाइल्ड फ्रैंडली कोर्ट का वर्चुअल उद्घाटन



**मनावर, निप्र।** मनावर में नगर के समीप स्थित ग्राम डोंचा में नवनिर्मित चाइल्ड फ्रैंडली कोर्ट का वर्चुअल उद्घाटन गुरुवार की शाम को किया गया। डेढ़ करोड़ की लागत से निर्मित यह कोर्ट बाल न्यायालय के रूप में जानी जाएगी। जिसका वर्चुअल उद्घाटन चीफ जस्टिस माननीय सुरेश कुमार केत एवं पोर्टफोलियो जज उच्च न्यायालय मध्य प्रदेश प्रेम नारायण सिंह ने किया। इस दौरान प्रधान जिला न्यायाधीश संजीव कुमार अग्रवाल एडीजे प्रथम भूपेंद्र नकवाल आदि भी उपस्थित रहे। बाल न्यायालय के उद्घाटन के बाद ही अस्तित्व में आकर प्रारंभ हो जाएगी। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष युसूफ खान ने बताया कि यह मनावर क्षेत्र के लिए बड़ी सौगात है तथा क्षेत्र में हो रहे बाल अत्याचारों की सुनवाई भी यही न्यायालय में होगी और उन्हें शीघ्र ही न्याय उपलब्ध होगा। उद्घाटन के अवसर पर वरिष्ठ नागरिक, अभिभाषक व पत्रकार उपस्थित रहे।

### पंचायत इंस्पेक्टर भाबर को सेवानिवृत्ति पर आत्मीय विदाई दी



**डही, निप्र।** जनपद पंचायत डही में पदस्थ प्रभारी पंचायत इंस्पेक्टर दलसिंह भाबर की सेवानिवृत्ति के अवसर पर जनपद पंचायत के सभागृह में विदाई समारोह आयोजित कर श्री भाबर को आत्मीय विदाई दी गई। इस मौके पर जनपद पंचायत सीईओ प्रभात द्विवेदी, जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि दिनेश भिड़े, जनपद सदस्य नीरु खरते, प्रतिनिधि कैलाश डावर, मंगल जमरा, सहायक लेखाधिकारी गजेंद्र सिंह सोलंकी, राजेंद्र पुरोहित, अलावा के साथ ही बड़ी संख्या में सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, जनपद के अधिकारी, कर्मचारी और भाबर के परिजन उपस्थित रहे। सेवानिवृत्ति के अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधि, अधिकारी और कर्मचारियों ने भाबर के सफलतम शासकीय सेवाकाल को याद कर उनसे प्रेरणा लेकर अपने जीवन में अपनाने की बात कही। इस मौके पर उपस्थितजनों ने भाबर को स्मृति चिन्ह के साथ ही अनेक उपहार भेंट किए। वही समारोह के समापन पर सभी लोग ढोल, बाजे के साथ भाबर को घर तक छोड़ने गए।

सेवानिवृत भाबर ने भी अपने सेवाकाल के अनुभव उपस्थितजनों के साथ साझा किये और शासकीय सेवा में उन्हें साथियों से मिले सहयोग के लिए सभी का आभार प्रकट किया।

कृषि अवसंरचना निधि एआईएफ योजना अंतर्गत

# एक दिनी जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

विनय उजाला



**अलीराजपुर, निप्र।** प्रदेश में भारत सरकार की योजना कृषि अवसंरचना निधि की विशेषताओं का प्रचार-प्रसार-करने कृषकों, व्यापारियों, उद्यमियों, विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों को इन योजनाओं की मुख्य विशेषताएं जैसे फसलोपरांत प्रबंधन एवं सामुदायिक खेती संबंधित परियोजना की जानकारी मंडी बोर्ड भोपाल के वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में कृषि विज्ञान केन्द्र अलीराजपुर में कार्यशाला का आयोजन किया गया । कार्यशाला के प्रारंभ में डॉ पूजा सिंह उप संचालक. ़थ्ि द्वारा उपस्थित समस्त अतिथियों का स्वागत किया गया । कार्यशाला में अलीराजपुर जिले के कलेक्टर डॉ अभय अरविंद बेडेकर विशेष रूप से उपस्थित रहे ।

जिला कलेक?टर डॉ अभय अरविंद बेडेकर अलीराजपुर द्वारा ़ढ्ढस्न योजना की प्रशंसा करते हुए इस महत्वपूर्ण अवसर का लाभ उठाने हेतु मार्गदर्शन दिया गया । देश में कृषि अवसंरचना सुधार के क्रम में वित्तीय सहायता देने के उद्देश्य से कृषि अवसंरचना निधि ;़थ्ढ्ढ योजना का संचालन किया जा रहा है । जिसमें 01 लाख करोड़ रुपये का भारत सरकार द्वारा कोष सृजित किया गया है। योजना में बैंकों से ऋ़ण लेने पर राशि रूपये 2 करोड़ तक योजना स्वीकृत होने पर 3 ़ प्रतिवर्ष की ब्याज की छूट हितग्राही को उपलब्ध कराई जा रही है । कार्यशाला में बड़े स्तर पर अलीराजपुर जिले की मंडियों से आए हुए व्यापारियों तथा कृषकों द्वारा अपनी जिज्ञासा अनुरूप प्रश्न पूछे गए जिसका समाधान कारक उत्तर उपस्थित विशेषज्ञों द्वारा दिया गया ।

अपने उदबोधन में जिला कलेक्टर डॉ बेडेकर द्वारा ़ढ्ढस्न योजना की उपयोगिता बताई गई तथा उपस्थित प्रतिभागियों से व्यक्तिगत रूप से चर्चा की, साथ ही इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने हेतु आह्वान किया गया। इस कार्यशाला में महिला प्रतिभागियों द्वारा भी बहुतायत मे हिस्सा लिया गया । डॉ पूजा सिंह उप संचालक ़ढ्ढस्न द्वारा पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से ़ढ्ढस्न योजना पर विस्तृत चर्चा की गई जिसमें उनके द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त योजना के तहत वेयरहाउस, कोल्ड स्टोरेज, राइपनिंग चेंबर, प्राइमरी प्रोसेसिंग यूनिट दाल मिल, फ्लोर मिल, आटा मिल, कस्टम हायरिंग सेंटर, मसाला उद्योग, बांस प्रोसेसिंग उद्योग इत्यादि में ़ढ्ढस्न योजना का लाभ ले सकते हैं।AIF पोर्टल का तकनीकी प्रशिक्षण भी वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिया गया । कार्यशाला में हितग्राहियों को हर संभव सहायता मुहैया कराया और इससे लाभान्वित होने का आव्हान किया । ़ढ्ढस्न योजना में अभी तक अलीराजपुर जिले में 36 आवेदनों में 05 करोड़ रुपये तथा प्रदेश में 13069 आवेदनों में 8650 करोड़ रुपये की राशि बैंक द्वारा स्वीकृत की जा चुकी है जिससे प्रदेश, देश में प्रथम स्थान पर हैं।

कार्यशाला में उप संचालक कृषि श्री सज्?जन सिंह चौहान, कृषि नोडल ़ढ्ढस्न श्री गोविंद प्रसाद शर्मा, मंडी सचिव श्री भगवान पटेल, सहायक उपनिरीक्षक श्री आदित?य राज सिंह चौहान, सहायक उपनिरीक्षक श्री राहुल कुमार तथा बड़ी संख्या में कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, नाबार्डो, बैंक व मंडी समितियों के सचिव एवं कर्मचारी मीडिया के साथी सहित किसान एवं व्यापारी प्रतिनिधि कार्यशाला में सम्मिलित हुए।

कार्यक्रम के अंत में कृषि उपज मंडी समिति अलीराजपुर के सचिव श्री भगवान पटेल द्वारा उपस्थित समस्त अतिथियों, अधिकारियों, किसान एवं व्यापारी प्रतिनिधियों, पत्रकार साथियों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

बालकों की आयुष्मान योजना, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत

# रेड क्रॉस के माध्यम से भी की जाएगी मदद : कलेक्टर डॉ. बेडेकर

**कलेक्टर ने निराश्रित बालक अरविंद, प्रवीण एवं गोविंद को कपड़े एवं पुस्तके भेंट कर छात्रावास में दाखिला दिलाने के दिए निर्देश**

विनय उजाला



**अलीराजपुर, निप्र।** जिला प्रशासन का संवेदनशील रूप आज देखने को मिला। संयुक्त कलेक्टर एवं प्रभारी जिला परियोजना अधिकारी सुश्री प्रियांशी भंवर ने बताया कि नानपुर क्षेत्र के खारकुआं ग्राम के निराश्रित अरविंद, प्रवीण एवं गोविंद के विषय में जानकारी प्राप्त होने पर कलेक्टर डॉ अभय अरविंद बेडेकर ने तीनों बच्चों को कलेक्टर कार्यालय बुलाकर उनको पढ़ाई की सामग्री एवं कपड़े उपलब्ध करवाए। उन्होंने बच्चों को अच्छी शिक्षा के लिए छात्रावास एवं विद्यालय में दाखिला करने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश डीपीसी एवं सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग को दिए।

कलेक्टर डॉ बेडेकर ने बच्चों से बातचीत की, इस दौरान एक बच्चे ने बताया कि उनको हृदय संबंधी परेशानी है , जिसके कारण फिजिकल एक्टिविटी करने एवं अधिक सक्रिय होने में समस्या होती है, कलेक्टर डॉ बेडेकर ने निर्देशित किया कि बालक को राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत लाभ दिलाकर उपचार प्रदान करे एवं आयुष्मान कार्ड भी बनाया जाना सुनिश्चित करे।

कलेक्टर डॉ बेडेकर ने कहा कि सभी बच्चों का एक जॉइंट अकाउंट भी खुलवाया जाएगा ताकि बच्चों को रेड क्रॉस के माध्यम से भी आर्थिक सहायता प्रदान की जा सके, जिससे वे शिक्षा के अतिरिक्त अन्य आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए किसी अन्य पर आश्रित न रहे। इसके साथ ही कलेक्टर डॉ बेडेकर ने तीनों बच्चों को मिशन वात्सल्य के अंतर्गत 4000 रुपये प्रतिमाह की राशि उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों से बात कर कहा कि जिला प्रशासन सभी बच्चों की हर संभव मदद करेगा, उन्होंने निर्देशित किया कि प्रधान मंत्री आवास योजना सहित अन्य योजना के अंतर्गत बच्चों को लाभ दिलाने के लिए प्रयास करे। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन जिले में अन्य बालक बालिकाएं जो इस तरह की परिस्थिति से गुजर रहे, उनका सर्वे कर मदद का प्रयास करेगा, ताकि मध्य प्रदेश शासन का सुशासन एवं अंत्योदय का उद्देश्य पूर्ण हो सके।

## बेटमा रामनवमी पर्व की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित हुई



विनय उजाला

**बेटमा, निप्र।** बेटमा के स्थानीय गार्डन में रामनवमी पर्व पर निकलने वाली राम रथ यात्रा को लेकर बैठक आयोजित की गई जिसमें बैठक में मुख्य रूप से पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष धर्मवीर सिंह चौहान, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि शशि जायसवाल, बजरंग दल प्रखंड अध्यक्ष आकाश जायसवाल सहित कई जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में सर्व हिंदू समाज के लोगों ने भाग लिया । प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी रामनवमी के अवसर पर देपालपुर के विधायक मनोज पटेल के नेतृत्व में बेटमा में राम रथ यात्रा निकाली जाएगी राम रथ यात्रा को भव्यता प्रदान करने के उद्देश्य से बड़ी बैठक आयोजित की गई जिसमें कई वक्ताओं ने अपने सुझाव दिए इस अवसर पर विधायक मनोज पटेल ने कहा कि राम रथ यात्रा में भगवान श्री राम का रथ श्रद्धालुओं के द्वारा हाथों से खींचा जाएगा साथ ही रथ यात्रा में आकर्षक झांकी, नासिक के ढोल, उज्जैन की भस्म रमैया टीम, गंगा आरती, ढोल ताशे, महाकाल धमाका आदि मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेंगे ।रथ यात्रा 6 अप्रैल शाम 5ः00 बजे निर्भय चौक बेटमा से प्रारंभ होगी जो नगर के विभिन्न मार्गो से होती हुई वापस निर्भय चौक आएगी।

## अल्पावधि रोजगारोउन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन



विनय उजाला

**बाग, निप्र।** शासकीय महाविद्यालय बाग में स्वामी विवेकानंद कैरियर प्रकोष्ठ मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत व्यक्तित्व विकास, संप्रेषण कौशल एवं कंप्यूटेशन स्किल पर 20 दिवस का अल्पावधि रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम महाविद्यालय में संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन द्वारा प्रायोजित एवं सेडमैप द्वारा आयोजित किया गया था। समापन अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. दिलीप कुमार पाटीदार ने कहा कि वर्तमान समय में व्यक्तित्व विकास एवं कंप्यूटर में दक्षता रोजगार एवं स्वरोजगार दोनों में आवश्यक है, कंप्यूटर का उपयोग हर क्षेत्र में होता है। स्वामी विवेकानंद प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी डॉ.महेंद्र रणदा ने कहां की इस 20 दिवस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रभावी संप्रेषण, लक्ष्य निर्धारण कला, आत्मविश्वास बढ़ाने के उपाय, इंग्लिश स्पीकिंग पर प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही एम एस वर्ड, एम.एस एक्सल, पावरप्वाइंट प्रस्तुतीकरण, ईमेल आदि का प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में श्री प्रकाश राठौड़ एवं एल.एन. पवार द्वारा छात्र-छात्रा को प्रशिक्षण दिया गया।

# एंबुलेंस में भरे थे गोवंश आरोपी हो गए थे फरार पुलिस अब जुटी जांच में

विनय उजाला



**धामनोद, निप्र।** नगर के नए गणेश घाट पर बुधवार एंबुलेंस में गोवंश की तस्करी करते हुए वाहन को जप्त किया था बाद आरोपी मौके से फरार हो गए अब पुलिस उपरोक्त मामले में गंभीरता से पड़ताल में जुटी है इस तरह से गोवंश की तस्करी एंबुलेंस से किए जाने के मामले को पुलिस ने गंभीरता से लिया है ताकि आगे से इस प्रकार के वारदातों पर विराम लगे इसलिए पुलिस पड़ताल में जुट गई है

**ट्रैवलर वाहन को बनाया एंबुलेंस कहां ओर किसने बनाई इस पर भी जांच :** थाना प्रभारी संतोष दूधी ने बताया कि जिस एंबुलेंस में गोवंश थे वह ट्रैवलर वाहन था उसे एंबुलेंस का रूप दिया गया और इस प्रकार से बनाया गया पुलिस हर पहलू पर जांच कर रही है उन्होंने यह भी बताया कि शीघ्र आरोपी हिरासत में होंगे क्योंकि उपरोक्त मामले में पुलिस गंभीरता से जांच में जुटी है एक पुलिस दल गठित कर मामले की विवेचना की जा रही है जो जल्द ही आरोपियों को हिरासत में लेगी।

**तरह-तरह की कवायद कर गोवंश का परिवहन करते हैं :** क्षेत्र में गोवंश के अवैध परिवहन का यह पहला मामला नहीं पूर्व में भी यहां कई मामले हो चुके हैं यहां सीमा क्षेत्र से दर्जनों बार गोवंश के परिवहन के मामले सामने आए हैं जिसमें पूर्व में भी हिंदू संगठनों द्वारा कई वाहनों को पड़कर पुलिस के सुपुर्द किया है लेकिन एंबुलेंस से गोवंश परिवहन का यह पहला मामला है फिलहाल पूरे मामले की पुलिस गंभीरता से पड़ताल कर रही है थाना प्रभारी संतोष दूधी ने कहा कि आरोपी शीघ्र हिरासत में होंगे।

**धामनोद थाना क्षेत्र से गुजरने के कई रास्ते लेकिन नर्मदा नदी पार पहुंचाने का एक ही मार्ग :** गोवंश परिवहन करने वाले नए-नए रास्तों से वह गोवंश परिवहन करते हैं हालांकि मुख्य रूप से यह हाईवे से ही गौवंश का परिवहन अवैध परिवहन करते हैं इसके अलावा धरमपुरी एंव अन्य ग्रामीण रास्तों से भी गोवंश का अवैध परिवहन करने वाले अपने वाहन निकाल लेते हैं लेकिन जो गोवंश के वाहन महाराष्ट्र की ओर जाते हैं वह खलघाट नर्मदा नदी स्थित ब्रिज से ही गुजरते है क्योंकि धामनोद से नर्मदा नदी के उस पर जाने के लिए सिर्फ एक ही पुल ऐसे में वहां पर खलटाका चौकी के सामने से गोवंश के अवैध वाहन भरकर गुजरते हैं अब यह सबसे बड़ा प्रश्न है कि यदि धामनोद सीमा क्षेत्र से पुलिस की नजरों से गुपचुप तरीके से यदि गोवंश नर्मदा नदी के उस पार वाहनों से ले जाए जाते हैं तो नर्मदा तट पार करते ही ठीक और खलटाका पुलिस चौकी जो की हाईवे पर ही स्थित है वहां पर गोवंश से भरे वाहनों पर कार्यवाही क्यों नहीं की जाती और चौकी के ठीक सामने महज 15 फीट की दूरी से वाहन कैसे निकल जाते हैं।

आबकारी विभाग अलीराजपुर की बड़ी कार्रवाई

# 51 पेटी अवैध शराब जब्त कर किया प्रकरण दर्ज


विनय उजाला

**अलीराजपुर, निप्र।** कलेक्टर अलीराजपुर डॉ अभय अरविंद बेडेकर के निर्देशानुसार जिला आबकारी अधिकारी श्री धर्मेन्द्र सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग द्वारा मुखबिर की सूचना पर ग्राम पंचायत सेमलाकुंड के ग्राम सिंगाड़िया फलिया (कछला फलिया) के एक सूने मकान से अवैध मदिरा जब्त की गई। मकान की तलाशी लेने पर ॅ माउंट 6000 बियर की 41, रिट्ज की 10 पेटी अवैध मदिरा जब्त की गई । इस प्रकार कुल 578.4 बल्क लीटर अवैध मदिरा जब्त की गई।

मदिरा की मात्रा 50 बल्क लीटर से अधिक होने पर मदिरा को कब्जे आबकारी लिया गया। मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) 34(2) में प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया । सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री जी एस रावत और जी एस धुंध के नेतृत्व में आबकारी टीम द्वारा मदिरा जब्त की गई जिसकी अनुमानित कीमत 1 लाख है। इस कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक श्री गम्भीर सिंह वास्कले ,श्री मोहित बिरला, आरक्षक कालूसिंह बघेल, हितेंद्र सिंह चावड़ा,, मनीष भयड़िया, शंकरलाल लच्छेटा का सराहनीय सहयोग रहा। यह जानकारी जिला आबकारी अधिकारी श्री भदौरिया द्वारा दी गई।

## ग्रीष्म ऋतु में बढ़ते तापमान को देखते हुए कलेक्टर ने दिए शाला संचालन के समय में परिवर्तन के आदेश

विनय उजाला



**अलीराजपुर, निप्र।** अलीराजपुर जिले अंतर्गत ग्रीष्म ऋतु में तापमान में वृद्धि होने के कारण विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर हों सकने वाले प्रतिकूल प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर डॉ अभय अरविंद बेडेकर ने शाला संचालन समय परिवर्तन के संबंध में आदेश जारी किया है।

जिसके अनुसार समस्त शासकीय/अशासकीय / नवोदय विद्यालय/ सी.बी.एस.ई. शैक्षणिक संस्थाओं में कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए आगामी आदेश तक शाला समय में परिवर्तन कर प्रातः 07.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक किया जाएगा। इस दौरान दो पालियों में संचालित होने वाले विद्यालयों का समय यथावत रहेगा इसके साथ ही परीक्षाओं का संचालन निर्धारित समय-सारणी अनुसार रहेगा एवं मूल्यांकन कार्य अपने यथावत समय पर संपादित होते रहेंगे।

**श्री रामनवमी पर विश्व प्रसिद्ध मां भारती के सपूत बाबा सत्यनारायण मौर्य के बहुरंगों से सुनो रे रामकहानी**

# हिन्दू जागरण मंच का रामनवमी पर भव्य आयोजन

## श्री रामजन्मोत्सव समित्ति के तत्वावधान में 06 अप्रैल रविवार को महाआरती

विनय उजाला






**पेटलावद, निप्र।** धर्म नगरी पेटलावद में प्रतिदिन सामाजिक धार्मिक आयोजन होते रहते है। वही श्री रामनवमी पर विशेष आयोजन होते है ।

**बहुरंगो से सजी सुनो रे रामकहानी :** उल्लेखनीय है कि इस वर्ष श्री रामनवमी 06 अप्रेल रविवार को हे ओर पावन पर्व पर प्रतिवर्षानुसार विशेष आयोजन होने जा रहा है। हिन्दू जागरण मंच के तत्वावधान में श्रीराम जन्मोत्सव समित्ति पेटलावद के द्वारा विश्वप्रसिद्ध कलाकार बाबा श्री सत्यनारायण जी मोर्च क़ई बहुरंगी कलाओं से सजी रामचरित कि प्रस्तुति सुनो रे रामकहानी का आयोजन 06 अप्रेल रविवार को रात्रि 8;30 बजे साई मन्दिर चोराहा पुराना बस स्टैंड पर किया जा रहा है ।

**संत सम्मान और रामायण के अरुण गोविल के साथ मना चुके रामजन्मोत्सव**

हिन्दू जागरण मंच, धर्म रक्षा समित्ति और सनातन समाज के तत्वावधान में दो वर्ष पूर्व रामायण सीरियल के सुप्रसिद्ध अरुण गोविल श्री रामजी की विशाल शोभायात्रा में शामिल हुए थे ।तो गत वर्ष संतो कि उपस्थिति में संत समागम ओर संम्मान समारोह आयोजित कर श्री रामजी की महाआरती उतारि गयी थी ।

**अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित हो चुके है बाबा मौर्य :** विदित हो कि बाबा सत्यनारायण मौर्य मा भारती के सेवक ओर विश्वप्रसिद्ध कलाकार ओर चित्रकार है जो अपने बहुरंगो से केनवास पर धर्म और देश की अद्भुत पेंटिंग ओर रचनाएं कलाकृतिया बनाते है । जिन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क़ई बार सम्मानित किया जा चुका है । बतादे कि बाबा मौर्य क़ई वर्षो पूर्व नगर में करवड़ अपनी प्रस्तुति दे चुके है । जिनका क्षेत्र की जनता जोरदार स्वागत ओर अभिननन्द किया था।

**लेवे धर्म लाभ :** श्री रामजन्मोत्सव समित्ति हिन्दू जागरण मंच ने इस आयोजन मे समस्त धर्मप्रेमी जनता को शामिल होकर विशिस्ट आयोजन में सहभागिता करने और पुण्य लाभ लेने की अपील की है ।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रवेश उत्सव का भव्य आयोजन



**बड़वानी, निप्र।** पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल,बड़वानी में आज प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत बड़वानी उपाध्यक्ष पदेन अध्यक्ष जिला शिक्षा समिति श्रीमती सुमन वर्मा उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्रमुख श्री संतोष मिश्रा ने की एवं प्रधान अध्यापक श्री सियाराम मोरे एवं समस्त विद्यालय स्टाफ की गरिमामयी उपस्थिति रही।कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को नवीन शैक्षणिक सत्र की पुस्तकें वितरित की गईं,साथ ही उन्हें चॉकलेट और पेन उपहार स्वरूप प्रदान किए गए।शिक्षकों एवं विद्यालय प्रशासन ने पूरी तत्परता के साथ विद्यार्थियों का स्वागत किया, जिससे आयोजन विशेष बन गया।इसके अतिरिक्त, 'खेलो बढ़ो' अभियान के तहत खेल एवं युवा कल्याण समन्वयक श्रीमती मढ़ी सोलंकी ने विद्यार्थियों को खेल गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने खेलों के शारीरिक और मानसिक लाभों पर प्रकाश डालते हुए छात्रों का उत्साहवर्धन किया। विद्यालय प्रशासन ने इस पूरे आयोजन की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित की, जिससे यह अवसर सभी के लिए यादगार बन गया। प्रवेश उत्सव ने विद्यार्थियों में नए शैक्षणिक सत्र के प्रति उत्साह और ऊर्जा का संचार किया।कार्यक्रम का संचालन योगेंद्र दीक्षित एवं आभार संस्था के वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती संध्या दशोरे ने माना।

### पहली बार झूले लगे, श्रद्धालु जमकर विभिन्न झूलों पर झूले, रोशनी से जगमग हुए झूले

**कसरावद, निप्र।** निमाड़ के गणगौर महापर्व में इस बार नया नजारा देखने को मिला। पहली बार माता की बाड़ी में मेले जैसा माहौल बना,



जहां श्रद्धालुओं के लिए झूले लगाए गए। भक्तजन पहले माता की पूजा-अर्चना कर फिर झूलों का आनंद लिया। मेला मैदान स्थित गणगौर माता की बाड़ी के पूर्व मुख्य परिसर में इस दौरान बाहर से आए झूले वालों ने विभिन्न झूले लगाए। रोशनी की जगमगाए झूलों पर यहां पहुंचने वाले श्रद्धालुओं ने जमकर आनंद लिया। पहली बार गणगौर माता जी की बाड़ी के पास झूले लगे श्रद्धालु महिला एवं पुरुष बच्चों ने जमकर झूलो का आनंद लिया। गुरुवार को भी गणगौर माता के रथ बढ़ाए गए श्रद्धालुओं के द्वारा पुन: माता के रथ घर ले गए शुक्रवार को माता को विदाई दी जाएगी।

### कलेक्टर भव्या मित्तल ने बड़वाह क्षेत्र में निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया

**खरगोन, निप्र।** कलेक्टर भव्या मित्तल ने 03 अप्रैल को बड़वाह क्षेत्र का भ्रमण कर विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान एसडीएम सत्यनारायण दर्रो, तहसीलदार शिवराम कनासे एवं निर्माण विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर भव्या मित्तल ने बड़वाह क्षेत्र में एनएचआई द्वारा नर्मदा नदी पर बनाये जा रहे पुल एवं फोर-लेन सड़क का निरीक्षण किया और अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य को समय सीमा में पूर्ण करने का प्रयास करें। जिससे आवागमन की सुविधा बेहतर हो सके। उन्होंने बड़वाह में सीएम राईज स्कूल एवं कालेज के भवन निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और निर्माण एजेंसी के अधिकारी को निर्देशित किया कि भवनों का कार्य गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण किया जाये। जिससे आने वाले सत्र से छात्र-छात्राओं को नये भवन में शिक्षा अध्ययन कराया जा सकेगा। कलेक्टर भव्या मित्तल ने बड़वाह के अस्पताल का भी निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं को देखा। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में मरीजों को उपचार की बेहतर सेवायें उपलब्ध कराने, डाक्टर्स की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने एवं अस्पताल में साफ-सफाई व स्वच्छता बनाये रखने के निर्देश दिये। बड़वाह के एसडीएम कार्यालय के निरीक्षण के दौरान उन्होंने राजस्व प्रकरणों के निराकरण की जानकारी ली और आरसीएमएस पोर्टल पर प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये।

# भाजपा का स्थापना दिवस बूथ स्तर पर मनाया जाएगा

विनय उजाला





**खरगोन, निप्र।** 6 अप्रेल को भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस बुथ स्तर पर मनाये जाने के साथ साथ 14 अप्रैल को संविधान निर्माता , भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती भी बुथ स्तर पर मनाई जाएगी ।7 से 13 अक्टूबर तक चलने वाले गांव चलो अभियान में मंदिर , स्कूल , अस्पताल और जलाशयो को लेकर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा । भाजपा की जिला कामकाजी बैठक में संभागीय प्रभारी राघवेंद्र गौतम ने ये कहा । भाजपा जिला मीडिया प्रभारी प्रकाश भावसार ने बताया गुरुवार को जिला कार्यालय पर हुई बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष नन्दा ब्राह्मणे ने की। इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री व विधायक बालकृष्ण पाटीदार, विधायक सचिन बिरला, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिनेश शर्मा, आत्माराम पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष बाबुलाल महाजन, राजेंद्रसिंह राठौर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष बापूसिंह परिहार, पूर्व जिपं अध्यक्ष जगदीश पटेल, जिपं अध्यक्ष प्रतिनिधि बंटी तंवर, खरगोन नपाध्यक्ष छाया जोशी मंचासीन थे। बैठक में राघवेन्द्र गौतम ने कहा कि सौभाग्य का विषय है कि 6 अप्रैल को रामनवमी भी है और भाजपा का स्थापना दिवस भी है। रामनवमी श्रद्धा-भक्ति के साथ उत्साह से मनाए। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में अपने घर पर सपरिवार पार्टी का ध्वज फहराए। ध्वज फहराते हुए मोबाईल से फोटो ले व उसे संगठन ऐप पर अपलोड करें। आज भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन है। आज केन्द्र में लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हमारी सरकार है। मध्यप्रदेश सहित देश के अनेक प्रदेशों में हमारी सरकारें हैं। 7 व 8 अप्रैल को मंडल व विधानसभा स्तर पर सक्रिय कार्यकर्ताओं का सम्मेलन रख प्रदेश व केन्द्र सरकार से जुड़े विषयों पर चर्चा करें। 7 से 13 अप्रैल तक गांव चलो अभियान अंतर्गत स्वच्छता अभियान चलाएं। सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से भेंट करें। सरकारी संस्थाओं का दौरा कर स्वच्छता अभियान चलाएं। गांवों में चौपाल लगाकर केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं पर चर्चा करें। इसी प्रकार 14 अप्रैल को बाबा साहेब डॉ. भीमराम अंबेडकर जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मिठाई वितरण करें। एक दिवस पूर्व प्रतिमा स्थल पर स्वच्छता अभियान चलाएं। 14 से 25 अप्रैल के बीच दो सत्रों की जिला संगोष्ठि रखें। भाजपा द्वारा बाबा साहेब तथा संविधान के सम्मान व कांग्रेस द्वारा किए अपमान पर वक्ताओं द्वारा विषय रखा जाए। भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती ब्राह्मणे ने गणगौर, नवरात्रि व रामनवनी पर्व की बधाई देते हुए कहा हमें आगामी कार्यक्रमों को बूथ स्तर पर क्रियान्वित करना है। 6 अप्रैल को पार्टी के स्थापना दिवस पर अपने घर, प्रतिष्ठान पर ध्वज फहराए। स्थापना दिवस कार्यक्रमों के जिला संयोजक अजीत छाजेड़, सहसंयोजक नवलसिंह पंवार, वीरेंद्र पाटीदार व कृष्णा यादव रहेंगे। इसी प्रकार अंबेडकर जयंती कार्यक्रमों के जिला संयोजक भागीरथ कुमरावत, सहसंयोजक चंद्रशेखर भालसे, मांगीलाल गाड़गे व डॉ. केआर शर्मा रहेंगे। विधायक श्री बिरला ने पार्टी के कार्यक्रमों के माध्यम से संगठन को मजबूती मिलती है। हमें कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी करते हुए सफल बनाना चाहिए। विधायक बालकृष्ण पाटीदार ने कहा भाजपा का गठन 6 अप्रैल 1980 को हुआ था। 1984 के लोकसभा चुनाव में हमें केवल दो सीटें मिली थीं। आज हम देशभर में जीत के कीर्तिमान बना रहे हैं। केंद्र सरकार वक्फ संशोधन बिल के माध्यम से गरीब, वंचित मुस्लिमों को उनका हक दिला रही है। वन नेशन, वन इलेक्शन कानून भी जल्द लाने वाले हैं। हम देशहित में राजनीति करते हैं। पूर्व विधायक श्री पटेल ने कहा वर्तमान में पार्टी व सरकार द्वारा किए कार्यों से अवगत कराने की आवश्कता है। हमारे पास सक्षम नेतृत्व हैं जो दमदारी से निर्णय लेता है। पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र ने प्रदेश कार्यसमिति में हुए निर्णयों से अवगत कराते हुए कहा हमारी पार्टी ने अपनी राह बदली है और न ही निर्णय। पूरी दृढ़ता के साथ पार्टी आगे बढ़ रही है। बैठक का संचालन चंद्रशेखर भालसे ने किया व आभार अजीत छाजेड़ ने माना।

भारतीय जनता पार्टी की जिला बैठक

# जिला अध्यक्ष अजय यादव के नेतृत्व में भाजपा कार्यालय में सम्पन्न हुई बैठक





विनय उजाला

**बड़वानी, निप्र।** जिला मीडिया प्रभारी सुनील भावसार ने बताया कि उक्त बैठक में आगामी 6 अप्रेल को स्थापना दिवस से शुरू हो रहे विभिन्न कार्यक्रमो को लेकर चर्चा कर कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को दायित्व सौंपा गया।अतिथियों द्वारा भारत माता,पण्डित दीनदयाल उपाध्याय व डॉक्टर श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर बैठक का शुभारंभ किया।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अजय यादव ने सम्बोधित करते हुए कहा संगठन से प्राप्त निर्देशानुसार आगामी 6 अप्रैल भाजपा के स्थापना दिवस से 14 अप्रैल भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती तक कई कार्यक्रम आयोजित करना है।आगे उन्होंने बताया कि 6 अप्रैल को भाजपा के स्थापना दिवस को बूथ स्तर पर मनाना है सभी भाजपा कार्यालयों एवं सभी कार्यकर्ताओं को अपने घरों पर भाजपा का झण्डा फहराना है व 6 एवं 7 अप्रैल को प्रत्येक बूथ पर प्राथमिक सदस्यों को एकत्रित कर सम्मेलन करना है।इसी तरह से 8 एवं 9 अप्रैल को मण्डल या विधानसभा स्तर पर सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन करना, 7 से 13 अप्रैल तक गांव व बस्ती चलो अभियान में भाग लेकर प्रत्येक कार्यकर्ता को कम से कम 8 घण्टे का समय देकर अनुकरणीय कार्यो को करना है।

इसी तरह से 13 अप्रैल को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थलों की साफ सफाई करना तथा 14 अप्रैल को डॉक्टर भीमराव जी की जयंती हर्षोउल्लास के साथ मनाना तथा उनकी प्रतिमा या चित्र पर माल्यार्पण कर मिठाई का वितरण करना है।

तथा आदि कार्यों के बारे में विस्तार से बताया।इस अवसर पर आजीवन सहयोग निधि के प्रभारी सुखदेव यादव ने आजीवन सहयोग निधि की जिले भर की सिलसिले वार विस्तार से जानकारी दी।स्थापना दिवस प्रभारी विक्रम चौहान ने आगामी 6 अप्रैल को स्थापना दिवस की विस्तार से जानकारी दी।वही अंबेडकर जयन्ती के प्रभारी भगवती प्रसाद शिंदे ने 14 अप्रैल को बाबा साहब की मनाई जाने वाली जयंती की सम्पूर्ण जानकारी प्रेषित की।इस दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेम सिंह पटेल,पूर्व सांसद सुभाष पटेल व पूर्व जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश खंडेलवाल ने सभी कार्यक्रमो को जमीन स्तर पर उतारकर सफल बनाने का आवाहन किया।कार्यक्रम का संचालन बंटी पुरोहित व आभार भागीरथ कुशवाह ने व्यक्त किया।इस अवसर पर सभी मण्डलों के अध्यक्ष, जिला पदाधिकारी व आपेक्षित श्रेणी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

राज्यसभा सांसद डॉ.सुमेर सिंह सोलंकी ने

## दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री से की मुलाकात

**देश के आदिवासी युवाओं को व्यवसाय करने हेतु 5 लाख रु का ब्याज मुक्त लोन प्रदान करने हेतु किया आग्रह**

विनय उजाला



**बड़वानी, निप्र।** राज्यसभा सांसद डॉ.सुमेर सिंह सोलंकी ने दिल्ली में देश गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री से की मुलाकात देश के आदिवासी युवाओं को व्यवसाय करने हेतु 5 लाख रु का ब्याज मुक्त लोन प्रदान करने हेतु किया आग्रह सांसद डॉ. सोलंकी ने देश के गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से चर्चा के दौरान बताया कि देश के आदिवासी युवाओं को अपना व्यवसाय शुरू करने के लिए वित्तीय सहायता की अत्यधिक आवश्यकता होती है, बहुत से आदिवासी युवा जो पहली बार अपना व्यवसाय शुरू करने की योजना बना रहे होते है, उनके पास आवश्यक पूंजी की कमी के चलते वे अपने व्यवसाय के सपने को साकार नही कर पाते।सरकार द्वारा आदिवासी युवाओं को पहले व्यवसाय शुरू करने के लिए 5 लाख रु तक का लोन ब्याज मुक्त प्रदान करने की व्यवस्था की जाए। उक्त लोन सरल और बिना किसी जटिल प्रक्रिया के जारी किया जाए ताकि वे अपनी व्यवसायिक यात्रा में कोई कठिनाई महसूस न करें और आत्मनिर्भर बन सकें। इसके अतिरिक्त इस लोन को चुकाने की अवधि भी उचित और सुविधाजनक रखी जाए,जिससे आदिवासी युवाओं को अपने व्यवसाय को सफलतापूर्वक चलाने के लिए एक उचित अवसर प्राप्त हो सके।राज्यसभा सांसद डॉ.सुमेर सिंह सोलंकी ने बताया कि यह कदम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश की सामाजिक व आर्थिक धारा को मजबूत करने की दिशा में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम हो सकता है। इससे न केवल आदिवासी युवाओं को आर्थिक मदद मिलेगी बल्कि उनके आत्मनिर्भर बनने और समुदाय के समग्र विकास में भी सहायता प्राप्त होगी।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना 'सिलावद पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## पानी की मोटर और चोरी किए गए सामान सहित 05 आरोपी गिरफ्तार



विनय उजाला

**आरोपियों के नाम**

1. राजु उर्फ राजेश पिता सुरसिंग सोलंकी, उम्र 22 वर्ष, निवासी ठान
2. जितेन्द्र पिता दिनेश सोलंकी, उम्र 22 वर्ष, निवासी ठान
3. अनिल पिता गमरिया सोलंकी, उम्र 24 वर्ष, निवासी ठान
4. निलेश पिता नकरसिंह सोलंकी, उम्र 22 वर्ष, निवासी ठान
5. दिन्या उर्फ दिनेश पिता रेवल मुजाल्दे, उम्र 24 वर्ष, निवासी ठान

**जप्त माल/मश्रुका व कीमत**

1.*अप.क्र.82/25 जप्त माल मश्रुका : स्कूल में चोरी गया सामान, कीमत रु.25,100/-
2. अप.क्र.84/25 जप्त माल मश्रुका : 02 पानी की विद्युत मोटर, कीमत रु.50,000/-
3. अप.क्र.85/25 जप्त माल मश्रुका : 01 पानी की विद्युत मोटर, कीमत रु.22,000/-
4. अप.क्र.87/25 जप्त माल मश्रुका : 01 पानी की विद्युत मोटर, कीमत रु.15,000/-

**बड़वानी, निप्र।** दिनांक 29.03.2025 को फरियादी ने थाना सिलावद पर रिपोर्ट की कि अज्ञात आरोपी द्वारा पीएम श्री शासकीय माध्यमिक विद्यालय ठान में रात्रि के समय घुसकर ताले तोड़कर चोरी किया गया।फरियादी की रिपोर्ट पर थाना सिलावद में अप. क्र. 82/25 धारा 331(4), 305 भारतीय दंड संहिता के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।इसके बाद, दिनांक 01.04.2025 को पृथक-पृथक फरियादियों ने थाने पर रिपोर्ट की कि अज्ञात बदमाशों द्वारा उनकी पानी की विद्युत मोटर चोरी कर ली गई। फरियादियों की रिपोर्ट पर थाना सिलावद में पृथक-पृथक अप. क्र. 84/25, 85/25, 87/25 धारा 303(2) भारतीय दंड संहिता के तहत मामले पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक बड़वानी श्री जगदीश डावर द्वारा आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक बड़वानी श्री जगदीश डावर के निर्देशन में व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अनिल पाटीदार एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) बड़वानी श्री दिनेशसिंह चौहान के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सिलावद उनि. वीरबहादुरसिंह चौहान के नेतृत्व में थाना सिलावद की टीम गठित की गई। मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर आरोपियों की तलाश की गई और आरोपियों 1. राजु उर्फ राजेश, 2. जितेंद्र, 3. अनिल, 4. निलेश, 5. दिन्या उर्फ दिनेश को गिरफ्तार किया गया। इन आरोपियों के कब्जे से 04 पानी की विद्युत मोटर, कीमत 87,000/- एवं स्कूल में चोरी हुआ सामान 25,100/- की जप्ती की गई।

जल गंगा संवर्धन अभियान

## सांईखेड़ी में 02.89 लाख रुपए की लागत से खेत तालाब का निर्माण कार्य प्रारंभ

विनय उजाला

**खरगोन, निप्र।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत खरगोन जिले में जल संरक्षण के कार्य कराये जा रहे हैं। भीकनगांव विकासखण्ड के ग्राम सांईखेड़ी में मनरेगा से चम्पालाल/राजाराम के खेत में तालाब का निर्माण कार्य 03 अप्रैल को प्रारंभ किया गया है। चम्पालाल के खेत में तालाब बनने से वर्षा का पानी में उसमें संचित होगा और फसलों की सिंचाई के काम आयेगा। जनपद पंचायत भीकनगांव की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती पूजा मलाकार सैनी ने बताया कि चम्पालाल के खेत में खेत तालाब निर्माण के लिए मनरेगा से 02 लाख 89 हजार रुपये की मंजूरी प्रदान की गई है। इस तालाब के निर्माण कार्य से चम्पालाल एवं अन्य ग्रामीणों को रोजगार मिलेगा और तालाब बनने से गांव के भू-जल स्तर में सुधार होगा। चम्पालाल के खेत में तालाब निर्माण का कार्य प्रारंभ होने से वह बहुत खुश है । वह इस तालाब में मछली पालन का काम भी करना चाहता है।

शाला स्तर पर नवीन शैक्षणिक सत्र 2025-26 के प्रथम दिवस जनप्रतिनिधियों द्वारा

## विद्यार्थियों को तिलक लगाकर नि :शुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया

विनय उजाला



**पलसूद, निप्र।** नगर की एकीकृत शासकीय उमावि कन्या पलसूद विकासखंड राजपूर जिला बड़वानी में नवीन शैक्षणिक सत्र 2025-26 के प्रथम दिवस सम्माननीय जनप्रतिनिधि मोहनलाल गोले द्वारा कक्षा 1 से 12 तक उपस्थित छात्राओं को तिलक लगाकर उनका स्वागत कर चॉकलेट खिलाकर उन्हें नि:शुल्क पाठयपुस्तकों का सेट प्रदाय किया गया।यह कार्य स्कूल प्रबंधन द्वारा शत प्रतिशत किया जायेगा टेक्स्ट बुक वितरण ऐप पर रिसीविंग एंड डिस्ट्रिब्यूशन दोनों प्रकार के कार्य शाला पुस्तक प्रभारी द्वारा किए जाएंगे प्राचार्य जगदीशचंद्र राठौड़ द्वारा स्टाफ को स्कूल चले हम अभियान का कार्य समयसीमा में करने हेतु आवश्यक जानकारी दी गई।जनशिक्षक सुरेशचंद्र राठौड़ द्वारा 3.0 पोर्टल पर शाला के डायस कोड एवं पासवर्ड से पिछले वर्ष के विद्यार्थियों को क्लास प्रमोशन करने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई है।यह कार्य तीन दिवस में फिनिश किया जाना है।क्लस्टर की शालाओं में बालसभा के आयोजन किए गए व विद्यार्थियों की शतप्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कर पीएम पोषण योजना में विशेष भोज से लाभान्वित किया गया,स्कूल प्रबंधन चार दिवसीय स्कूल चले हम कार्यक्रम को अभियान के रुप में लेकर आगामी 30अप्रैल तक शासन के निर्देशानुसार कार्य सम्पन्न करेंगे क्लास 1,6 में नामांकन को प्राथमिकता से लिया जायेगा।

**निमाड़ का महापर्व गणगौर : बदलती परंपराओं के बीच अटूट भक्ति**

# तीर कमान की जगह सोशल मीडिया और रीलस ने ली

विनय उजाला



**कसरावद, निप्र।** परंपरा और आस्था का प्रतीक गणगौर महापर्व निमाड़ में आज भी पूरी श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। रंग-बिरंगे परिधानों में सजधज कर महिला, पुरुष एवं बच्चें सभी गणगौर माता की भक्ति में लीन होकर माता की बाड़ी तक आनंद और उत्साह के साथ जाते हैं । यह पर्व निमाड़ी संस्कृति की गहरी जड़ों को दर्शाता है, जहां भक्ति, प्रेम और परंपरा का संगम होता है।

हालांकि, समय के साथ पर्व की कुछ पुरानी परंपराएं अब लुप्त होती जा रही हैं। पहले बच्चों द्वारा तीर-कमान बनाकर आकाश में तीर छोड़ने की अनूठी परंपरा थी, जिसे शौर्य और उत्साह का प्रतीक माना जाता था। लेकिन अब यह दृश्य कम ही देखने को मिलता है। सोशल मीडिया और डिजिटल युग ने इस उत्साह को कहीं पीछे छोड़ दिया है। पुराने समय में गांवों के बच्चे गणगौर के अवसर पर लकड़ी के तीर बनाकर उसे ऊपर उछालते थे, जिससे उनकी ऊर्जा और परंपरा के प्रति लगाव झलकता था। यह खेल न केवल मनोरंजन का जरिया था, बल्कि यह एक साहसिक परंपरा भी थी, जो अब लगभग खत्म हो चुकी है। इसके स्थान पर अब सोशल मीडिया पर गणगौर पर्व की तस्वीरें और रील्स साझा करने का नया चलन शुरू हो गया है।

बदलते समय के बावजूद गणगौर की भक्ति और उत्साह में कोई कमी नहीं आई है। गांवों में आज भी महिलाएं गणगौर माता की सजीव झांकियां निकालती हैं, पारंपरिक गीत गाती हैं और माता गौरी की पूजा-अर्चना करती हैं। हालांकि, आवश्यकता इस बात की है कि पारंपरिक खेलों और रीति-रिवाजों को पुनर्जीवित करने की दिशा में प्रयास किए जाएं, ताकि आने वाली पीढ़ी भी अपनी समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर से जुड़ी रह सके।

निमाड़ी बोली मे सन कहा जाता है। जिसके ऊपर गिली मिट्टी व कपडा लपेटेकर तीर का निशान बनाया जाता था। वही बास से कामठी बनाई जाती है। दोनों को तीर कमान कहा जाता है। गणगौर पर्वत के दौरान बच्चे तीर छोड़ते थे जिसमें उत्साह एवं उमंग के साथ शौर्य की पराकाष्ठा का प्रतीक मानी जाती रही है। अनादि काल से तीर कमान भारतीय संस्कृति में मुख्य महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

बुधवार को गणगौर माता के दूसरे दिन रथ बढ़ाए गए। श्रद्धालुओं मन्नत अनुसार गणगौर माता के रथ बौढाए। इंदौर रोड स्थित प्राचीन गणगौर माता की बाड़ी स्थल लाए यहां माता का पूजन कर पानी पिलाया। उसके बाद एक दिन रुकने का आग्रह करके श्रद्धालु माता को घर लाए।

## संक्षिप्त समाचार

### महिला मंडल ने निकाला गणगौर का बाना



**देवास, निप्र।** विजयवर्गीय महिला मंडल देवास द्वारा मंजू विजयवर्गीय की अध्यक्षता में गणगौर का बाना निकाला गया। जिसमें समाज की सभी महिलाएं सम्मिलित थी। मोनिका अंकित, अनुषा अंशुल विजयवर्गीय ईसर गणगौर बने। सभी महिलाएं सज धज कर सोलह श्रृंगार करके निकली। बाना स्थानीय धर्मशाला से मल्हार समिति गार्डन तक गया। वहां पर महिलाओं ने जाले दिए और गणगौर माता को दोहे सुनाएं। कोषाध्यक्ष साधना विजयवर्गीय ने बताया कि बाने का स्वागत विजय विजयवर्गीय, राजकुमारी विजयवर्गीय एवं संगीता संतोष विजयवर्गीय ने किया। आभार सचिव याशी पंकज विजयवर्गीय ने माना।

### अग्निवीर साक्षी धाकड़ का किया सम्मान



**देवास, निप्र।** नौ दिवसीय शक्ति की आराधना के साथ शुरू हुए हमारे नव संवत्सर को देवास की देवास ग्रीन्स कालोनी निवासी बिटिया शक्ति स्वरूपा साक्षी मोढ़सिंह धाकड़ ने उज्जैन संभाग की प्रथम अग्निवीर बनकर और खास बना दिया। साक्षी ने राष्ट्र सेवार्थ अपने पिताश्री के पद चिन्हों पर चलते हुए भारतीय सेना में अग्निवीर की सेवा को अपने कर्मपुष्प पर अंकित कर राष्ट्र भक्ति का गौरवशाली भाव जगाया है। साक्षी के इस संकल्प से आज संपूर्ण देवास शहर अभिभूत हैं। साक्षी के साहस को प्रणाम करते हुए कालोनीवासियों ने साक्षी का हौसला बढ़ाते हुए पुष्पगुच्छ व शील्ड प्रदान कर स्वागत किया व साक्षी के उज्जलवल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर कई उच्च पदों से सेवानिवृत्त पुलिस व आर्मी अफसरों ने साक्षी का सम्मान किया। आभार संग्रामसिंह घार्गे ने माना।

### गर्मी को देखते हुए स्कूलों के संचालन का समय बदला

**खरगोन, निप्र।** कलेक्टर भव्या मित्तल ने वर्तमान में ग्रीष्म ऋतु के कारण जिले में अत्यधिक गर्मी के प्रभाव के कारण बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका को देखते हुए जिले में संचालित समस्त शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों के संचालन का समय परिवर्तित कर 07 अप्रैल से प्रात~ 07.30 से दोपहर 01.30 बजे तक निर्धारित कर दिया है ।जिला शिक्षा अधिकारी शैलेन्द्र कानूडे ने बताया कि खरगोन जिले के अन्तर्गत समस्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों (सी.बी.एस.ई., एम.पी.बी.एस.ई. आदि समस्त प्रकार के बोर्ड) के संचालन का समय दिनांक 07 अप्रैल? 2025 से प्रात: 07~30 बजे से दोपहर 01~30 बजे तक के लिए निर्धारित किया गया है। परीक्षाओं के मूल्यांकन का कार्य पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार यथावत संचालित रहेगा। यह आदेश 30 अप्रैल 2025 तक प्रभावशील रहेगा । जिले में संचालित सभी शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों के प्राचार्यों एवं प्रधानपाठकों को निर्देशित किया गया है कि इस आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होना चाहिए।

## विद्यार्थियों को अपने जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर कठिन परिश्रम करना चाहिए, सफलता कदम चुमेगी

# बच्चों के ज्ञानवर्धक जवाब सुन कलेक्टर हुए प्रसन

विनय उजाला

**देवास, निप्र।** सभी विद्यार्थियों को अपने जीवन में लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए और इसके लिए कठिन परिश्रम करना चाहिए। परिश्रम से कभी भी जी नहीं चुराना चाहिए। आप अगर पूरी ईमानदारी और एकाग्रता से कठिन परिश्रम करेंगे तो निश्चित ही सफलता आपके कदम चुमेगी। उक्त बातें कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने पीएमश्री शासकीय माध्यमिक विद्यालय अमोना में 卐स्कूल चलें हम अभियान卐 के अंतर्गत भविष्य से भेंट कार्यक्रम में विद्यार्थियों से वार्ता के दौरान कही। इस दौरान डीपीएस अजय कुमार मिश्रा, स्कूल के प्राचार्य, बीआरसी किशोर वर्मा, स्कूल के विद्यार्थीगण तथा अन्य संबंधित उपस्थित थे।

**नियमित अभ्यास से हर कार्य आसान हो जाता है :** कलेक्टर श्री सिंह ने बच्चों से कहा कि जीवन में क्या करना है उसका लक्ष्य बनाकर रखें। इसके लिए सभी को बड़ी सोच रखना चाहिए और उसके लिए कठिन परिश्रम करना चाहिए तभी आपको सफलता मिलेगी। परिश्रम से कभी भी जी नहीं चुराए। सभी को जीवन में आगे बढ़ने के लिए बड़ी सोच रखना चाहिए। उन्होंने कहा नियमित अभ्यास से हर कार्य संभव हो जाता है। आप प्रतिदिन 6 घंटे पढ़ाई करेंगे तो आपको विषय का अध्ययन आसान हो जाएगा और आप परीक्षा में आसानी से प्रश्नों के उत्तर लिख सकेंगे। अपने दिमाग को क्रिएटिव रखें और अपने मन में जो भी जिज्ञासा और शंका है उनका समाधान अपने शिक्षकों से जरूर कराएं। कलेक्टर



श्री सिंह ने कहा कि पढ़ाई के दौरान अगर कोई संदेह आता है तो अपने शिक्षकों से पूछे। बच्चों को शिक्षकों से सवाल पूछना चाहिए। अपने आसपास जो भी गतिविधियों हो रही है तो मन में जिज्ञासा उत्पन्न होना चाहिए। जिज्ञासा का समाधान अपने टीचर और परिजनों से पूछना चाहिए। सवाल एवं अपने मन की जिज्ञासा पूछने में झिझक नहीं करना चाहिए।

**बच्चों ने पूछा सर आप कलेक्टर कैसे बने, कलेक्टर ने बच्चों के प्रश्न का दिया उत्तर :** इस दौरान जिज्ञासा के चलते बच्चों ने पूछा कि सर आप कलेक्टर किस प्रकार बने। इस पर कलेक्टर श्री सिंह ने बच्चों के प्रश्न का जवाब दिया कि आप भी कलेक्टर बन सकते है, लेकिन इसके लिए आपके खूब मेहनत करना पड़ेगी, तभी संभव हो सकेगा। मेहनत पूरी ईमानदार और एकाग्रता के साथ से करना होगी और लक्ष्य निर्धारित करना पड़ेगा कि मुझे आईएएस ही बनना है निश्चत सफल होंगे। उन्होंने बताया कि उच्च शिक्षा के बाद किसी भी प्रतिभागी परीक्षा में बैठ सकते हैं। स्टेट के लिए एमपीपीएससी और इंडिया के लिए यूपीएससी की परीक्षा में भाग ले सकते हैं। आपकी मेहनत और नॉलेज की बदौलत आप किसी भी प्रकार की परीक्षा को क्रेक कर सकते हैं।

**कलेक्टर के प्रश्नों का बच्चों ने दिया उत्तर, कलेक्टर हुए प्रसन्न :** इस दौरान कलेक्टर श्री सिंह बच्चों का सामान्य ज्ञान चेक करते हुए अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स के संबंध में पूछा कि उन्हें कोन-कौन जानता है। वे कहा गई थी और उन्होंने क्या किया। जिसका उत्तर बच्चों ने दिया। बच्चों का उत्तर सुनकर कलेक्टर प्रसन्न हुए और उनके सामान्य ज्ञान पर उनकी सराहना की। बच्चों ने बताया कि सुनीता विलियम्स अंतरिक्ष में गई थी और करीब 9 माह अंतरिक्ष में रही तथा हाल ही में लौटी। कलेक्टर श्री सिंह ने बच्चों से कहा कि प्रतिदिन आपको डीडी न्यूज देखना चाहिए तथा समाचार पत्र को प्रतिदिन पढ़ना, अंग्रेजी न्यूज पेपर भी पढ़ना चाहिए, जिससे आपकी अंग्रेजी और अच्छी हो जाएगी। उन्होंने कहा कि अच्छी अच्छी किताबें पढ़ते रहना चाहिए। समाचार पत्रों के माध्यम देश दुनिया की खबरों से रूबरू होंगे और आपका आत्मविश्वास बढ़ा रहेगा।

**कक्षा 10वीं एवं कक्षा 12वीं की परीक्षा अपका भविष्य तय करती है**

इस दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने विद्यार्थियों से वार्ता करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के लिए कक्षा 10वीं एवं कक्षा 12 वीं परीक्षा के बहुत मायने होते हैं। इन परीक्षाओं से आपका भविष्य तय होता है। इन परीक्षाओं के लिए अच्छे से फोकस करना है तथा इनमें अच्छे प्रतिशत से परीक्षा पास करना है। इन परीक्षा से ही आप अपना भविष्य तय कर सकेंगे। इन परीक्षाओं में आपका प्रतिशत अच्छे श्रेणी का होना चाहिए, तभी आप अपने सपने को सार्थक कर सकते हैं। कक्षा 12वीं उच्च श्रेणी से पास करेंगे तो ही आपको अच्छा कॉलेज मिलेगा और अपने सपनों को सार्थक कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि अच्छे कॉलेज में पढ़ाई करने के बाद आपको अच्छे पैकेज की जॉब मिलेगी। बड़ी-बड़ी कंपनियों में आपको कार्य करने का मौका मिलेगा।

कलेक्टर ने बच्चों से पूछा कि आपको कौन सा विषय अच्छा लगता है। बच्चों ने जवाब दिया कि उन्हें गणित विषय अच्छा लगता है। रूचि के चलते भविष्य में कौन, क्या बनना चाहते है। बच्चों ने अपनी रूचि बताते कुछ बच्चों ने कहा कि आपकी तरह कलेक्टर बनाना चाहता हैं। कुछ बच्चों पुलिस एवं आर्मी ऑफिसर बनना बताया। कलेक्टर श्री सिंह ने पूछा डॉक्टर, इंजीनियर कौन-कौन बनना चाहता है।

कलेक्टर श्री सिंह ने कम्प्यूटर लैब, स्मार्ट क्लास का निरीक्षण किया। इस दौरान बच्चों से पूछा की कि आपको किताबें मिली या नहीं। बच्चों ने बताया कि हमें किताबें मिल चुकी है। कलेक्टर ने फर्नीचर उपलब्धता के बारे में जानकारी ली। बच्चों से पूछा कि स्कूल के प्रथम दिन आकर कैसा लग रहा है। बच्चों से जानकारी ली कि स्कूल में पढ़ाई के अलावा आप क्या क्या करते है। बच्चों की रूचि के बारे में पूछा, किस बच्चें की किस चीज में रूचि है। इस दौरान बच्चों ने कलेक्टर श्री सिंह का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। कलेक्टर ने कहा कि सरकार बच्चों की पढ़ाई के लिए अच्छे-अच्छे प्रयास कर रही है। आधुनिक शिक्षा के लिए स्कूलों में एलईडी लगाई जा रही है। सभी बच्चें अपनी प्रतिभा को पहचाने और किस की रूचि किस क्षेत्र में हैं। उस क्षेत्र में अग्रसर हों।

कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि कोई भी व्यक्ति कुछ भी कर सकता है लेकिन उसे करना आना चाहिए उसे सीखना आना चाहिए। किसी भी चीज को सीखने के लिए उसकी जड़ तक पहुंचे। जिससे आपका नॉलेज बढ़ेगा। जिससे आप दूसरों बच्चें से अलग दिखेंगे। आप मेहनत करते हैं तो कोई भी एक्जाम क्रेक कर सकते हैं। जीवन में टेस्ट मैच की तरह सिर्फ डटे रहे, सफलता आपके कदम चुमेगी। गरीब परिवार के बच्चे भी अपनी मेहनत, लगन, ईमानदारी के दम सफलता को प्राप्त करते हैं। उन्होंने प्राचार्य और शिक्षकों को निर्देश दिए कि बच्चों को एलईडी पर प्रेरणादायी मूवी दिखाएं, जिससे उनका दिमाग क्रिऐटिव बने। उन्होंने बाल वाटिका का निरीक्षण किया।

# श्रीमद् भागवत की लीला मनुष्य में भक्ति पैदा करती

विनय उजाला

**देवास, निप्र।** कलयुग में श्री हरि का साक्षात स्वरूप श्रीमद भागवत है, जिस श्रीमद भागवत कथा श्रवण करने का लाभ बैकुंठ वासी देवता को नहीं मिलता है, उस कथा का लाभ धरती वासी को सहज रूप में प्राप्त करने का अवसर ठाकुर जी ने दिया है। जब शुकदेव जी के पास देवता अमृत लेकर पहुंचे और कहा कि ये अमृत आप लेलो और श्रीमद भागवत आप हमे दे दो तब शुकदेव जी कहा कि धरती वासियों को अमृत नहीं भक्ति के साथ मोक्ष चाहिए। एक बार धरती पर भ्रमण करते हुए देवाश्री नारद जी वृंदावन की भूमि पर गए तो उन्होंने देखा वहां स्वयं



भक्ति अपने दो बीमार पुत्र के साथ विलाप कर रही है नारद जी ने उस स्त्री की दशा को देखकर परेशानी का कारण पूछा तो भक्ति ने कलयुग में अपनी स्थिति का वर्णन किया तो नारद जी ने भक्ति के पुत्र जान ओर वैराग्य को जवान करने का उपाय सनक सन्दन सनातन, सनत कुमार ऋषियों से पूछा तो इन ऋषियों ने बताया कि वेदों के श्रवण से जो महा सार का फल मिलता है उस फल रस का नाम है श्रीमद भागवत पुराण। जिसके श्रवण से भक्ति पैदा होती है भक्ति से वैराग्य जागता है और ज्ञान का प्रकाश फैलता है ।यह आध्यात्मिक वाणी चौत्र नवरात्रि पर्व पर मां कैला देवी के मंदिर में प्रारंभ हुई श्रीमद भागवत कथा के प्रथम दिवस पर वृंदावन की रासाचार्य बृज रत्न वंदना श्री भागवत कथा का महत्व बताते हुए कहे। लीला मय इस कथा में बृज की पौराणिक संस्कृति को विश्व स्तर तक पहुंचने वाली बृजलोक संस्कृति एवं सेवा संस्थान के 40 कलाकारों ने जब कथा प्रसंग पर दृष्टांतो का सजीव अभिनय किया तो श्रोता मंत्र मुग्ध हो गए। श्रीमद भागवत एवं व्यास पीठ की पूजा आयोजक मन्नूलाल गर्ग, दीपक गर्ग अनामिका गर्ग एवं परिवार ने किया। आरती में कैलादेवी मंदिर उत्सव समिति के समिति संयोजक रायसिंह सेंधव , देवकृष्ण व्यास, रमन शर्मा, ओ पी दुबे, अजब सिंह ठाकुर, ओ पी तापडिया ने की। कथा का संचालन चेतन उपाध्याय ने किया।

## राजपूत समाज संगठन जिला देवास ने जलाया सपा सांसद का पुतला

### जिलाधीश के नाम दिया ज्ञापन, राणा सांगा पर की थी गलत टिप्पणी



विनय उजाला

**देवास, निप्र।** राजपूत समाज संगठन जिला देवास ने भोपाल चौराहे पर समाजवादी पार्टी के सांसद रामजीलाल सुमन का पुतला जलाया। जानकारी देते हुए राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना जिला अध्यक्ष ठाकुर सुरेंद्र सिंह गौड़ ने बताया कि महाराजा राणा सांगा पर टिप्पणी की गई है जिसको लेकर हमने सांसद सुमन को चप्पल की माला पहनकर पुतला फूंका है। पुतला दहन के पश्चात देवास कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर देवास कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में माग की गई है कि सांसद अपने पद से इस्तीफा दे तथा सांसद की गिरफ्तारी कर उन पर देश द्रोह का मुकदमा चलाया जाए। इस अवसर पर ठाकुर सुरेंद्र सिंह गौड़, तूफान सिंह परमार, रूप सिंह, आदि उपस्थित रहे।

# जो औद्योगिक क्षेत्र बनाया उसे विकसित करे ताकि क्षेत्र से रूके पलायान

विनय उजाला

**कन्नौद, निप्र।** गुजरात में फटाका फैक्ट्री में विस्फोट में विधानसभा क्षेत्र खातेगांव व संदलपुर ग्राम के एक ही समाज व परिवार के 10 लोगों की मौत बेहद पीड़ादायक है। पूर्व विधायक कैलाश कुण्डल एवं जनपद सदस्य गणेश गुर्जर एवं अन्य साथियों ने पीड़ित परिवारजन से मुलाक़ात कर शोक संवेदनाएं व्यक्त करते हुए उन्हें आवश्यक सहयोग दिलवाने का भरोसा दिलवाया। कुण्डल ने बताया की प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने फोन पर बोला की प्रदेश कांग्रेस भी पीड़ित परिवार के दु:ख में बराबर की भागीदार हैं।



पूर्व विधायक कुण्डल ने मुख्यमंत्री से मांग की है की राकेश के परिवार में जो एक 3 वर्ष की बेटी बची है, उसके जीवन यापन की स्थाई व्यवस्था की जाए। शांताबाई के बड़े बेटे संतोष जिसे मुंह में गुठली है, उसका निशुल्क इलाज कराया जाए एवं उसे सरकारी नौकरी दिलाई जाए। फैक्ट्री मालिक एवं जिन बिचोलिए के माध्यम से अधिक मजदूरी का लालच देकर गुजरात ले जाया गया उनके खिलाफ गैर इरादातन हत्या का मुकदमा दर्ज किया जाए। पीड़ित समाज के लोग गांव, गांव घूमकर अपना परिवार पालते है। अत: इन्हे स्थाई रूप से 5-5 एकड़ जमीन देकर बसाया जाए। नेमावर के पास जो ओद्योगिक क्षेत्र 30 साल पहले बनाया गया था कोई बड़ा उद्योग डाला जाए जिससे क्षेत्र से पलायन करने वाले मजदूरों को यही काम मिल जाए।

## अजाक्स द्वारा मुख्यमंत्री का नाम दिया ज्ञापन



विनय उजाला

**देवास, निप्र।** मप्र अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी एवं कमर्चारी संघ जिला देवास द्वारा प्रांतीय आव्हान पर सम्भागीय महासचिव हेमराज गोखले एवं विक्रम सिंह परमार की विशेष उपस्थिति में ब्लॉक अध्यक्ष हीरालाल मालवीय एवं तहसील अध्यक्ष छगनलाल सोलंकी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन दिया। ज्ञापन तहसीलदार सपना शर्मा ने लिया। ज्ञापन में नाम पुरानी पेंशन लागू करना, पदोन्नति, मनोज गोरकेला द्वारा तैयार ड्रॉफ्ट के आधार पर शीघ्र प्रारंभ करना। न्यायिक सेवा में पूर्व की भांति आरक्षण लागू करना,1 लाख रिक्त बैकलॉग पदों की शिघ्र पूर्ति करना, आउट सोर्सिंग बन्द करना, उच्च पदों के प्रभार में आरक्षण लागू करना, छात्रवृत्ति समय पर प्रदान करना आदि विभिन्न मांगों के संबंध में ज्ञापन दिया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से देवकरण सोलंकी, महेश झरोखा, जगदीश मालवीय, महेंद्र सिंह परमार, राधेश्याम सुमन, सुरेश सोलंकी, शिवनारायण मालवीय, राजेश चौहान आदि उपस्थित रहे।

## महिला सहकर्मी के साथ मारपीट करने वाले

# जनपद सहायक लेखाधिकारी को तीन माह की सजा, एक हजार का जुर्माना

**सोनकच्छ जनपद पंचायत में पदस्थ**

विनय उजाला

**सोनकच्छ, निप्र।** जनपद पंचायत में पदस्थ सहायक लेखाधिकारी ने अधीनस्थ ऑफिस असिस्टेंट युवती के साथ मारपीट के मामले में प्रथम श्रेणी न्यायाधीश ने तीन माह की सजा सुनाई गई।

अभियोजन के मुताबिक ने जपं सोनकच्छ में पीडीए कम ऑफिस असिस्टेंट के पद पर पदस्थ 38 वर्षीय युवती मनीषा दुबे के साथ मारपीट की थी। यह घटना तब हुई जब फरियादी



कार्यालय में पदस्थ सहायक लेखाधिकारी महेश शर्मा के केबिन के गेट पर पहुंची। फरियादी के बारे में शर्मा अपने सहकर्मी अशोक शर्मा से गलत बातें कर रहे थे। इतना सुन फरियादी कमरे में दाखिल हुई और कहा कि ऐसा क्यों बोल रहे हो आप, मेरे चरित्र के बारे अफवाह क्यों फैला रहे हो, तो महेश शर्मा ने बोला कि क्या बोल रहा हूं, फरियादी ने अपना हाथ आगे किया तो आरोपी ने फरियादी का हाथ झकझोर दिया दोनों गालों पर थप्पड़ मारे।

मामले में पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट दर्ज कर चालान बनाकर प्रथम श्रेणी न्यायालय में प्रस्तुत किया था। जहां 7 साल चले इस प्रकरण में न्यायाधीश शुभम गुप्ता ने आरोपी महेश शर्मा को 3 माह का कारावास व 1 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। अभियोजन की ओर से पैरवी संदीप श्रीवास्तव ने की। सहयोग कोर्ट मुंशी सचिन नागर का रहा।

## प्रबंधक संतोष शुक्ला के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह आयोजित

विनय उजाला

**सोनकच्छ, निप्र।** पैक्सा सहकारी समिति सोनकच्छ के प्रबंधक संतोष शुक्ला के सेवानिवृत्त होने पर स्थानीय पैक्सा समिति के कार्यालय पर शुक्ला का विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समिति के प्रशंसक विवेक व्यास, प्रेरणा जावड़ेकर, सीसीबी बैंक पर्यवेक्षक गिरिराज सिंह चौहान,केलाश शर्मा अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों द्वारा संतोष शुक्ला को साफ़ा पहनाकर सम्मानित किया और शाल श्रीफल भेंट किया और मिठाई खिलाकर शुक्ला के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। वहीं ग्रामीण पैक्सा समिति दोलतपुर के प्रबंधक लोकेन्द्रसिंह सेंधव, धर्मेंद्र सिंह सेंधव चौबारा जागीर,हरेन्द सिंह सेंधव जामगोद,राकेश भाटी,



दिनेश शर्मा, महेन्द्र सिंह सेंधव, कालू सिंह प्रबंधक बिसाखेड़ी, शिव कुमार कुशवाह प्रबंधक गंधर्व पुरी, महेंद्र सिंह चौहान प्रबंधक गढ़ खजुरिया, गुलाब सिंह सेंधव प्रबंधक पिपलिया बकसू, लोकेंद्र सिंह सेंधव प्रबंधक कुमारियाराव बहादुर सिंह भाटी प्रबंधक दुधलाई , अके सिंह देवेंद्र सिंह, राहुल सिंह ओम प्रकाश शर्मा सोनकच्छ संस्था के कर्मचारीगण आदि उपस्थित थे।

## 4 अप्रैल से प्रारंभ होगी नवपद ओलीजी आराधना

# आचार्य जिनसुंदर सुरीश्वरजी का नगर प्रवेश संपन्न

विनय उजाला

**देवास, निप्र।** आचार्य श्री जिनसुंदर सुरीश्वरजी म.सा. आदि ठाणा 6 का देवास नगर में ओलीजी आराधना एवं प्रभु महावीर जन्म कल्याणक में सानिध्य प्रदान करने हेतु नगर प्रवेश हुआ। आपके साथ कलापूर्ण सुरीश्वरजी की समुदाय वर्तिनी साध्वीजी श्री अक्षयनंदिता श्रीजी आदि ठाणा 4 का भी पदार्पण हुआ। इस अवसर पर विशाल शोभा यात्रा मंडी धर्मशाला से निकाली गई



जो कि विजयारोड, श्री आदेश्वर मंदिर आदिनाथ चौक, जेल रोड होकर श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ मंदिर पर विशाल धर्मसभा के रूप में संपन्न हुई। उल्लेखनीय है कि 4 अप्रैल से प्रारंभ होने वाली नवपद ओलीजी एवं 10 अप्रैल को प्रभु महावीर स्वामी जन्म कल्याणक आपके सानिध्य एवं निश्रा में भव्य पैमाने पर मनाया जाएगा।

14 अप्रैल तक प्रतिदिन आपकी सारगर्भित प्रवचन श्रृंखला का आयोजन होगा। 3 अप्रैल को श्री आदेश्वर मंदिर बड़ा बाजार स्थित नवीन मांगलिक भवन में सुबह 9.15 बजे आपके प्रवचन होंगे। विशाल धर्मसभा को उपदेशित करते हुए आपने कहा कि जिस पेड़ की जड़ें धरती में गहरी होती है और उसका पानी से जुड़ाव हो जाता है वह सदैव हरा भरा रहता है। हमें भी यदि हमारा जीवन हरा भरा बनाना है तो प्रभु के द्वारा दर्शित धर्म मार्ग से गहरा जुड़ाव संबंध बनाना ही होगा। प्रभु के धर्म से कनेक्शन करके, उनकी बताई सदमार्ग देने वाली बातों का जीवन में कलेक्शन करके हमारे जीवन का करेक्शन करते हुऐ हम वीतराग पद प्राप्त कर सकते हैं। प्रवक्ता विजय जैन ने बताया कि बड़ी संख्या में तपस्वी ओलीजी आराधना तपश्चर्या करेंगे।

IPL आज के मैच

लखनऊ सुपर जायंट्स VS मुंबई इंडियंस

स्थान : लखनऊ समय : शाम 7.30 बजे

## प्रीमियर लीग में 12 अंकों की बढ़त बरकरार

# लिवरपूल ने एवर्टन को 1-0 से हराया



लंदन, (हि.स.)

डियोगो जोटा के 57वें मिनट में किए गए गोल की बदौलत लिवरपूल ने बुधवार को मर्सीसाइड डर्बी में एवर्टन को 1-0 से हराकर प्रीमियर लीग में अपनी 12 अंकों की बढ़त बरकरार रखी। लुइस डियाज़ के बैक-हील पास पर जोटा के गोल ने अरने स्लॉट की टीम को जीत दिलाई और अब टीम को खिताब पक्का करने के लिए अगले आठ मुकाबलों में सिर्फ 13 अंकों की जरूरत है।

दूसरी ओर, मैनचेस्टर सिटी ने घर में संघर्षरत लीसेस्टर सिटी के खिलाफ दमदार शुरुआत की। जैक ग्रीलिश ने मैच के सिर्फ दूसरे मिनट में साविन्हो के असिस्ट पर गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। ओमर मरमौश ने हाफ टाइम से पहले स्कोर 2-0 कर दिया।

### एस्टन विला की यूरोप में वापसी की उम्मीदें मजबूत

मार्कस रैशफोर्ड और मार्को असेंसियो के दूसरे हाफ में किए गए गोलों ने एस्टन विला की यूरोप में वापसी की उम्मीदें मजबूत कर दीं। ब्राइटन के खिलाफ 3-0 की इस जीत में डोनीएल मालेन ने इंजुरी टाइम में गोल कर ब्राइटन की मुश्किलें और बढ़ा दीं, जो पहले ही एफए कप से बाहर हो चुका है। इप्सविच टाउन ने बोरनमाउथ को चौंकाते हुए 34वें मिनट में नाथन ब्रॉडहेड और 60वें मिनट में लियाम डेलाप के गोलों से 2-1 से हराया। बोरनमाउथ के लिए इवानिलसन ने 67वें मिनट में एकमात्र गोल किया। साउथैम्प्टन के पॉल ओनूआचू ने 20वें मिनट में गोल कर टीम को बढ़त दिलाई थी, लेकिन क्रिस्टल पैलेस के मैथ्यूस फ्रांका ने इंजुरी टाइम में गोल कर मुकाबला 1-1 से ड्रॉ करवा दिया।

## एक हार से ही आरसीबी दो पायदान लुढ़का

# श्रेयस-अक्षर की टीमों का दबदबा

मुंबई

**आईपीएल 2025 अब धीरे-धीरे दिलचस्प मोड़ पर पहुंच रहा है। प्लेऑफ में पहुंचने की जंग दिलचस्प होती जा रही है। इसी कड़ी में बुधवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को अपने घर में गुजरात टाइटंस के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा।**

इस हार के बाद आरसीबी की टीम अंक तालिका में दो पायदान लुढ़क कर तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। इससे पहले यह टीम शीर्ष पर थी। वहीं, गुजरात की टीम चौथे स्थान पर है। फिलहाल पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स ही ऐसी टीमें हैं, जिन्हें अब तक हार का सामना नहीं करना पड़ा है।

आरसीबी को बुधवार को गुजरात के खिलाफ आठ विकेट से हार का सामना करना पड़ा। इस हार के बाद बेंगलुरु की टीम शीर्ष से लुढ़क कर तीसरे स्थान पर पहुंच गई। उसके तीन मैचों के बाद दो जीत और एक हार के साथ चार अंक हैं। टीम का नेट रन रेट +1.149 है। वहीं, गुजरात ने भी अब तक तीन में से दो मैच जीते हैं और एक में उसे हार का सामना करना पड़ा है। गुजरात का नेट रन रेट +0.807 है। पंजाब की टीम फिलहाल अंक तालिका में शीर्ष पर है। उसके दो मैचों में दो जीत के साथ चार अंक हैं। पंजाब का नेट रन रेट +1.485 है। वहीं, दिल्ली कैपिटल्स दो मैचों में दो जीत और चार अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। उसका नेट रन रेट +1.320 है।



### ऑरेंज कैप की दौड़ में पूरन आगे

आईपीएल 2025 में दो अप्रैल तक हुए मैचों के बाद लखनऊ सुपर जाएंट्स के बल्लेबाज निकोलस पूरन ऑरेंज कैप की दौड़ में सबसे आगे हैं। पूरन ने तीन मैचों में 219.76 के स्ट्राइक रेट से 189 रन बनाए हैं। पूरन अब तक 17 चौके और 15 छक्के लगा चुका हैं और उनका सर्वोच्च निजी स्कोर 75 रन है। दूसरे स्थान पर गुजरात के साई सुदर्शन हैं। उन्होंने तीन पारियों में 62 की औसत और 157.63 के स्ट्राइक रेट से 186 रन बनाए हैं। उनकी सर्वश्रेष्ठ पारी 41 गेंद में 74 रन है। तीसरे स्थान पर गुजरात के ही जोस बटलर हैं। उन्होंने तीन पारियों में 83 की औसत और 172.92 के स्ट्राइक रेट से 166 रन बनाए हैं। पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर चौथे स्थान पर हैं। उन्होंने दो मैचों में 149 रन बनाए हैं और उनका सर्वोच्च स्कोर नाबाद 97 रन है।

### नूर अहमद के पास पर्पल कैप

चेन्नई सुपर किंग्स के स्पिनर नूर अहमद पर्पल कैप की दौड़ में फिलहाल सबसे आगे हैं। नूर शानदार गेंदबाजी कर रहे हैं और अब तक तीन मैचों में नौ विकेट अपने नाम कर चुके हैं। दूसरे स्थान पर दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क हैं जिन्होंने दो मैचों में आठ विकेट लिए हैं। स्टार्क ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच में पांच विकेट लिए थे जिसकी मदद से वह इस सूची में दूसरे नंबर पर आ गए हैं। इसके बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के जोश हेजलवुड, गुजरात टाइटंस के आर साई किशोर, सीएसके के खलील अहमद और लखनऊ के शार्दुल ठाकुर का नंबर आता है। इन चारों ने छह-छह विकेट लिए हैं।

### फीफा फुटबॉल रैंकिंग में भारत 127वें स्थान पर पहुंचा

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** वैश्विक फुटबॉल नियामक संस्था फीफा की ओर से गुरुवार को जारी नवीनतम पुरुष रैंकिंग में भारत एक स्थान फिसलकर 127वें स्थान पर आ गया है। मार्च 2025 में एएफसी एशियाई कप क्वालीफाइंग मैच में ब्लू टाइगर्स को बांग्लादेश से ड्रॉ पर रोका गया था। इस परिणाम से बांग्लादेश को दो पायदान ऊपर चढ़कर 183वें स्थान पर पहुंचने में मदद मिली।

मिस्र की राष्ट्रीय टीम पिछली रैंकिंग में 33वें स्थान पर रहने के बाद विश्व स्तर पर 32वें स्थान पर पहुंच गई। मोरक्को विश्व स्तर पर 12वें स्थान पर और सेनेगल विश्व स्तर पर 18वें स्थान पर है, जबकि अल्जीरिया अफ्रीका में चौथे और विश्व स्तर पर 36वें स्थान पर है और नाइजीरिया अफ्रीका में पांचवें और विश्व स्तर पर 43वें स्थान पर है। वैश्विक स्तर पर अर्जेंटीना ने अपनी बढ़त बनाए रखी, जबकि स्पेन दूसरे स्थान पर पहुंच गया और फ्रांस तीसरे स्थान पर खिसक गया।

### विश्व मुक्केबाजी कप में भारतीय खिलाड़ियों का जलवा

नई दिल्ली। भारत के मनीष राठौड़, हितेश और अविनाश जामवाल ने बुधवार को अपने-अपने वजन वर्ग में आसान जीत के साथ विश्व मुक्केबाजी कप ब्राजील 2025 में सेमीफाइनल में जगह बनाई। जामवाल ने 65 किग्रा वर्ग में जर्मनी के डेनिस ब्रिल को सर्वसम्मत फैसले से हराया जबकि हितेश ने इटली के गैब्रिएल गुइडी रोनतानी को 70 किग्रा वर्ग में सर्वसम्मत फैसले से शिकस्त दी।

मनीष ने 55 किग्रा वर्ग में ऑस्ट्रेलिया के पेरिस ओलंपियन यूसुफ चोटिया को हराया। दोनों मुक्केबाजों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली, लेकिन अंत में भारतीय मुक्केबाज विजयी रहा। तीन जज ने मनीष के पक्ष में फैसला दिया जबकि दो ने दोनों मुक्केबाजों को बराबर अंक दिए सेमीफाइनल में मनीष की भिड़ंत कजाखस्तान के नूरसुल्तान अल्तिनबेक से होगी जबकि हितेश को माकन तराओरे के खिलाफ खेलना है। जामवाल का सामना इटली के जियानलुइगी मलांगा से होगा।

## इगा स्वियातेक ने बिली जीन किंग कप टूर्नामेंट से नाम वापस लिया

नई दिल्ली, (हि.स.)

दुनिया की नंबर दो टेनिस खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने आगामी बिली जीन किंग कप क्वालिफाइंग टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया है। उन्होंने बुधवार को सोशल मीडिया पर इसकी घोषणा की। 23 वर्षीय स्वियातेक ने कहा कि उन्हें अपने करियर और स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करने के लिए अधिक समय चाहिए, जिसके चलते वह 10-12 अप्रैल को पोलैंड के रादोम शहर में स्विट्जरलैंड और यूक्रेन के खिलाफ राष्ट्रीय टीम के लिए नहीं खेलेंगी।

स्वियातेक ने कहा कि, मुझे पता है कि यह जानकारी प्रशंसकों, विशेष रूप से



पोलिश प्रशंसकों, के लिए निराशाजनक हो सकती है, लेकिन फिलहाल यह मेरे लिए सही निर्णय है।

उन्होंने आगे कहा, मैं हमेशा गर्व के साथ अपने देश का प्रतिनिधित्व करती हूं। मैंने पिछले साल देश के लिए सभी प्रमुख टूर्नामेंट खेले थे।

## एटलेटिको मैड्रिड को हराकर बार्सिलोना ने फाइनल में बनाई जगह

मैड्रिड, (हि.स.)

**बार्सिलोना ने बुधवार को एटलेटिको मैड्रिड को 1-0 से हराकर कोपा डेल रे के फाइनल में जगह बना ली, जहां उसका सामना चिर-प्रतिद्वंद्वी रियल मैड्रिड से होगा। मेट्रोपोलिटानो स्टेडियम में खेले गए इस रोमांचक मुकाबले के बाद बार्सिलोना ने 5-4 के कुल स्कोर के साथ फाइनल का टिकट कटाया।**

पहले चरण में खेले गए आठ गोल वाले रोमांचक मुकाबले के बाद, फेरान टोरेस के 27वें मिनट में किए गए गोल ने बार्सिलोना को निर्णायक बढ़त दिलाई। लामिन यमाल के बेहतरीन पास पर टोरेस ने बॉक्स के अंदर से शानदार शॉट



लगाकर गेंद को गोलकीपर जुआन मुसो के पास से नेट में पहुंचा दिया।

दूसरे हाफ में एटलेटिको ने बराबरी के गोल के लिए काफी प्रयास किए, लेकिन स्थानापन्न खिलाड़ी एलेक्ज़ेंडर सोरलॉथ आसान मौके को चूक गए, जिससे बार्सिलोना ने अपनी बढ़त बनाए रखी और जीत दर्ज की। इससे पहले मंगलवार को रियल मैड्रिड ने रियल सोसिएदाद के खिलाफ जबरदस्त मुकाबले में 4-4 की बराबरी हासिल कर कुल 5-4 से जीत दर्ज की थी। इसके साथ ही, कोपा डेल रे फाइनल में एक दशक से अधिक समय बाद एक एल क्लासिको मुकाबला देखने को मिलेगा।



## राष्ट्रपति ट्रंप की घोषणा और आधिकारिक आदेश में दिखा अंतर

# अमेरिका ने भारत पर 27 प्रतिशत लगाया टैरिफ

वाशिंगटन/नई दिल्ली, (हि.स.)

**अमेरिका ने भारत पर 26 फीसदी नहीं, बल्कि 27 फीसदी का टैरिफ लगाया है। व्हाइट हाउस की ओर से जारी आधिकारिक आदेश इसकी पुष्टि करता है। इससे पहले रेसिप्रोकल टैरिफ ( पारस्परिक शुल्क या टैक्स ) लगाने की घोषणा के वक्त राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जिस तख्ती के साथ मीडिया के सामने आए थे, उस दौरान भारत के लिए 26 फीसदी टैरिफ का जिक्र था, लेकिन ट्रंप प्रशासन की ओर से जारी आधिकारिक आदेश में भारत के लिए 27 फीसदी टैरिफ की बात कही गई है।**

ट्रंप प्रशासन का मानना है कि अमेरिकी वस्तुओं पर भारत उच्च आयात शुल्क वसूलता है, ऐसे में अब देश के व्यापार घाटे को कम करने और विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए यह कदम उठाना जरूरी था। हालांकि, ट्रंप प्रशासन के इस कदम से अमेरिका को भारत के कुछ क्षेत्रों के निर्यात पर असर पड़ने के आसार हैं, लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि भारत अपने प्रतिस्पर्धियों की तुलना में बेहतर स्थिति में है क्योंकि अन्य देशों की तुलना में भारत पर लगाया गया शुल्क कम है।

ट्रंप ने नई दिल्ली की ओर से लगाए जाने वाले टैरिफ को बहुत, बहुत कठोर बताया। ट्रम्प ने कहा,



उनके प्रधानमंत्री (नरेन्द्र मोदी) अभी-अभी (हाल ही में अमेरिका से) गए हैं...वे मेरे बहुत अच्छे दोस्त हैं, लेकिन मैंने उनसे कहा कि आप मेरे दोस्त हैं, लेकिन आप हमारे साथ सही व्यवहार नहीं कर रहे हैं। भारत हमसे 52 फीसदी शुल्क लेता है इसलिए हम उससे इसका आधा शुल्क लेंगे- 26 फीसदी। यह फैसला लेना बहुत कठिन रहा। हालांकि, जब राष्ट्रपति ट्रंप की ओर से जारी टैरिफ चार्ट में भारत की टैरिफ दर 26 फीसदी बताए जाने से भ्रम की स्थिति पैदा हो गई, क्योंकि व्हाइट हाउस के आधिकारिक आदेश में 27 फीसदी टैरिफ की बात कही गई थी। भारत के अलावा दक्षिण कोरिया, थाईलैंड, म्यांमार और अन्य देशों के लिए भी टैरिफ की दरों में घोषणा और आधिकारिक आदेश में बदलाव दिखा।

### 9 अप्रैल से लागू होगा नया टैरिफ

भारत के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने भी अमेरिका के रेसिप्रोकल टैरिफ पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। मंत्रालय ने कहा, अमेरिकी राष्ट्रपति ने पारस्परिक शुल्क पर एक कार्यकारी आदेश जारी किया है, जिसके तहत सभी व्यापारिक साझेदारों से आयात पर 10 से 50 फीसदी तक अतिरिक्त समान मूल्य शुल्क लगाया जाएगा। 10 फीसदी का आधारभूत शुल्क 05 अप्रैल, 2025 से प्रभावी होगा और शेष शुल्क 09 अप्रैल, 2025 से प्रभावी होगा। अमेरिकी प्रशासन के कार्यकारी आदेश के अनुलग्नक 1 के मुताबिक भारत पर 27 फीसदी टैरिफ लगाया गया है।

### चीन पर 54 फीसद लगाया टैरिफ

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति ट्रंप ने जापान, दक्षिण कोरिया और भारत जैसे कुछ करीबी सहयोगी देशों और ट्रेड पार्टनर्स पर भारी टैरिफ लगाया है, जबकि रूस और नॉर्थ कोरिया को इस लिस्ट से बाहर रखा है। इसके अलावा ट्रंप ने बांग्लादेश पर (37 फीसदी), चीन (54 फीसदी), वियतनाम (46 फीसदी) और थाईलैंड (36 फीसदी) टैरिफ लगाया है, जिन्हें बढ़े हुए शुल्क का सामना करना पड़ रहा है।

## ट्रंप के टैरिफ बम से कई सेक्टर का निकला दिवाला, कुछ की मनेगी दिवाली

नई दिल्ली, (हि.स.)

अमेरिका की नई टैरिफ पॉलिसी से दुनिया के ज्यादातर देश प्रभावित होने वाले हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नई टैरिफ पॉलिसी का ऐलान करने के बाद से ही लगातार इस बात की समीक्षा की जा रही है कि भारत के किस सेक्टर पर इसका कितना असर पड़ेगा। इस नई टैरिफ पॉलिसी के कारण भारत में कई सेक्टर्स पर निगेटिव असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है, तो कई सेक्टर्स को फायदा होने की भी संभावना है।

अमेरिका की टैरिफ पॉलिसी का ऐलान होने के बावजूद भारत के फार्मास्यूटिकल सेक्टर को सबसे अधिक राहत मिली है, क्योंकि अमेरिका ने इस सेक्टर को टैरिफ से बाहर रखा है। इसकी वजह से अमेरिका में अपनी दवाओं का निर्यात करने वाली डॉ. रेड्डीज लेबोरेट्रीज, अरबिंदो फार्मा और सन फार्मास्यूटिकल्स जैसी कंपनियों को काफी राहत मिली है। इन कंपनियों के कुल राजस्व में 33 से लेकर 50 प्रतिशत तक की हिस्सेदारी अमेरिका को किए गए निर्यात की होती है। फार्मास्यूटिकल सेक्टर के साथ ही डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ पॉलिसी में स्टील, कॉपर, सोना-चांदी समेत कुछ खास खनिजों को भी रेसिप्रोकल टैरिफ के दायरे से बाहर रखा गया है। ऐसा होने से इन सेक्टर्स से जुड़ी कंपनियों पर भी अमेरिका की टैरिफ पॉलिसी से कोई फर्क नहीं पड़ेगा।

## पीएम मुद्रा योजना... महिलाओं-पिछड़े वर्गों की बदली जिंदगी ; 52 करोड़ खाते खुले

नई दिल्ली, (हि.स.)

सरकार की ओर से 2016 में शुरू किए गए प्रधानमंत्री मुद्रा योजना यानी पीएमएमवाई ने पिछले एक दशक में महिलाओं और पिछड़े वर्गों की जिंदगी बदल दी है। इसके तहत अब तक कुल 52 करोड़ से अधिक बैंक खाते खुले हैं। बैंकों ने इनको 27.5 लाख करोड़ रुपये का कर्ज दिया है।

एसबीआई की बुधवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, सूक्ष्म, छोटे और मझोले उद्योगों (एमएसएमई) में कृषि और उससे संबंधित गतिविधियों को छोड़कर मुद्रा के तहत कर्ज दिया जाता है। वित्त वर्ष 2014 में इस क्षेत्र को कुल 8.5 लाख करोड़ रुपये कर्ज दिया गया, जो 2023-24 में तीन गुना बढ़कर 27.5 लाख करोड़ को पार कर गया। 2024-25 में यह 30 लाख करोड़ को पार कर सकता है।

रिपोर्ट के अनुसार, अब तक 52 करोड़ खाते खुले हैं। इसमें से 40 करोड़ यानी 78 फीसदी खाते शिशु कैटेगरी के हैं। 10 करोड़ यानी 20 फीसदी किशोर के और दो करोड़ यानी दो फीसदी तरुण के हैं। कुल खातों में शिशु का हिस्सा 2024-25 में कम होकर 51.7 फीसदी हो गया, जो 2025-26 में 93 फीसदी था। किशोर का हिस्सा 5.9 फीसदी से बढ़कर 44.7 फीसदी पर पहुंच गया है। इसका मतलब यह कि जिन लोगों ने शिशु के तहत कर्ज लिया वे अब किशोर की श्रेणी में आ गए हैं।

### कर्ज का औसत आकार 1.02 लाख रुपये

रिपोर्ट बताती है कि 2015-16 में कर्ज का औसत आकार 38,000 रुपये था। अब यह 1.02 लाख रुपये हो गया है। 51 करोड़ खातों में से आधे खाते सामान्य श्रेणी वालों के हैं। कुल खातों में महिला उद्यमी का हिस्सा 68 फीसदी है। 11 फीसदी अल्पसंख्यकों के हैं। वित्त वर्ष 2016 से अब तक के 9 वर्षों में प्रति महिलाओं को वितरित रकम सालाना 13 फीसदी चक्रवृद्धि दर से बढ़कर 62,679 रुपये हो गई है। इसी दौरान जमा की रकम 14 फीसदी बढ़कर 95,269 रुपये हो गई है।

### जमीनी स्तर पर महिलाओं को संबल

रिपोर्ट बताती है कि इन आंकड़ों का असर सीधे जमीनी स्तर पर महिलाओं को आर्थिक संबल देने में दिख रहा है। उदाहरण के तौर पर 2020 में शुरू किए गए उद्यम पोर्टल पर महिलाओं का हिस्सा कुल पंजीकृत एमएसएमई में 20.5 फीसदी हो गया है।

### तीन दिवसीय स्टार्टअप महाकुंभ शुरू

# स्टार्टअप कुंभ में 50 से अधिक देशों के प्रतिनिधि होंगे शामिल

नई दिल्ली, (हि.स.)

**स्टार्टअप महाकुंभ 3 अप्रैल से 5 अप्रैल तक नई दिल्ली के भारत मंडपम में हो रहा है। ये भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम का सबसे बड़ा इवेंट है। इसमें 3,000 से अधिक स्टार्टअप, 1,000 से ज्यादा निवेशक, और 50 से अधिक देश के प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसान ने भारत मंडपम में स्टार्टअप महाकुंभ का उद्घाटन किया।**

बंसल ने लेंसकार्ट की



सफलता का श्रेय ग्राहकों पर फ़ोकस को दिया। लोगों द्वारा खरीदारी न करने के कारणों को गहराई से समझना और उनकी समस्याओं को हल करना ज़रूरी है। उन्होंने उदाहरण दिया- शिपिंग के दौरान चश्मे को होने वाले नुकसान को रोकने के लिए एक स्पेशल क्लिप डेवलप की थी।

बंसल ने कहा कि नए ग्राहक अधिग्रहण पर फोकस करने के बजाय मौजूदा ग्राहकों को प्राथमिकता दें। उन्होंने तर्क दिया कि मौजूदा ग्राहकों को बेहतरीन अनुभव प्रदान करने से लॉन्ग-टर्म एक्विजनशन कॉस्ट कम हो जाती है, क्योंकि संतुष्ट ग्राहक ऑर्गेनिक ग्रोथ को ड्राइव करते हैं।

बंसल ने कहा कि कस्टमर हाई एक्सपेक्टेशन्स के हकदार हैं। बिजनेसेस को इन मानकों को पूरा करने के लिए क्वालिटी और ड्यूरेबिलिटी (जैसे, बेहतर चश्मे के केस) में निवेश करना चाहिए और एक वाओ फैक्टर बनाना चाहिए जो वर्ड-ऑफ-माउथ प्रमोशन को प्रोत्साहित करता है।

### क्या है स्टार्टअप महाकुंभ?

स्टार्टअप महाकुंभ का आयोजन भारत सरकार के डिपार्टमेंट फॉर प्रमोशन ऑफ इंडस्ट्री एंड इंटरनल ट्रेडऔर स्टार्टअप इंडिया पहल के तहत किया जा रहा है। यह इस इवेंट का दूसरा एडिशन है, जिसमें 3000 से अधिक स्टार्टअप्स अपनी नवीनतम तकनीकों, उत्पादों और सेवाओं को प्रदर्शित करेंगे। इवेंट का मकसद स्टार्टअप्स को फंडिंग, नेटवर्किंग और ग्लोबल इन्वेस्टर्स से जुड़ने का मौका देना है।

## ईपीएफओ से ऑनलाइन पैसा निकालना हुआ आसान

नई दिल्ली (हि.स.)

भविष्य निधि से ऑनलाइन निकासी के इच्छुक आवेदकों को अब कैंसिल्ड चेक की फोटो अपलोड करने और उनके बैंक खातों को नियोक्ताओं की ओर से सत्यापित करने की जरूरत नहीं होगी। रिटायरमेंट बॉडी ने इन फैसलों के साथ ग्राहकों के लिए दावा प्रक्रिया बनाने की जानकारी दी है। पेंशन नियामक के इस कदम से लगभग आठ करोड़ ईपीएफओ सदस्यों के लिए दावा निपटान प्रक्रिया आसान हो जाएगी।

वर्तमान में, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के सदस्यों को पीएफ खातों से ऑनलाइन धनराशि निकालने के लिए आवेदन करते समय, यूएएन (यूनिवर्सल अकाउंट नंबर) या पीएफ नंबर से जुड़े बैंक खाते की चेक लीफ या पासबुक की सत्यापित फोटो कॉपी अपलोड करनी होती है। नियोक्ताओं को भी आवेदक के बैंक खाते के विवरण को स्वीकृत करना आवश्यक है।

श्रम मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि ईपीएफओ ने ऑनलाइन दावा दाखिल करते समय चेक लीफ या सत्यापित बैंक पासबुक की तस्वीर अपलोड करने की आवश्यकता खत्म कर दिया है।

### इंदौर नगर निगम का आठ हजार करोड़ से ज्यादा का बजट पेश

# जनता पर नहीं लगेगा कोई नया टैक्स

## विजन-2050... भारत के गौरव का दौर, स्वच्छ, समृद्ध और आत्मनिर्भर इंदौर

विनय उजाला

**इंदौर, निप्र। इंदौर नगर निगम का 8 हजार करोड़ से ज्यादा का बजट गुरुवार को नगर निगम के अटल बिहारी वाजपेयी परिषद सभागृह में पेश किया गया। इस साल नया टैक्स का प्रावधान नहीं किया गया।**

नगर निगम का नया पोर्टल अब 1 अप्रैल की जगह 15 अप्रैल से शुरू होगा। इंदौर में स्वामी विवेकानंद की 39 फीट ऊंची प्रतिमा लगेगी। इसकी तैयारी पूरी हो चुकी है। 12 जनवरी 2026 को इसका लोकार्पण होगा। हर घर को डिजिटल पता देने की घोषणा भी की गई। इसके लिए अप्रैल से ही पायलट प्रोजेक्ट पर काम शुरू हो जाएगा। गुरुवार को दो घंटे बीस मिनट में बजट खत्म हो गया। सभापति ने बैठक को स्थगित कर दिया। अब शुक्रवार 4 अप्रैल को बजट पर चर्चा होगी।






### नेता प्रतिपक्ष ने बताया आंकड़ों वाला फर्जी बजट

विपक्ष की इस मांग पर पक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया है। पक्ष का कहना है कि हम बजट के बाद घोटाला पर जानकारी देंगे। इस पर विपक्ष का कहना है कि यह फर्जी बजट है। इससे होगा क्या। पिछले साल के बजट की रिपोर्ट दीजिए। पहले घोटालों पर जानकारी दो। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि यह आंकड़े का बजट है पैसा कहां है। पिछले साल के जो आंकड़े बजट में दिए थे उसकी रिपोर्ट दीजिए। महापौर जी ने आज तक घोटालों को लेकर कोई पीसी तक नहीं की। हंगामे के बीच स्वागत, भारत माता की जय और जय जय श्री राम के नारे लगे। विपक्ष के नेता चिंटू चौकसे ने कहा कि सभापति जी आपकी अनुमति से बजट भाषण पूरा सुनेंगे, बजट पर सार्थक चर्चा भी करेंगे यह हमारी इच्छा है। लेकिन इससे पहले यह सदन और इंदौर शहर की जनता जानना चाहती है कि जिस फर्जी फाइल घोटाले ने शहर को कलंकित किया। हजारों करोड़ का घोटाला फिर 11 करोड़ रुपए का घोटाला इन पर क्या कार्रवाई हुई महापौर जी इस पर जानकारी दें।

### बजट भाषण से पहले हुआ हंगामा

बजट सत्र शुरू होते ही नेता प्रतिपक्ष ने सदन में निगम में हुए भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि महापौर जवाब दें कि अब तक क्या कार्रवाई हुई। इसके बाद कांग्रेस पार्षदों ने हंगामा शुरू कर दिया। करीब 15 से 20 मिनट तक चले हंगामे के बाद महापौर ने बजट भाषण शुरू किया। इस दौरान मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, मंत्री तुलसी सिलावट, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक महेंद्र हार्डिया, नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे मौजूद हैं। मंत्री सिलावट ने महापौर को बजट से पहले माला पहनाई। इस बजट में सबसे ज्यादा 2 हजार करोड़ रुपए जनकार्य विभाग के लिए रखे गए हैं। मनोरंजन कर पर पिछले साल से सख्ती बढ़ाई गई है, जिससे इस साल 5 से 10 करोड़ रुपए की आय का अनुमान है।

इंदौर में बजट से पहले निगम सदन में देश के विभिन्न जगहों पर हुए दुखद हादसों में व इंदौर के समाजसेवियों व राजनेताओं के यहां हुए परिजनों के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

**बजट का आकार :**

**आय** : 8174.94 करोड़ रूपये
**व्यय** : 8236.98 करोड़ रूपये
**घाटा** : 62.04 करोड़ रूपये

**वित्तीय उपलब्धियां :**

- पिछले बजट में अनुमानित घाटा 130 करोड़ रूपये था।
- पहली छः माह में 61.32 करोड़ रूपयेका लाभ अर्जित किया गया, जो अब तक का सर्वाधिक है।
- राजस्व व्यय पर आय का अधिशेष 347.64 करोड़ रहा।
- इसमें से 306.87 करोड़ रूपये पूंजीकृत विकास कार्यों पर खर्च किए गए।

**व्यय में बचत एवं सुशासन :**

- परिषद हॉल होने से खर्च में कटौती हुई।
- 2023-24 में परिषद बैठकों पर 47.48 लाख रूपये खर्च हुए थे।
- 2024-25 की पहली छः माह में इस मद में 0 खर्च हुआ।
- सार्वजनिक परिवहन
- 600 सिटी बस स्टॉप का निर्माण।
- 150 इलेक्ट्रिक AC बसें और 40 इलेक्ट्रिक बसें अमृत योजना के तहत।
- 26 इलेक्ट्रिक AC बसें इंटरसिटी रूट पर, 50 डीजल AC बसें इंटरस्टेट और इंटरसिटी में।

### विपक्ष सही और गलत दोनों के विरोध के लिए, उन्हें जनता ने विरोध करने ही बैठाया है

मंत्री विजयवर्गीय ने कहा प्रतिपक्ष को विरोध करना चाहिए सही बात पर भी और गलत बात पर भी। उन्हें जनता ने विरोध करने बैठाया है। कभी पैसों की कमी नहीं आने देंगी ये ट्रिपल इंजन की सरकार है। मुझ पर इंदौर की जनता का ऋण है, मुझे कई मौके मिले हैं, जब मुझे यह चुकाने का अवसर मिला। महापौर जी आप काम कीजिए, बहुत काम कीजिए। काम करने का बहुत अच्छा अवसर है। मुझे अपने जीवनकाल में सबसे ज्यादा काम करने का मजा मेरे महापौर काल में आया। मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि प्रदेश में सभी निगम और पालिका की हालत यह है कि भोपाल से जब पैसा भेजा जाता है तभी वेतन बंटता है। अब जो भी भोपाल या दिल्ली से पैसा आएगा वह अब इंदौर के विकास के लिए काम आएगा।





### कांग्रेस के शासन में काम होते ही नहीं थे, तो गलती भी नहीं होती थी : महापौर

महापौर ने कहा कि कांग्रेस के विद्वान सदस्यों ने हर बैठक में हमारे विकास के कार्यों में गलती बताई। मैं विपक्ष के नेताओं का धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने हमारे प्रयासों को समझा। मैं यह मानता हूं कि कांग्रेस के शासन काल में किसी भी प्रकार की कोई गलती नहीं हुई क्योंकि तब काम ही नहीं होता था, तो गलती होने का प्रश्न हीं नहीं खड़ा होता था। महपौर की इस बात पर विपक्ष ने आपत्ति जाहिर की। महापौर ने आगे कहा महपौर ने आगे कहा कि जब हम इंदौर छोड़कर किसी और शहर में जाते हैं तो हमें सबसे पहले याद आती है इंदौर की स्वच्छता और हमारी जनभागेदारी। हमारा इंदौर अब ग्लोबल प्लेटफॉर्म पर है जो स्वच्छता और नवाचार का रोल मॉडल बना है।

## संक्षिप्त समाचार

### लगभग 11 हजार ग्रामीण कृषकों ने लिया मात्र 5 रुपये में कृषि पंप का कनेक्शन

**भोपाल, निप्र।** ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है कि ग्रामीण कृषि उपभोक्ताओं को विद्युत वितरण कंपनी मात्र 5 रुपये में स्थायी कृषि पंप कनेक्शन उपलब्ध करा रही हैं। योजना के शुरू हुई होने से अब तक मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी क्षेत्र में लाभ 10 हजार 963 उपभोक्ताओं को इस योजना का लाभ मिल चुका है। ऐसे कृषक जो विद्युत की उपलब्ध लाइन के समीप स्थित हैं, उनको सुविधानुसार आसानी से स्थाई कृषि पंप कनेक्शन दिया जा रहा है।

### वर्ष 2024-25 में 88 हजार 115 प्रकरण दर्ज, 19410.53 लाख से अधिक की बिलिंग, 11587.17 लाख से अधिक की हुई वसूली

**भोपाल, निप्र।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा वर्ष 2024-25 में विद्युत की चोरी के 88 हजार 115 प्रकरण दर्ज कर 19410.53 लाख से अधिक की बिलिंग की जाकर 11587.17 लाख से अधिक की वसूली की गई है। कंपनी ने बताया कि विजिलेंस टीम द्वारा विद्युत चोरी की अनियमितताओं से संबंधित सूचनाओं के आधार पर की गई जांच में पायी गयी विद्युत चोरी की अनियमितता के आधार पर बिल की गयी राशि तथा प्रकरणों में गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष इजाफा हुआ है। कंपनी ने बताया कि जहां वर्ष 2024-25 में विद्युत चोरी के 88 हजार 115 प्रकरण दर्ज कर 19410.53 लाख से अधिक की बिलिंग सहित 11587.17 लाख से अधिक की वसूली की गई है। वर्ष 2023-24 में 74 हजार 579 प्रकरण के विरुद्ध 19776.48 लाख की बिलिंग की गई, जिसमें से 8632.95 लाख की वसूली हो चुकी है। इस तरह से गत वर्ष की तुलना में 2954.22 लाख की बढ़ोतरी हुई है।

### 10 जल विद्युत गृहों ने उत्पादित की 2757 मिलियन यूनिट बिजली : ऊर्जा मंत्री तोमर

**भोपाल, निप्र।** ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है कि मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी के जल विद्युत गृहों ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में मध्यप्रदेश नियामक आयोग द्वारा निर्धारित वार्षिक उत्पादन लक्ष्य को पार करते हुए बेहतरीन प्रदर्शन किया। मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग ने पॉवर जनरेटिंग कंपनी के जल विद्युत गृहों के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 में 2694 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन करने का लक्ष्य निर्धारित किया था। जल विद्युत गृहों ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 2757 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन किया। जल विद्युत गृहों द्वारा वर्ष 2020-21 के बाद यह उपलब्धि हासिल की। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी की जल विद्युत उत्पादन क्षमता 915 मेगावाट है। मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी के इस उपलब्धि में 90 मेगावाट स्थापित क्षमता के रानी अवंतीबाई सागर जल विद्युत गृह बरगी, 160 मेगवाट स्थापित क्षमता के पेंच जल विद्युत गृह तोतलाडोह, 315 मेगावाट स्थापित क्षमता के बाणसागर-एक टोंस जल विद्युत गृह सिरमौर, 20 मेगावाट स्थापित क्षमता के बाणसागर-4 जल विद्युत गृह झिन्ना, 45 मेगावाट स्थापित क्षमता के राजघाट जल विद्युत गृह और 60 मेगावाट स्थापित क्षमता के मरहीखेड़ा जल विद्युत गृह ने प्रमुख योगदान दिया। इन सभी विद्युत गृहों ने अपने वार्षकि उत्पादन लक्ष्य से अधिक विद्युत उत्पादन किया। बाणसागर--2 जल विद्युत गृह सिलपारा व बाणसागर--3 जल विद्युत गृह देवलोंद ने भी नियामक आयोग के निर्धारित लक्ष्य को हासिल किया। मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी के रानी अवंती बाई सागर जल विद्युत गृह बरगी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए वर्ष 2013-14 के बाद पहली बार नियामक आयोग द्वारा निर्धारित वार्षिक लक्ष्य 508 मिलियन यूनिट की तुलना में 509 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन किया। यह पिछले वर्ष की तुलना में 58 मिलियन यूनिट अधिक है। 37 वर्ष पुराने बरगी जल विद्युत गृह का प्लांट अवेलेबिलिटी फैक्टर 92.5 प्रतिशत रहा।

## मुस्लिम समाज के हर तबके, महिलाओं और गरीबों को प्रतिनिधित्व देगा वक्फ संशोधन बिल : डॉ. सनवर पटेल

### कांग्रेस, सपा और भू-माफिया वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ लोगों को भड़काने का षडयंत्र रच रहे



विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता व मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सनवर पटेल ने गुरुवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकार-वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत वक्फ संशोधन बिल का सभी को स्वागत करना चाहिए।**

इस बिल का विरोध न भारत के मुसलमान कर रहे हैं ना बाकी लोग कर रहे हैं। हर कोई इसका स्वागत कर रहा है। इसका विरोध सिर्फ कांग्रेस और सपा जैसे राजनीतिक दल कर रहे हैं, जो मुस्लिमों के हितैषी नहीं हैं, बल्कि उनका इस्तेमाल वोट बैंक की तरह करना चाहते हैं। इस बिल का विरोध ऐसे लोग भी कर रहे हैं जो वक्फ बोर्ड की आड़ में भू-माफिया बनकर मोटी कमाई कर रहे हैं। यही लोग देश की जनता को भड़काने का षडयंत्र रच रहे हैं। यह बिल वक्फ कानून की विसंगतियां दूर करने के साथ मुस्लिम समाज के गरीबों-महिलाओं और जरूरतमंदों के लिए अंत्योदय का कार्य करेगा। डॉ. सनवर पटेल ने कहा कि यह बिल वक्फ बोर्ड की संपत्तियों के असली हकदारों को उनका हक दिलाने के लिए लाया गया है। वक्फ बोर्ड के कामकाज में वक्फ संशोधन बिल पारदर्शिता लाएगा और वक्फ बोर्ड की आय भी बढ़ेगी। यह संशोधन विधेयक देश के भाईचारे और मुस्लिम समाज के हित व मुस्लिम समाज के जरूरतमंद लोगों के हक में है। सच्चर कमेटी की सिफारिशों का विरोध कर रही कांग्रेस डॉ. सरवर पटेल ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने मुस्लिमों के पिछड़ेपन को दूर करने के लिए वर्ष 2005 में सच्चर कमेटी का गठन किया था, जिसने वर्ष 2006 में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की।

### मुस्लिमों के हर वर्ग का होगा सशक्तीकरण

वक्फ बोर्ड के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सनवर पटेल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी 1995 में वक्फ एक्ट लाई थी और 2013 में चुनाव से ऐन वक्त पहले कांग्रेस सरकार ने उसमें संशोधन किया। मुस्लिमों को वोट बैंक मानने वाली कांग्रेस पार्टी को न मुस्लिम समाज की भलाई की चिंता थी और न वक्फ बोर्ड के कामकाज में पारदर्शिता की फिक्र थी। मुस्लिम समाज के हितों के लिए मोदी सरकार वक्फ संशोधन बिल लाई है। डॉ. पटेल ने कहा कि मुस्लिमों में भी बोहरा, खानी, पसमांदा जैसे कई समाज हैं, लेकिन इन्हें वक्फ बोर्ड में कोई प्रतिनिधित्व प्राप्त नहीं था। यह मुस्लिम समाज के ही अंग हैं जिनको वर्तमान वक्फ अधिनियम में कोई प्रतिनिधत्व नहीं था। डॉ. पटेल ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा लाए गए वक्फ संशोधन बिल से इन वर्गों के साथ-साथ महिलाओं को भी वक्फ बोर्ड में प्रतिनिधित्व मिल सकेगा। इससे महिला सहित सभी वर्गों का सशक्तीकरण होगा। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित संशोधनों के बाद वक्फ बोर्ड को लगभग 12000 करोड़ की आय होने का अनुमान है और ये पैसे मुस्लिम समाज के ही काम आएगा।

## अब तक किसानों से 10 लाख 25 हजार मीट्रिक टन से अधिक हुई गेहूं खरीदी

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर प्रदेश में अभी तक एक लाख 25 हजार 631 किसानों से 10 लाख 25 हजार 735 मीट्रिक टन गेहूँ का उपार्जन किया जा चुका है।**



किसानों को उपार्जित गेहूँ का भुगतान भी लगातार किया जा रहा है। अभी तक 1794 करोड़ 82 लाख रूपये का भुगतान किसानों को किया जा चुका है। गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रूपये है और राज्य सरकार द्वारा 175 रूपये प्रति क्विंटल बोनस दिया जा रहा है। इस तरह से गेहूँ की खरीदी 2600 रूपये प्रति क्विंटल की दर से की जा रही है। जिला उज्जैन में एक लाख 93 हजार 362, सीहोर में एक लाख 61 हजार 737, देवास में 90 हजार 740, शाजापुर में 92 हजार 613, इंदौर में 69 हजार 558, भोपाल में 74 हजार 75, राजगढ़ में 66 हजार 47, मंदसौर 42 हजार 909, आगर मालवा में 40 हजार 550, धार में 33 हजार 249, विदिशा में 54 हजार 474, हरदा में 24 हजार 45, खण्डवा में 16 हजार 654, रतलाम में 19 हजार 743, नीमच में 6362, नर्मदापुरम में 8140, झाबुआ में 5710, रायसेन में 14183, बैतूल में 2431, दमोह में 3557, खरगौन में 565, गुना में 1057, सागर में 1053, नरसिंहपुर में 221, छिंदवाड़ा में 185, अशोकनगर में 119, सिवनी में 1313, सतना में 926, मण्डला में 90, दतिया में 43 और अलीराजपुर में 24, मीट्रिक टन गेहूँ का उपार्जन किया जा चुका है। इस वर्ष अभी तक न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिये 15 लाख 9 हजार से अधिक किसानों ने पंजीयन करवाया है। किसान अब 9 अप्रैल तक पंजीयन करा सकते हैं।

### मुख्यमंत्री से मुस्लिम समाज के प्रतिनिधिमंडल ने की सौजन्य भेंट

## मुख्यमंत्री को लोकसभा में वक्फ बिल पारित होने पर बधाई देकर धन्यवाद ज्ञापित किया

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से गुरूवार को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में मध्यप्रदेश वक्फ़ बोर्ड के चेयरमैन डॉ. सनवर पटेल के नेतृत्व में मुस्लिम समाज के एक प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य भेंट की।**

प्रतिनिधि मंडल ने लोकसभा में वक्फ़ बिल पारित होने पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह, केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री डॉ. यादव को धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को बधाई और शुभकामनाएं देकर एक स्वर में कहा कि बिल से मुस्लिम समाज के गरीब और जरूरतमंद लोगों को उनका जायज़ हक मिलेगा। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को बताया कि बिल के पारित होने से मुस्लिम समाज की संपत्तियों को कानूनी सुरक्षा प्राप्त होगी। इससे समाज के कमजोर तबके को न्याय मिलने का मार्ग प्रशस्त होगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि राज्य सरकार समाज के सभी वर्गों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि वक्फ़ संपत्तियों के उचित संरक्षण, नियोजन और उनके न्यायोचित उपयोग के लिए सरकार हरसंभव प्रयास करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए समुचित कदम उठाए हैं। उसी में वक्फ बोर्ड के नियम में इस प्रकार के संशोधन/प्रावधान करना जरूरी थे। वास्तविक गरीब से गरीब आदमी को वक्फ बोर्ड से लाभ मिले, खासतौर पर जरूरतमंद लोगों को। उन्होंने कहा कि कुछ शक्ति सम्पन्न लोगों ने अपने हित में वक्फ की सम्पत्ति पर अवैध कब्जे कर लिए थे, ताकि उनका आधिपत्य और वक्फ की सम्पत्ति पर दखल हमेशा बना रहे। यह ठीक किया जाना जरूरी था। इन सब व्यवस्थाओं में बदलाव के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने बड़ी शुरूआत की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वक्फ़ समिति के अध्यक्ष, सभी पदाधिकरियों को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने भोपाल शहर के मुस्लिम समाजजनों के बीच इस तथ्य को मजबूती के साथ सबके सामने रखा है। उन्होंने कहा कि समाज के कल्याण और गरीबों को उनका वाजिब हक़ दिलाने के लिए सबके साथ खुले मन से चर्चा करके सबके हित में निर्णय लेना जरूरी था और यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि देश की सबसे बड़ी पंचायत लोकसभा में यह बिल पारित हो गया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा और राज्य सभा खुलकर चर्चा कर नियम-कानून और व्यवस्था बनाने के लिए ही जानी जाती है। लोकसभा में बहुमत से यह बिल पारित हुआ है। वक्फ बोर्ड संशोधन बिल के मूल में महिलाओं, गरीबों, जरूरतमंदों और सही अर्थ में वक्फ की ताकत अपने जरूरतमंद मुस्लिम बंधुओं को देने का भाव निहित है।



स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विनय मिश्रा द्वारा श्री बालाजी प्रिंटर्स, एलयूएन शेड नं.21, सेक्टर-एच, गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया, भोपाल से मुद्रित एवं बी-104, शास्त्री नगर, जवाहर चौक, भोपाल से प्रकाशित। संपादक श्रीमती शोभना मिश्रा
स्थानीय संपादक- मनोहर राजपूत, मो. 9425910888, 9826022450 (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा) *पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। डॉक पंजीयन क्रमांक एमपी/आईडीसी/1359/2014-16, RNI. Reg. MPHIN/2013/52154.